वर्ष : 19 | अंक : 302 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

# राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 26 मई, 2024 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

patrika.com

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

SUNDAY GUEST EDITOR

संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

## शास्त्रीय कलाओं में बसती है संस्कृति, सहेजना जरूरी

आधी आबादी यानी महिलाओं की सोच को अखबार में उतारने के लिए राजस्थान पत्रिका की पहल संडे वुमन गेस्ट एडिटर के तहत आज की गेस्ट एडिटर जयपुर घराने की कथक डांसर प्रेरणा श्रीमाली हैं। आप पिछले कई दशक से भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली कथक को देश व विदेशों में पहचान दिलवा रही हैं, उम्र के 60वें दशक में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आपने संस्कृत कवि कालिदास, उर्दू कवि गालिब और अमीर खुसरो सहित कई दिग्गजों की रचनाओं पर काम करते हुए शास्त्रीय, मध्ययुगीन और समकालीन कविता के तत्वों को सहजता से एक साथ बुना है। आपका मानना है कि शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण से ही संस्कृति को सहेजा जा सकता है।



- केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी और राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित
- यूएस के लिंकन सेंटर और कार्नेगी हॉल जैसे नामी रंगमंचों पर दे चुकी हैं प्रस्तुति

*राजस्थान पत्रिका में संडे गेस्ट एडिटर के रूप में मैंने उन महिलाओं की कहानियों को चुना है, जिन्होंने विपरीत सामाजिक परिस्थितियों के बावजूद नृत्य क्षेत्र में नाम कमाया और संस्कृति को सहेजा।*

– प्रेरणा श्रीमाली, लोकप्रिय कथक नृत्यांगना

संडे वुमन गेस्ट एडिटर की पहल आपको कैसी लगी। अपने सुझाव हमें बताएं। वॉट्सऐप नंबर/ई-मेल पर भेजें- 8955003879/ sunday@in.patrika.com

संडे गेस्ट एडिटर की थीम स्टोरीज पढ़ें अंदर के पेजों पर

केंद्र की पहल

## आयुष बीमा के लिए तय होंगे अस्पताल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने लोगों को सस्ती आयुष चिकित्सा उपलब्ध कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। देश के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को आयुष बीमा के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके तहत पंचकर्म से लेकर नेचुरोपैथी तक का लाभ मिल सकेगा। आयुष मंत्रालय ने 27 मई को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में बीमा कंपनियों के सीईओ व आयुष अस्पतालों के मालिकों की बैठक बुलाई है, जिसमें अस्पतालों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू होगी। बैठक में राज्यों के आयुष अधिकारी और इरडा के अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों ने बताया कि आयुष को स्वास्थ्य बीमा के लिए अन्य उपचारों के बराबर रखने के साथ-साथ पॉलिसीधारकों को पसंद के अनुसार उपचार चुनने का विकल्प मिलेगा। बीमा कंपनियां अलग-अलग पॉलिसी के जरिए ऑफर उपलब्ध करा सकती है।

इस योजना का लाभ विदेशों से भारत आने वाले रोगियों को भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अभी स्वास्थ्य बीमा के जरिए मरीज अस्पतालों में एलोपैथी उपचार ले रहे हैं उसी तरह आयुष स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

**गुजरात में हृदय विदारक हादसा : खिलखिलाहट बदली चीत्कार में, शव पहचानना भी मुश्किल**

# मौत का गेम जोन

## भीषण आग में 27 की मौत

■ मरने वालों में नौ बच्चे, 15 को बचाया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**राजकोट. गांधीनगर.** गुजरात के राजकोट शहर के नाना मौवा इलाके में स्थित टीआरपी गेम जोन में शनिवार शाम 4.30 बजे भीषण आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। मरने वालों में कम से कम नौ बच्चे हैं। इस घटना में 15 बच्चों को बचा लिया गया। हादसे के समय गेम जोन में 70 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। अन्य 45 कर्मचारी भी अंदर थे। इनमें से कई अभी भी लापता है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

घटना के बाद मौके पर पहुंची दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गेम जोन में एसी कंप्रेसर फटने के बाद आग लगी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद राज्य के सभी गेम जोन बंद कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना के उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। घटना की एफआइआर दर्ज कर गेम जोन के मैनेजर नितिन जैन और पार्टनर युवराज सिंह सोलंकी को पुलिस ने हिरासत में लिया है







राजकोट. टीआरपी गेम जोन में शनिवार को लगी आग और घायलों को ले जाते चिकित्साकर्मी। हादसे के बाद मौके लगी एंबुलेंस की लाइन।

### संचालकों को हिरासत में लिया ■ राज्य में सभी गेम जोन बंद करने के निर्देश

### डीएनए टेस्ट से होगी पहचान

**अग्निकांड** में जान गंवाने वाले बच्चे पूरी तरह जल गए थे। ऐसे में मृतकों के शव पहचानना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन का कहना है कि ऐसे बच्चों के शव डीएनए टेस्ट के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे।

### एसआइटी करेगी जांच

सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि घटना की जांच एसआइटी करेगी। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को चार लाख व घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

### नहीं थी फायर एनओसी

**घटना** की प्राथमिक जांच में सामने आया कि गेम जोन के पास फायर एनओसी नहीं थी। इतना ही नहीं गेम जोन में फायर फाइटिंग के साधनों का भी अभाव था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दु:ख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को फोन कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि राजकोट में आग लगने की घटना से बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने प्रियजनों को खोया है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी अग्निकांड पर संवेदना व्यक्त की है।

## छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में धमाका, 12 मलबे में दबे

**बेरला/बेमेतरा (छत्तीसगढ़).** बेमेतरा जिले के ग्राम बोरसी के पास स्थित एक स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में शनिवार सुबह 8 बजे धमाका हो गया। धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 12 लोग मलबे में दब गए। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसे में घायल छह लोगों को आंबेडकर अस्पताल, रायपुर रेफर किया है।



**बारूद** कंपनी में शनिवार को धमाके के बाद उठता धुएं का गुबार।

### घरों में आई दरारें

**ग्रामीणों** ने बताया कि धमाके की आवाज 15 किमी. दूर तक सुनी गई। आसपास के गांवों के कई घरों में दरारें आ गईं। हादसे में मजदूर सेवकराम साहू की मौत हो गई है। पुष्पराज, विजय, राजू ध्रुव, समेत कई मजदूर लापता हैं। इनके मलबे में दबे होने की आशंका है। विस्तृत @ 07

न्यूज ब्रीफ

### गरीबी से तंग आकर मां ने नवजात को बेचा

**अगरतला@पत्रिका.** त्रिपुरा में गरीबी के कारण लाचार एक मां को चार दिन की बच्ची को मात्र पांच हजार रुपए में बेच दिया। हालांकि बाद में बच्ची को बचाकर मां को सौंप दिया गया। महिला की पति की मौत पांच माह पहले हो गई थी। इसके बाद उसके सामने खाने की भी दिक्कत पैदा हो गई थी। उसने पांच हजार में एक दंपती को बच्ची को बेच दिया। बाद में लोगों को पता चला तो बच्ची को वापस मां से लौटाया।

### राममंदिर परिसर में मोबाइल पर पाबंदी

**अयोध्या@पत्रिका.** श्री राम मंदिर तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने सुरक्षा और भक्तों की सुविधा के लिए राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।

झरोखा




**जनादेश 2024 : छठे चरण में औसतन 61 प्रतिशत मतदान**

## जम्मू-कश्मीर में 35 साल की रेकॉर्ड वोटिंग, जल्दी होंगे विधानसभा चुनाव

पत्रिका लोकतंत्र का उत्सव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केंद्रों पर मतदाताओं के बीच छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को औसतन 61% मतदान हुआ। इन सीटों पर पिछले चुनाव (64.22%) से इस बार करीब 3% कम मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चले मतदान में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 79.23% वोट डाले गए। शेष@पेज02



**देशभर** में शनिवार को लोकतंत्र के महायज्ञ में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर आहुति दी। रोहतक में नाचते हुए मतदान के लिए पहुंची महिलाएं।

### छठा चरण
### औसत मतदान 60.92 फीसदी

| राज्य | मतदान 2019 | मतदान 2024 | अंतर |
|---|---|---|---|
| ■ बिहार | 58.65% | 55.24% | -3.41% |
| ■ हरियाणा | 70.34% | 59.63% | -10.71% |
| ■ जम्मू-कश्मीर | 08.98% | 54.06% | +45.08% |
| ■ झारखंड | 64.57% | 63.76% | -0.81% |
| ■ दिल्ली | 60.60% | 57.61% | -2.99% |
| ■ ओडिशा | 71.61% | 68.58% | -3.03% |
| ■ उत्तर प्रदेश | 54.58% | 54.03% | -0.55% |
| ■ प. बंगाल | 84.59% | 79.25% | -5.34% |

(अपडेट: रात 11 बजे तक)

पांच चरणों का क्षेत्रवार आंकड़ा जारी

### झूठी कहानियों से माहौल बिगाड़ने की शरारत : आयोग

**चुनाव** आयोग ने मतदान के आंकड़ों को लेकर फैलाए जा रहे अविश्वास को खारिज करते हुए शनिवार को पिछले पांच चरणों में संपन्न पूरे मतदान के आंकड़े जारी कर दिए। आयोग ने आकड़े जारी करने की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय व टिप्पणियों को शक्ति बढ़ाने वाला करार देते हुए कहा कि कोई गड़बड़ी की कैसी भी कल्पना कर ले, लेकिन किसी भी तरह वोटिंग के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। आयोग ने दोहराया कि मतदान के दिन फॉर्म 17 सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ साझा किए वोटों के डेटा को कोई नहीं बदल सकता। शेष@पेज02

**नौतपा का पहला दिन : महागर्मी वाले राज्यों में तापमान 45 डिग्री के पार**

## सूरज ने लगाई हॉफ सेंचुरी, फलौदी@50 डिग्री

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/ जयपुर.** गर्मी का सितम जारी है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों खासकर राजधानी दिल्ली और राजस्थान में लू के थपेड़ों के साथ भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्थ हो गया है। महागर्मी वाले नौ दिन (नौतपा) की शुरुआत के पहले ही दिन शनिवार को राजस्थान में सूर्य देव ने हाफ सेंचुरी लगाई। राजस्थान के फलौदी में अधिकतम तापमान रेकॉर्ड 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस सीजन का रेकॉर्ड है।

देश में अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 51 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र का अनुमान है कि आने वाले दो दिन में लू का असर तेज होगा। शेष@पेज02



**जयपुर.** हवा भी तपी तो तपा महल भी। नौतपा का पहला दिन, हवा महल के सामने पानी का छिड़काव करते निगम कर्मी। फोटो : अनुग्रह सोलोमन

### आज पूर्वी तट पर दस्तक देगा 'रेमिल', सेना अलर्ट

**कोलकाता.** चक्रवाती तूफान रेमल रविवार की रात पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के समुद्र तटों पर दस्तक दे सकता है। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान शनिवार शाम गहरे दबाव में बदल गया। तूफान 110 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कहा कि रविवार आधी रात को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की प्रबल संभावना है। आइएमडी ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। सेना और नौसेना ने किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। शेष@पेज02

मुंबई से सेन फ्रांसिस्को

### 25 घंटे देरी से उड़ा एयर इंडिया विमान

**मुंबई@पत्रिका.** मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट से सेन फ्रांसिस्को जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किल झेलनी पड़ी। बोइंग 777 विमान को शुक्रवार शाम चार बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन इस उड़ान में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 25 घंटे की देरी हुई। यात्री पांच घंटे तक विमान में बैठे रहे। इसके बाद विमान के उड़ान के समय को पुनर्निधारित किया गया और शनिवार शाम को उड़ान भरी। शुरुआत में तकनीक खामियों की वजह से उड़ान में देरी की गई और इसके बाद विमान में बैठे कुछ यात्री बीमार होने लगे और कुछ यात्री इससे उतर गए।

**खुलासा : महिला टीचर की आवाज में करते थे बात**

## ऐप से आवाज बदलकर बुलाया, 7 छात्राओं से बलात्कार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीधी (मध्यप्रदेश).** सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र में आवाज बदलने वाले मैजिक वॉइस एप के जरिए गवर्नमेंट कॉलेज की आदिवासी सात छात्राओं को स्कॉलरशिप झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी एप से कॉलेज की महिला टीचर की आवाज में बात करते थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी बृजेश प्रजापति के सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रजापति पेशे से मजदूर है। उसने यूट्यूब से आवाज बदलने वाले ऐप्स की मदद से आवाज बदलकर छात्राओं को निशाना बनाया।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी और उसके दोस्तों ने कालेज के वॉट्सएप ग्रुप से छात्राओं के नंबर निकाले और रंजना मैम बनकर बात करने लगे। उन्हें स्कॉलरशिप के लिए दस्तावेज देने के लिए सुनसान जगह में बुलाते थे। किसी को इस बात की भनक न लगे इसके लिए वह निश्चित स्थान पर लेने के लिए एक युवक को बाइक से भेजते थे। छात्रा को वहां से लाने के बाद घटना को अंजाम देते थे। आरोपी अभी तक 7 छात्राओं को शिकार बन चुके हैं। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। पुलिस ने मुख्य आरोपी बृजेश प्रजापति, संदीप, राहुल और लवकुश प्रजापति को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपी फरार हैं।

### इस तरह पकड़े आरोपी

**पुलिस** को पीड़िता ने बताया कि बलात्कार करने वाले आरोपी के दोनों हाथों पर जलने के निशान है। पुलिस इसी सुराग से आरोपी तक पहुंचने में सफल रही।

### एसआइटी जांच के आदेश

**सीएम** मोहन यादव ने घटना की एसआइटी जांच के आदेश दिए हैं। टीम पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी और 7-7 दिन में मामले की रिपोर्ट देगी।

**उपलब्धि: कान्स में पहली भारतीय**

## अनसुइया ने जीता सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**मुंबई.** कोलकाता की रहने वाली अभिनेत्री अनसुइया सेन गुप्ता कान्स फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। बल्गेरियाई निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की हिंदी भाषा की फिल्म द शेमलेस की अभिनेत्री अनसुइया ने 2024 कान्स फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टन रिगार्ड कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतकर इतिहास रचा। वह इस कैटेगरी का टॉप अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं। अनसुइया ने यह अवॉर्ड दुनियाभर में समलैंगिक समुदाय और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को समर्पित किया है।

**राहत : आयरन मैन की तरह डिजाइन की आर्म**

## जॉर्डन बना हीरो आर्म लगाने वाला सबसे छोटा इंसान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**वाशिंगटन.** अमरीका के लॉग आइलैंड में रहने वाला पांच वर्षीय जॉर्डन मैरोटा दुनिया का सबसे कम उम्र में बायोनिक हीरो आर्म लगवाने वाला बालक बन गया है। जॉर्डन की मां ने बताया कि जब पैदा हुआ तो उसके बायां हाथ नहीं था। उसकी इच्छा थी कि उसकी बायोनिक आर्म मार्बल के हीरो आयरन मैन जैसी हो। इस पर उसकी हीरो आर्म को लाल और सुनहरे रंग से डिजाइन किया गया है। जॉर्डन अब हीरो आर्म से सभी आवश्यक कार्य कर सकेगा। ओपन बायोनिक्स के प्रमाणित प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट डैनियल ग्रीन ने बताया कि आम तौर पर यह कृत्रिम हाथ बड़े बच्चों को लगाए जाते हैं।

**खोज : ग्रह का तापमान मात्र 42 डिग्री**

## अंतरिक्ष में 40 प्रकाश वर्ष दूर मिला पृथ्वी जैसा ग्रह

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**नई दिल्ली.** खगोल वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष दूर एक नए ग्रह की खोज की है। ग्लिसे 12 बी नामक यह ग्रह पृथ्वी से थोड़ा छोटा और शुक्र ग्रह से बड़ा है। इसका तापमान 42 डिग्री सेल्सियस होने का अनुमान है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस ग्रह पर मानव रह सकता है। इसकी सतह पर पानी होने की भी संभावना है। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स एंड मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में प्रकाशित दो शोधों के मुताबिक ग्लिसे एक तारे की परिक्रमा कर रहा है। इस तारे का आकार हमारे सूर्य का करीब 27% और तापमान 60% है।

**हादसा : केरल घूमने आए थे पर्यटक**

## गूगल मैप ने दिया धोखा, उफनती नदी में गिरी कार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**कुरुप्पनथारा (केरल).** लोग अनजान जगहों पर यात्रा करने के लिए गूगल मैप का इस्तेमाल करते हैं। मगर केरल के कुरुप्पनथारा में गूगल मैप का सहारा लेना पर्यटकों को भारी पड़ गया और उनकी गाड़ी नदी में जा गिरी। हैदराबाद से आए पर्यटक शुक्रवार को अलप्पुझा की ओर जा रहा था। वे सभी गूगल मैप का सहारा ले रहे थे लेकिन गूगल मैप पर गलत जानकारी होने से उनकी गाड़ी उफनती नदी में जा गिरी। हादसे में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि पुलिस के गश्ती दल और लोगों ने चारों को नदी से निकाल लिया।

## मारपीट कर युवक पर कार चढ़ाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर @ पत्रिका.** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने मारपीट कर युवक पर कार चढ़ाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेश यादव (28) धोलीवालों की ढाणी, गोविन्दपुरा, सांगानेर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से मारपीट के लिए उपयोग में लिया पाइप भी बरामद कर लिया है। आरोपी सरेराह मारपीट कर गुंडागर्दी में नाम कमाना चाहता है।

### यह था मामला

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी अमित शर्मा ने रिपोर्ट थी कि उसका भाई जय शर्मा 26 अप्रेल को रात 11 बजे अपने ससुर से मिलकर मानसरोवर से वाटिका रोड स्थित घर आ रहा था। जब वह मीना चौक वाटिका रोड पहुंचा तो एक कार सवार व्यक्ति ने उसे हाथ देकर रोका और गाड़ी से उतरकर उसके साथ लोहे के पाइप से मारपीट की और उसके ऊपर कार चढ़ा दी।

## ग्रह-नक्षत्र

**ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार**

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1445
मु. मास: जिल्काद-17
अयन: उत्तरायण
ऋतु: ग्रीष्म
मास: ज्येष्ठ
पक्ष: कृष्ण

**रविवार, 26 मई, 2024**
**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| 3 | शु. गु.2 सू. | 1 बु. |
| 4 | 5 | रा. 12 मं. |
| 6 के. | 8 | 11 श. |
| 7 | | 9 चं. 10 |

**श्रेष्ठ चौघड़िए** आज प्रात: 07-20 से दोपहर 12-24 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-05 से अपराह्न 03-46 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-56 से दोपहर 12-50 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**तिथि** तृतीया जया संज्ञक तिथि सायं 06-07 तक, तदन्तर चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। तृतीया तिथि में अन्नप्राशन, गान-विद्या, सीमन्तकर्म, चित्रकारी, तथान्य मांगलिक कार्यादि शुभ व सिद्ध होते हैं। पर मांगलिक कार्यों के लिए अभी समय शुद्ध नहीं है।

**नक्षत्र** मूल ''तीक्ष्ण व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र पूर्वाह्न 10-36 तक, तदन्तर पूर्वाषाढ़ा ''उग्र व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। मूल गण्डान्त संज्ञक नक्षत्र भी है। मूल नक्षत्र में कुआं, बावड़ी व कृषि सम्बन्धी कार्य और पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में उपरोक्त कार्यों सहित विग्रह और साहसिक कार्यादि सिद्ध होते हैं।

| योग | विशिष्ट योग | करण |
|---|---|---|
| साध्य नामक नैसर्गिक शुभ योग प्रात: 08-30 तक, तदन्तर शुभ नामक नैसर्गिक शुभ योग है। | सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से पूर्वाह्न 10-36 तक तदन्तर सायं 06-07 तक राजयोग नामक शुभ योग रहेगा। | वणिज नामकरण प्रात: 06-33 तक, तदुपरान्त सायं 06-07 तक भद्रा व इसके बाद बव-बालवादिक करण होंगे। |

**व्रतोत्सव** आज चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10-14 पर), मां आनन्दमयी जयन्ती तथा गण्डमूल प्रात: 10-36 तक है।

**चन्द्रमा:** चन्द्रमा धनु राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**दिशाशूल:** रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पूर्व दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-27,मई: पं. जवाहर लाल नेहरू पुण्य दिवस।

मंगलवार-28,मई: वीर सावरकर जयन्ती तथा महापात सायं 07-52 से रात्रि 01-20 तक।

बुधवार-29,मई: चौ. चरण सिंह पुण्य दिवस तथा पंचक प्रारम्भ रात्रि 08-06 से।

गुरुवार-30,मई: वैधृति पुण्यं, पंचक तथा कालाष्टमी।

शुक्रवार-31,मई: दादूदयाल पुण्यं दिवस, पंचक, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, मेला चनानी माता, त्रिलोक नाथ अष्टमी।

शनिवार-01,जून: पंचक, बच्चों का सुरक्षा दिवस तथा गण्डमूल प्रारम्भ रात्रि 03-16 से।

रविवार-02,जून: अपरा एकादशी व्रत, भद्रकाली एकादशी (पंजाब) जलक्रीड़ा एकादशी (उड़ीसा), पंचक रात्रि 01-40 तक, तथा गण्डमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त** **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज मूल नक्षत्र में आठवां पूजन, पुंसवन व सीमन्त कर्म आदि के यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

सोमवार-27,मई: प्रसूतिस्नान (पंचमी में), नामकरण, अन्नप्राशन व विपणि-व्यापारारम्भ उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में।

मंगलवार-28,मई: प्रसूतिस्नान उ.षा. में, आठवां पूजन, पुंसवन, सीमन्त कर्म श्रवण में, शल्य चिकित्सा श्रवण में तथा हलप्रवहण का उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में।

बुधवार-29,मई: नामकरण श्रवण व धनिष्ठा में तथा अन्नप्राशन धनिष्ठा सप्तमी तिथि में।

शुक्रवार-31,मई: हलप्रवहण शतभिषा नक्षत्र में।

**वारकृत्य कार्य** रविवार को सामान्यरूप से राज्याभिषेक, उत्सव (गाना-बजाना), नई-सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मन्त्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

### आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (भो, भू, धा, फा, ढ़ा) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि धनु है। धनु राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इनका जन्म ताम्रपाद से है। सामान्यत: ये जातक बुद्धिमान, परोपकारी, यशस्वी और अल्प क्रोधी होते हैं। इनका भाग्योदय 28वें वर्ष में होता है। धनु राशि वाले जातकों के यात्रा के संयोग बनेंगे। राशि स्वामी बृहस्पति छठे होने से शत्रुभय और खर्चा अधिक होगा।

### सहकारी विभाग: सरकार के खिलाफ कोर्ट पहुंचे अधिकारी

# निलंबन के सरकारी आदेश अपास्त, एक ही सीट पर दो-दो अधिकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** एक ही सीट पर दो-दो अधिकारी, जी हां इन दिनों सहकारी विभाग में ऐसी स्थिति बनी हुई है। नई सरकार आते ही जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिन दो वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार ने निलम्बित किया वे वापस अपनी सीट पर आ जमे हैं। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण ने सरकार के आदेश निरस्त कर दिए हैं। अब सरकार की ओर से नए आदेश जारी नहीं होने की स्थिति में एक ही सीट पर दो-दो अधिकारी बैठे हैं।

नई सरकार ने आते ही फरवरी में आदेश जारी कर जयपुर के खंडीय रजिस्ट्रार श्यामलाल मीना को नौ फरवरी को निलम्बित किया था। हालांकि उन्हें निलम्बित किस प्रकरण में किया इसका जिक्र नहीं किया गया। सरकार ने इसके बाद 23 फरवरी को जयपुर खंडीय रजिस्ट्रार के पद पर गुंजन चौबे का पदस्थापन किया। उधर, श्यामलाल मीना ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण में निलम्बन आदेश के खिलाफ अपील की। कुछ सप्ताह पहले उनके परिवाद पर अधिकरण ने राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। ऐसे में श्याम लाल मीना ने वापस उसी पद पर जॉइन कर लिया। अब जयपुर खंडीय रजिस्ट्रार पद पर गुंजन चौबे व श्याम लाल दोनों पदस्थापित हैं।

### एसीबी मामले से विवाद में आए केके मीना ने किया उसी पद पर जॉइन

**जालोर** में पदस्थापन के दौरान आई शिकायतों पर सरकार ने डिप्टी रजिस्ट्रार जयपुर शहर के.के. मीना को 31 जनवरी को निलम्बित किया था। इसके बाद मीना के खिलाफ एसीबी में एफआइआर भी दर्ज हो गई। सरकार ने डीआर जयपुर शहर के पद पर हरप्रीत कौर को पदस्थापित किया। उधर, के.के. मीना ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण में अपील कर सरकार के आदेश को अनुचित बताया। कहा कि आदेश में यह भी नहीं बताया कि किन नियमों के तहत यह कार्रवाई की गई है। अधिकरण ने सरकार के आदेश को स्थगित किया और कहा कि अधिकारी उसी पद पर कार्यरत रहेंगे जहां से उन्हें निलम्बित किया गया था। इस आदेश के बाद के.के. मीना शुक्रवार को मिनी सचिवालय स्थित डिप्टी रजिस्ट्रार जयपुर शहर कार्यालय पहुंचे। उनके वहां पहुंचते ही हरप्रीत कौर कार्यालय से चली गईं। केके मीना ने जॉइन किया। कुछ घंटे बाद हरप्रीत कौर आईं और वे भी उसी कमरे में बैठ गईं।

### गांधी नगर थाना इलाके का मामला

## छात्रों की दादागिरी... ऑटो में बैठे, किराया मांगा तो चालक को पीटा

**जयपुर @ पत्रिका.** गांधी नगर थाना इलाके में यूनिवर्सिटी मोड़ के पास शुक्रवार देर रात किराया मांगने की बात को लेकर हॉस्टल के छात्रों ने ऑटो चालक से मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया। लाठी और डंडों से पीटने के बाद उसे सड़क पर पटक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसएमएस अस्पताल भिजवाया।

ऑटो चालक का हाथ में फ्रेक्चर हो गया और शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि झालाना निवासी हंसराज शर्मा शुक्रवार को गौरव टावर से रात को सवारी लेकर झालाना आ रहा था। यूनिवर्सिटी मोड़ पर तीन लड़कों के उतरने के बाद उसने पैसे मांगे। इस पर उन्होंने अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट कर ऑटो रिक्शा के कांच तोड़ दिए। हंसराज ने बताया कि ऑटो रिक्शा के कांच तोडने के बाद आरोपी उसे हॉस्टल ले गए और वहां भी मारपीट की।



**ऑटो चालकों से आए दिन हो रही मारपीट**

**घटना** से गुस्साए ऑटो रिक्शा चालकों ने शनिवार को अपने वाहनों को यूनिवर्सिटी मोड़ के पास किनारे लगा दिया। इन लोगों ने मांग की कि मारपीट करने वाले छात्रों को गिरफ्तार करे। ऑटो चालक रोहित ने बताया कि 13 मई को जीटी से छात्र बैठे थे। जब उनसे किराया मांगा तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। ऑटो चालक मंजूर ने बताया कि शुक्रवार को हॉस्टल के छात्रों से किराए के पैसे मांगे तो वह गाली गलौज कर बिना किराया दिए चले गए। हॉस्टल के छात्र आए दिन उनके साथ मारपीट करते हैं।

### अलग-अलग संगठनों की गुटबाजी हावी

## मुहाना मंडी में द्वितीय फेज शिफ्टिंग को लेकर एकजुट नहीं व्यापारी

**जयपुर @ पत्रिका.** मुहाना स्थित सब्जी और फल मंडी में द्वितीय फेज शिफ्टिंग को लेकर व्यापारिक संगठन अलग-अलग गुटों में बंट चुके हैं। शनिवार को फल-सब्जी संयुक्त व्यापार संघ की मुहाना मंडी में बैठक हुई। दूसरे चरण में आवंटित करीब 800 दुकानदारों में से 70 व्यापारियों ने शपथ पत्र दिए। सोमवार से द्वितीय फेज में व्यापार संघ की ओर से व्यापार चालू किया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष पप्पूलाल प्रजापति ने बताया कि द्वितीय फेज का व्यापार चालू होने के बाद यदि कोई व्यापारी जिसकी द्वितीय फेज के अंदर दुकान आवंटित है और वह प्रथम फेज में व्यापार करता है तो दुकान का आवंटन रद्द होगा। किसी मुलभूत सुविधा की आवश्यकता होगी उनके लिए प्रशासन से बात करके सुचारू कराया जाएगा। छह महीने के अंदर प्रशासन से वार्ता कर डोम की व्यवस्था भी करवाई जाएगी।

इधर जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ के व्यापारियों ने कहा कि फल सब्जी संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष खुद इसकी शुरुआत करें। सर्वप्रथम वे अपने वर्तमान स्थल को छोडकर खुद की दुकान पर व्यवसाय शुरू करें, वे अन्य व्यापारियों से शपथ पत्र भरवा रहे हैं।

द्वितीय फेज के व्यापारी सब्जी, फ्रूट और आलू ब्लॉक में भी है और लालकोठी सहित अन्य मंडी में हैं। सभी को मिलकर द्वितीय फेज में व्यवसाय करना चाहिए। इसके साथ ही जयपुर फल सब्जी थोक विक्रेता संघ के व्यापारी भी द्वितीय फेज में शिफ्ट होंगे। मंडी प्रशासन पूरी तरह से व्यापारियों के लिए सुविधाएं विकसित करें। वर्तमान में मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में द्वितीय फेज में शिफ्टिंग के बाद व्यापार प्रभावित होगा। मंडी में व्यवस्थाओं के सुधार के लिए व्यापारी सहयोग कर रहे हैं। डिमार्केशन के बाद फुटकर व्यापारी एक लाइन में व्यापार कर रहे हैं।

## पेज 1 का शेष

### जम्मू-कश्मीर में...

वहीं सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर लोकतंत्र में भागीदारी निभाई। अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भारी सुरक्षा के बीच 54.06 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले, जो 35 वर्ष का रेकॉर्ड है। इससे पहले, श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रेकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया था। इससे प्रोत्साहित मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि 'जम्मू कश्मीर में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग बड़ी संख्या में मतदान करने आ रहे हैं। लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही हैं। लोग अपनी सरकार के योग्य हैं। हम बहुत जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू करेंगे।'

छठे चरण में चुनाव लड़ रहे कुछ प्रमुख प्रत्याशियों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी गायक एवं भाजपा उम्मीदवार निरहुआ, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज हो गया है।

**जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत**
2004- 15.04
2009- 27.10
2014- 28.84
2019- 8.96
2024- 54.06 (रात 11 बजे तक के आंकड़े)

### झूठी कहानियों...

आयोग ने कहा कि सभी उम्मीदवारों के पास फार्म सी के जरिए वोट के आंकड़े उपलब्ध रहते हैं। इसी तरह 'वोटर' ऐप पर मतदान के आंकड़े सातों दिन चौबीसों घंटे आम नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं। झूठी कहानियों और माहौल बिगाड़ने की शरारती चालों के पैटर्न दिख रहा है।

### सूरज ने...

एक से दो डिग्री तक और पारा बढ़ेगा। महागर्मी से प्रभावित राज्यों के ज्यादातर हिस्सों में तापमान 45 डिग्री के पार जा चुका है। अगले कुछ दिनों में इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं। अनुमान है कि 29-30 मई से विभिन्न राज्यों में तापमान में गिरावट हो सकती है।

### आज पूर्वी...

कोलकाता एयरपोर्ट ने रविवार दोपहर 12 बजे से सोमवार सुबह 9 बजे तक 21 घंटों के लिए उड़ानें रोक दी हैं। मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। आइएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई को पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों दक्षिण और उत्तर 24 परगना के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यहां कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में बैठक हुई। एनडीआरएफ ने 12 टीमों को तैनात किया है। पांच अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। जहाजों और विमानों के साथ सेना, नौसेना और तटरक्षक बल की बचाव और राहत तैयार हैं। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात का नामकरण इस बार ओमान ने किया है। रेमल एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ 'रेत' है।

## कॅरियर की उड़ान me.next...

### राम मनोहर लोहिया अस्पताल

## रेजिडेंट के 255 पदों पर भर्ती

राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने जूनियर रेजिडेंट (नॉन एकेडमिक) रेगुलर के 255 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो ऑफलाइन भरे जाएंगे। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 5 जून है। अभ्यर्थी वेबसाइट https://rmlh.nic.in/ पर जाकर जानकारी ले सकते हैं। रिक्त पदों में सामान्य वर्ग के 108, ईडब्लूएस के 24, ओबीसी के 60, अनुसूचित जाति के 43, अनुसूचित जनजाति के 20 पद शामिल हैं। राम मनोहर लोहिया और अटल बिहारी बाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में निकले इन पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को किसी मान्यता विश्वविद्यालय से एमबीबीएस होना चाहिए। सामान्य और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 800 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। ईडब्ल्यूएस/एससी/ एसटी और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को फीस नहीं देनी है। आवेदन सेंट्रल डायरी एंड डिस्पैच सेंटर, गेट नंबर 3, एबीवीआईएमएस एंड डॉ. आरएमएल हॉस्पिटल, नई दिल्ली भेजने होंगे। आवेदन फॉर्म के लिफाफे पर पोस्ट का नाम लिखना अनिवार्य है।

भर्ती संबंधी जानकारी लेने के लिए क्यू आर कोड
स्कैन करें

### इंटरव्यू के आधार पर होगा चयन

आयुष मंत्रालय द्वारा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में कई पदों पर भर्ती निकली है। यह भर्ती पूर्णतया अस्थाई अनुबंध के आधार पर की जा रही है। अभ्यर्थी संस्थान द्वारा 29 मई से 5 जून के बीच आयोजित किए जाने वाले इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी पदों से संबंधित जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट http://www.yogamdniy.nic.in/ से ले सकते हैं। इंटरव्यू मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, 68, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 में होंगे।

### डेट रिमाइंडर

- **एआइसीटीइ**
  **आवेदन प्रक्रिया**
  **अंतिम तिथि:** 20 जून
- **एनएलसी**
  **पद: इंडस्ट्रीयल ट्रैनी**
  **अंतिम तिथि:** 15 जून
- **डीआरडीओ**
  **पद: असिस्टेंट**
  **अंतिम तिथि:** 31 मई
- **इंडियन आर्मी**
  **पद: लेफ्टिनेंट**
  **अंतिम तिथि:** 13 जून
- **बीएसएफ**
  **पद: ग्रुप बी और सी**
  **अंतिम तिथि:** 17 जून

### जल विद्युत विकास संगठन एनएचपीसी लिमिटेड

## आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई

जल विद्युत विकास संगठन एनएचपीसी लिमिटेड में 64 आइटीआइ अप्रेंटिस के पदों पर आवेदन प्रक्रिया चल रही है। यह भर्ती टनकपुर पावर स्टेशन के लिए होनी है। अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ पर जाकर 30 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें वेल्डर, स्टेनोग्राफर, प्लंबर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, वायरमैन, टर्नर समेत अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए अभ्यर्थी का 10वीं कक्षा के साथ साल 2019-24 के बीच आइटीआइ पास होना जरूरी है। साथ ही, अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 25 वर्ष तय की है। आरक्षित वर्ग को आयु सीमा में छूट दी जाएगी। अभ्यर्थी पहले अप्रेंटिस वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करें, उसके बाद आवेदन फॉर्म डी.वाई मैनेजर तनकपुर पावर स्टेशन, एनएचपीसी लिमिटेड, बनबसा, चंपावत जिला, पिन-262310 पर भेजना होगा।

भर्ती संबंधी जानकारी लेने के लिए क्यू आर कोड
स्कैन करें

### आइडब्ल्यूएआइ

## तीन पदों के लिए अधिसूचना जारी

मिनिस्ट्री ऑफ पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज के भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने 3 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। अभ्यर्थी 19 जून से पहले ऑफिशियल वेबसाइट https://iwai.nic.in/hi पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसमें सीनियर कंसल्टेंट (कम्यूनिकेशन)-35 , एग्जीक्यूटिव (ग्राफिक्स)-22 और एग्जीक्यूटिव (कंटेंट एंड सोशल मीडिया) पदों के लिए आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह भर्ती संविदा पर के आधार पर होगी।

### एपीपीएससी

## 5 जून से पहले करें आवेदन

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग राज्य भर में जूनियर स्पेशलिस्ट (एलोपैथी) के 103 पदों पर भर्ती कर रहा है। योग्य अभ्यर्थी 5 जून 2024 तक ऑफिशियल वेबसाइट https://appsc.gov.inपर जाकर आवेदन कर सकते हैं। एपीएसटी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 150 और अन्य अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपए तय किया है। पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है। पदों से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट विजिट पर करें।

# साप्ताहिक फलादेश 26 मई से 01 जून, 2024

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

### मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

**मूल** नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह घनिष्ठ मित्र से आर्थिक प्रकल्पों पर चर्चा करवाएगा। परम्परा से हटकर कुछ नया करने का व्यावसायिक अनुक्रम खोजेंगे। आर्थिकता को केन्द्र में रखेंगे। व्यापार में मण्डी से जुड़े विशेष सौदे लाभकारी होंगे। नौकरी में वरिष्ठ पद मिलेगा।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 3, 7
**शुभ रंग :** गहरा पीला **दिशा:** उत्तर, पूर्व
**विशेष सलाह :** प्रयासों में दूरदर्शिता का समावेश करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**समसप्तक** चन्द्रमा धन से संबंधित समस्याओं का निराकरण करवाएगा। स्वास्थ्य के मामले में भी अच्छा अनुभव होगा। परिवार में आर्थिक सहायता दे सकेंगे। व्यापार में आढ़त से जुड़े बायबैक के सौदे लाभ दे सकते हैं। नौकरी में वाक चातुर्य बड़ी जिम्मेदारी से निभाएंगे।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 4, 8
**शुभ रंग :** फिरोजी **दिशा:** वायव्य
**विशेष सलाह :** अनुकूल परिस्थितियों का लाभ लें।

### सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**अनुकूल** परिस्थितियां नए रास्ते तय करवाएंगी। कुछ मामलों में मनोनुकूल सफलता मिल सकती है। अपने भविष्य के संबंध में विशेष चिन्तन करना भी आवश्यक रहेगा। व्यापार में नए भागीदार रास्ता दिखा सकते हैं। नौकरी में सहयोगियों को अनुकूल बनाकर चलें, सफल होंगे।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 1, 5
**शुभ रंग :** गहरा नीला **दिशा:** मध्यदक्षिण
**विशेष सलाह :** आसपास तथा हितैषियों के विचार सुनें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

**कुछ** अलग प्रकार के लोगों से मुलाकात संभावित है। व्यावहारिक पक्ष से विपरीत लोगों से मिलने पर आश्चर्य होगा। कहीं-कहीं कुछ विचारधारा को अपना सकेंगे। व्यापार में पश्चिमी संस्कृति का बाजार लाभ दे सकता है। नौकरी में विशेष परियोजना का हिस्सा बन सकते हैं।

**शुभ दिन :** शनिवार **शुभ अंक :** 6, 8
**शुभ रंग :** गहरा काला **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** अनुभव तथा शिक्षा के माध्यम से समझें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

**राशि** पर चन्द्रमा का गोचर वैचारिक परिवर्तन करवाएगा। कुछ रुके कार्य तेजी से संपादित होंगे। आर्थिक मामलों में बड़ा निवेश संभावित है। आर्थिक गति को बढ़ाने का अन्य मार्ग भी खोजेंगे। व्यापार में फ्लोर मिल से जुड़े विदेशी निवेश का लाभ मिलेगा। नौकरी में वरिष्ठों के सहयोग से सफलता।

**शुभ दिन :** रविवार **शुभ अंक :** 3, 9
**शुभ रंग :** हल्का नीला **दिशा:** मध्यपूर्व
**विशेष सलाह :** बिना अवरोध के अपने कार्य को साध लें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**बाहरी** प्रपोजल एक नई डेस्टिनेशन बन सकती है। हिम्मत रखते हुए प्रपोजल पर चिन्तन करें। यदि संभावित हो तो दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं। व्यापार में ऑयल और नेचुरल गैस का बाजार अपलिफ्ट का लाभ देगा। नौकरी में प्रतीक्षित पदोन्नति संभावित है।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 6
**शुभ रंग :** मेहरून **दिशा:** वायव्य
**विशेष सलाह :** परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय लें।

### वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**योग्यता** का परीक्षण करने वाले बहुत मिलेंगे। शिक्षा और योग्यता को कम आंकने का प्रयास किया जाएगा, किन्तु हाजिर जवाब और लिए गए निर्णय से लोग प्रभावित होंगे। व्यापार में अस्थिरता विचलित कर सकती है, ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन करने का मन बनेगा। छात्रवर्ग को नौकरी में अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 4
**शुभ रंग :** गाजरी लाल **दशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** समय तथा अवसर की प्रतीक्षा करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**कुछ** चुनौतियां धैर्य की परीक्षा लेंगी। दो दिन थोड़ा अस्थिरता का वातावरण हो सकता है। बड़े कार्य के लिए प्रतीक्षा करना उचित रहेगा। गुरुवार लाभकारी है। व्यापार में शुक्रवार के दिन कोई बड़ी डील नया बाजार दिलवा सकती है। नौकरी में परिश्रम का लाभ प्रचुरता से न मिलने पर चिन्ता होगी।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 3, 9
**शुभ रंग :** चमकीला सफेद **दिशा:** मध्यपश्चिम
**विशेष सलाह :** कुछ समय प्रतीक्षा करना अनुकूल रहेगा।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**धीरे-धीरे** स्थितियां अनुकूल बनती जा रही है। अगले सप्ताह किसी विशेष प्रोजेक्ट का आरंभ हो सकता है। एक बिसात बिछाने की आवश्यकता अनुभव होगी। व्यापार में खुदरा बाजार बड़ा लाभ दे सकता है। नौकरी में कार्य पद्धति का संशोधित प्रारूप आपको पदोन्नति देगा।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 1, 4
**शुभ रंग :** हल्का गुलाबी **दशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** समय तथा परिस्थितियों को समझें।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू )

**कार्य** से जुड़ी विदेश यात्रा का संकल्प पूरा हो सकता है। विशिष्ट प्रयास संकल्प की सिद्धि करवा सकता है। अपनी स्किल्स पर ध्यान देकर आगे बढ़ें। व्यापार में कृषि के उपकरणों का बाजार लाभ दे सकता है। नौकरी में प्रशासनिक सहयोग से पदोन्नति होगी। छात्रवर्ग को पंचायत से जुड़े क्षेत्र में अवसर।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 5, 7
**शुभ रंग :** केसरिया **दिशा:** आग्नेय
**विशेष सलाह :** अपने प्रयासों में तेजी लाएं। सफलता के रास्ते खुलेंगे।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**अलग-अलग** प्रकार की विचारधारा दुविधाओं में डाल देगी। बहुत ज्यादा सोचने से निर्णय अस्थिर हो जाएगा। परिस्थिति तथा आत्मबल का चिन्तन अवश्य कर लें। व्यापार में बिना सोचे-समझे भागीदारी से नुकसान संभव है। नौकरी में प्रयास के माध्यम से अनुकूलता हो सकेगी।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 3
**शुभ रंग :** मेहंदी हरा **दिशा :** दक्षिण
**विशेष सलाह :** शांति पुष्टि के साथ संबंधित कार्य का विचार करें।

### मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**कुछ** स्थानों पर प्रतिस्पर्धा दिखाई दे सकती है। कहीं सामाजिक तो कहीं पारिवारिक अनुभव हो सकता है। बुधवार से कोई विशेष योजना आगे बढ़ाएगी। व्यापार में औषधि या वनस्पति से जुड़ा बाजार लाभ देगा। नौकरी में बड़े पद की प्राप्ति संभावित है, प्रयास करें। छात्रवर्ग को शिक्षा प्रकल्पों में अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 7, 8
**शुभ रंग :** समुद्री हरा **दिशा :** उत्तर
**विशेष सलाह :** सभी प्रकार के अनुक्रमों पर ध्यान दें।

## अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं



राहुल गांधी अग्निवीर योजना को लेकर झूठ फैला रहे कि चार साल के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का कोई भविष्य ही नहीं है। दरअसल, योजना है कि 100 बच्चे अग्निवीर बनते हैं तो 25% की तो सीधे सेना में स्थायी नियुक्ति हो जाती है। बाकि 75% को राज्यों सरकारों ने अपनी फोर्स में 10 से 20% आरक्षण दिया है।
**अमित शाह,** केंद्रीय मंत्री

# अंगुली पर लोकतंत्र की स्याही : विशिष्टजनों ने जिम्मेदारी निभाई

### देश की पहली पंक्ति के नागरिकों ने उत्साह से लिया मतदान में भाग






**छठे** चरण के मतदान के दौरान शनिवार को नई दिल्ली के एक बोलिंग बूथ पर देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मतदान किया। पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। राजधानी के ही एक मतदान केंद्र पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार मतदान के बाद अंगुली पर स्याही दिखाते हुए।

### खिलाड़ियों ने भी दिखाया जोश




**रांची** में महेंद्र सिंह धोनी व हरियाणा के चरखी दादरी में बबीता फोगाट ने पिता के साथ वोट दिया।

### मुख्यमंत्रियों ने दिया वोट




**भुवनेश्वर** में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और हिसार में पत्नी के साथ वोट डालने के बाद हरियाणा के सीएम नायब सिंह।

### मां के साथ पहुंचे राहुल गांधी



**मां** और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ वोट डालने के बाद उत्साहित राहुल गांधी।

### हमने निभाया अपना फर्ज




**बूथ पर** सबसे पहले वोट देने पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रमाण पत्र दिखाते हुए और पत्नी के साथ वोट देने के बाद मंत्री हरदीप पुरी।

### 107 साल में ऐसा जोश



**नई दिल्ली** में 107 साल के राधिका प्रसाद मिश्र ने मतदान किया।

### बीच सड़क महबूबा



**अनंतनाग में** समर्थकों को हिरासत में लेने पर सड़क पर बैठ विरोध जतातीं महबूबा मुफ्ती।

### जीत की आस



**रांची** में वोट डालने के बाद हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन।

### प्रियंका, येचुरी व मालीवाल ने दिया वोट





**मतदान** का निशान दिखातीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, माकपा नेता सीताराम येचुरी और आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल।

## इलेक्शन अपडेट

**अकाली दल नेता पार्टी से निष्कासित :** लोकसभा चुनाव के बीच शिरोमणि अकाली दल ने शनिवार को वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आदेश प्रताप सिंह कैरों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित रूप से संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। यह कार्रवाई खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार विरसा सिंह की शिकायत के बाद की गई।

**ईवीएम में तोड़फोड़ पर भाजपा नेता गिरफ्तार :** ओडिशा में पुलिस ने भाजपा के खुर्दा विधायक प्रशांत जगदेव को ईवीएम में कथित रूप से तोड़फोड़ करने के आरोप में हिरासत में ले लिया। जगदेव अपने समर्थकों के साथ बेगुनुआ विधानसभा क्षेत्र के कुआंरीपटना के मतदान केंद्र पर वोट डालने गए थे। मतदान अधिकारी से बहस के बाद कथित तौर पर जगदेव ने ईवीएम में तोड़फोड़ की।

**ईवीएम की बैटरी खत्म :** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के सेंट कोलंबस स्कूल के बूथ पर वोट डालने पहुंचीं माकपा नेता वृंदा करात ने आरोप लगाया कि ईवीएम की बैटरी खत्म होने के कारण एक घंटे इंतजार करना पड़ा। हालांकि निर्वाचन अधिकारी ने कहा, वोटिंग सिर्फ 15 मिनट के लिए रोकी गई थी।

**डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र :** चर्चा में हाईप्रोफाइल सीट, पांच निर्दलीय सहित 12 प्रत्याशी मैदान में

# हैट्रिक के लिए जोर लगा रही तृणमूल कांग्रेस, भाजपा ने की अभिषेक बनर्जी की घेराबंदी




डायमंड हार्बर से
**रवीन्द्र राय**

कोलकाता महानगर से लेकर सागर के करीब तक फैला डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। तृणमूल कांग्रेस में दूसरे नंबर की हैसियत रखने वाले और सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की इस सीट से हैट्रिक लगाने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। वैसे तो इस सीट से 5 निर्दलीय समेत कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, पर अभिषेक की राह में भाजपा के अभिजीत दास (बॉबी), माकपा के प्रतीक उर रहमान और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) के मजनू लस्कर रोड़ा बने हुए हैं। हाईप्रोफाइल के रूप में यह सीट शुरू से चर्चा में है।



**डायमंड** हार्बर मेन रोड, जो हमेशा व्यस्त नजर आता है।

### डायमंड हार्बर मॉडल की चर्चा

अंग्रेजों के जमाने में बसाया गया डायमंड हार्बर कच्चे माल को यूरोप भेजे जाने का केंद्र था। अंग्रेजों ने यहां बंदरगाह बनवाया। इलाके में कल-कारखाने की कमी है। युवा रोजगार की तलाश में महानगर और दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। हालांकि डायमंड हार्बर मॉडल की चर्चा अक्सर होती रहती है।

आइएसएफ के इकलौते विधायक नौशाद सिद्दीकी ने चुनाव घोषणा से पहले ही अभिषेक बनर्जी से दो-दो हाथ करने को कह दिया, पर पार्टी की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण वे पीछे हट गए। जबकि भाजपा ने राज्य में अपने 42 वें उम्मीदवार के रूप में अभिजीत दास (बॉबी) को घोषित किया।

सियालदह (साउथ) स्टेशन से लोकल ट्रेन से करीब डेढ़ घंटे के सफर के बाद जब इस खंड का आखिरी स्टेशन डायमंड हार्बर पहुंचा तो स्टेशन के सामने चश्मा विक्रेता नीलमणि नस्कर से बात हुई। मेरे सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि भाजपा ने कमजोर प्रत्याशी को मैदान में उतारकर एक तरह से ममता बनर्जी के उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी को वॉकओवर देने की कोशिश की है। यदि दमदार प्रत्याशी होता तो बेहद दिलचस्प मुकाबला देखा जाता। ई रिक्शा (बंगाल में टोटो) से कॉलेज की ओर रुख किया। ई रिक्शा चालक रहमत हुसैन से पूछने पर बताया कि यहां अभिषेक दादा के मुकाबले में कोई नजर नहीं आता है। पास से गुजर रहे कोचिंग पढ़ाने वाले निर्मल घोष से चुनावी चर्चा की तो वे बोले कि वैसे तो अभिषेक का तीसरी बार संसद में जाने का सफर आसान लग रहा है, पर उनकी राह में कुछ चुनौतियां भी हैं। आइएसएफ उम्मीदवार के मैदान में उतरने से अल्पसंख्यक वोटों का बंटवारा हो सकता है। इससे तृणमूल को नुकसान हो सकता है। डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र पहले माकपा का किला था, लेकिन 2009 में तृणमूल ने यह सीट माकपा से छीन ली। फिर अभिषेक बनर्जी ने 2014 और 2019 में लगातार दो बार इस सीट से जीत हासिल की।

### क्षेत्र में सत्तारूढ़ पार्टी का दबदबा

18 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार मतदान के पात्र हैं। डायमंड हार्बर के अंतर्गत 7 विधानसभा सीटें हैं जिनमें मटियाब्रुज, बजबज, महेशतला, विष्णुपुर, सतगछिया, फलता और डायमंड हार्बर शामिल हैं। सभी पर टीएमसी का कब्जा है। मटियाब्रुज, बजबज, महेशतला, फलता, सतगछिया मुस्लिम बहुल क्षेत्र हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार क्षेत्र में मुस्लिमों की आबादी करीब 38 फीसदी थी। 12 वर्ष के बाद उनकी संख्या काफी बढ़ गई है। वे क्षेत्र में जीत-हार में निर्णायक स्थिति में नजर आ रहे हैं।

### नंबर गेम

**409 सीटों** में से करीब दो तिहाई यानी 258 सीटों पर मतदान गिरा है इस बार के चुनाव में (पांच चरण तक)। विश्लेषण में सामने आया है कि हर पांचवीं सीट पर इतने भी वोट नहीं पड़े, जितने 2019 में डाले गए थे।

### पॉलिटॉक

**विपक्ष की राजनीति हिंदू विरोधी**

*कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में आरजेडी, बंगाल में टीएमसी की पूरी राजनीति ही हिंदू विरोध पर आधारित है। उनके लिए देश की तुलना में सत्ता अधिक महत्वपूर्ण है। देश की कीमत पर ये दल सत्ता चाहते हैं और कोई भारतीय इसे स्वीकार नहीं करेगा।* **-योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश




**कांग्रेस की तरह भाजपा भी बाहर होगी**

*जैसे लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस अपनी गलत नीतियों के कारण देश और राज्यों में सत्ता से बाहर हो गई, उसी तरह भाजपा भी सत्ता से बाहर हो जाएगी बशर्ते निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हो और वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी न हो। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।* **मायावती,** बसपा प्रमुख

**पक्ष-विपक्ष** | कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने पीएम की जुबान पर उठाए सवाल

# पीएम मोदी बोले-विपक्षी दल वोटबैंक को खुश करने के लिए मुजरा कर सकते हैं, विपक्ष तिलमिलाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार में काराकाट और पाटलीपुत्र की रैलियों में कहा, मैं बिहार की धरती पर घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकारों से वंचित करने और उन्हें मुसलमानों की ओर मोड़ने की इंडिया ब्लॉक की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। एक अन्य रैली में पीएम मोदी ने कहा, ये चुनाव सिर्फ सांसद नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री चुनने के लिए है। इंडी गठबंधन की योजना 5 साल में पांच पीएम देने की है। ये सारे परिवारवादी मिलकर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर म्यूजिकल चेयर खेलना चाहते हैं।



### टीएमसी बोली- घटिया भाषा; प्रियंका ने बताया अफसोसजनक, गरिमा के खिलाफ

**मुजरे** वाले बयान पर विपक्षी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, मोदीजी, ये कैसी मन: स्थिति है? आप कुछ लेते क्यों नहीं? अमित शाह व जेपी नड्डा जी को चाहिए इनका तुरंत इलाज करवाएं। टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कहा, इतनी घटिया भाषा। यह सोच के भी डर लगता है कि प्रधानमंत्री के रूप में अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वह क्या-क्या कहते होंगे।

**गोरखपुर** में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, आज जिस-जिस तरह से वह (मोदी) बोल रहे हैं, अफसोस की बात ये है कि उनकी असलियत दिखाई देने लगी है। वे बौखलाहट में भूल गए हैं कि देश के प्रतिनिधि हैं। राहुल गांधी ने कहा, पीएम की भाषा की गरिमा व भाजपा की सीटें -दोनों ही लगातार गिरती चली जा रही हैं।

# अपनी फोटो पर पाक नेता के कमेंट से भड़के केजरीवाल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के बाद दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल की फोटो पर पाकिस्तानी नेता के कमेंट से सोशल मीडिया पर पारा बढ़ गया। केजरीवाल के फोटो को रिट्वीट करते हुए पाकिस्तान नेता फवाद चौधरी ने कमेंट किया कि शांति और सद्भावना नफरत व उग्रवाद की ताकतों को परास्त करें। इस पर अरविंद केजरीवाल ने फवाद के कमेंट पर कड़ा जवाब दिया और लिखा कि आपके ट्वीट की जरूरत नहीं है। आप अपना देश संभालें। कई यूजर्स ने यह भी लिखा कि कितने शर्म की बात है कि इंडी गठबंधन के समर्थन में पाक नेता कमेंट कर रहे हैं। ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

**पटियाला में उलझा पेंच**

# हवा के रुख के साथ वोटर्स पाला बदलेंगे या पासा पलटेंगे




पटियाला से
**अनिल कैले**

पांच दरियाओं के सूबे पंजाब के दक्षिण पूर्व में फैले पटियाला लोकसभा क्षेत्र की सियासी हवा इस बार बदली बदली नजर आ रही है। यहां की जनता ने पटियाला के पूर्व राजपरिवार के सदस्यों को देश और प्रदेश की राजनीतिक बुलंदियों तक पहुंचाया। पंजाब का मुख्यमंत्री बनाया। देश का विदेश राज्य मंत्री बनाया। लेकिन आज उसी पूर्व राजपरिवार के अपनी सियासी विचारधारा के विपरीत बहने वाली पार्टी के साथ मिल जाने से मतदाता ठगा सा महसूस कर रहा है। यह चुनाव इसलिए भी रोचक हो गया है कि राजपरिवार के जिस सदस्य को दस साल पहले जिस निर्दलीय उम्मीदवार ने हराया था, इस बार वही उम्मीदवार राजपरिवार के उसी सदस्य को कांग्रेस का हाथ थामकर दोबारा चुनौती दे रहा है।

दिल्ली से अमृतसर जाने वाली जीटी रोड पर राजपुरा से पटियाला के लोकसभा क्षेत्र की शुरूआत होती है। मुख्य सड़क से बाईं ओर घूमकर करीब 28 किलोमीटर पटियाला शहर की सरहद शुरू हो जाती है। यहां के रेशमी परांदे महिलाओं में काफी लोकप्रिय हैं। कोलकाता के बाद काली देवी का मंदिर केवल पटियाला में हैं। पटियाला में एशिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ स्पोर्ट्स एनआइएस भी है। इस संस्थान ने अच्छे प्रशिक्षक दिए हैं। तमाम खूबियों के बावजूद तीन दशक में शहर के हालात में ज्यादा परिवर्तन नहीं आ पाया है। किला चौक पर कपड़ों के व्यापारी हरप्रीत सिंह कहते हैं, पटियाला के लोग महारानी साहिबा परणीत कौर का साथ देते आए हैं।उन्होंने पार्टी बदलकर सबको चौंका दिया है। पता नहीं उनकी क्या मजबूरी रही। इस बार कौन जीतेगा के सवाल पर पास ही बैठे आइसक्रीम विक्रेता रवीन्द्र बोले कुछ कह नहीं सकते। अभी तक वोटर साइलेंट है।

### पुराने रणक्षेत्र में नया राजनीतिक चोला

**पटियाला** लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ रहा है। वर्ष 1952 से अब तक हुए 17 आम चुनावों में ग्यारह बार कांग्रेसी जीती है। चार बार शिरोमणि अकाली दल, एक बार आम आदमी पार्टी और एक बार निर्दलीय सांसद चुना गया। पटियाला के पूर्व राजपरिवार की सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की पत्नी परणीत कौर कांग्रेस के टिकट पर चार बार जीतकर संसद में पहुंची हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के सुरजीत सिंह राखरा को पराजित किया था। इस बार की सियासी बिसात बिल्कुल अलग है। पिछले साल पार्टी विरोधी हरकतों के कारण कांग्रेस ने परणीत को पार्टी से निकाला था और उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। उनका मुकाबला लोगों के दिलों पर राज करने वाले डॉ.धर्मवीर गांधी से है। कांग्रेस का हाथ थामकर मैदान में उतरे गांधी पेशे से हृदय रोग विशेषज्ञ हैं।



**पटियाला** की माल रोड स्थित काली देवी का मंदिर। पटियाला के पूर्व महाराजा भूपिंदर सिंह बंगाल से काली देवी प्रतिमा लेकर आये थे।

### बम्पर समर्थन कायम रखना बड़ी चुनौती

**पटियाला** लोकसभा क्षेत्र में नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी के विधायकों का कब्जा है। आप के प्रत्याशी डॉ. बलबीर के सामने सबसे बड़ी चुनौती दो साल पहले विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिले बम्पर बहुमत को कायम रखने की है। वे पटियाला ग्रामीण से विधायक हैं। राज्य सरकार में केबिनेट मंत्री हैं। शिक्षा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग देख रहे हैं, लेकिन मतदाताओं ने उनकी राजनीतिक सेहत बिगाड़ रखी है। सनौर गांव के हरबख्श सिंह बताते है कि पंजाब की जनता अकाली दल और कांग्रेस सरकारों से तंग आ चुकी थी। इसलिए आप पार्टी को आजमाया। झाडू वालों की अर्थात आप पार्टी की पोल दो साल में ही खुल गई। छोटे से लेकर बड़ा कार्यकर्ता पैसे बटोरने में लगा है। पुरानी सरकारें पैसा खाती थी, पर कुछ काम तो करती थी। अब तो बिल्कुल जीरो है।

### निजी संबंधों से जीत की उम्मीद

**कांग्रेस** प्रत्याशी डॉ. धर्मवीर गांधी पटियाला में क्लिनिक चलाते हैं। घनौर के चरण सिंह बोले कि कोई गरीब भी उनके पास इलाज कराने चला जाए तो वे मुफ्त इलाज तो करते ही हैं। पटियाला में बर्तन बाजार में व्यापारी रिकी परणीत कौर के कट्टर समर्थक हैं। परणीत के पार्टी बदलने पर रिकी भी भाजपा में शामिल हो गए। चुनावी बातचीत में उन्होंने भी स्वीकार किया कि गांधी की फेस वैल्यू है।

### परणीत के समक्ष दोहरी चुनौती

**भाजपा** प्रत्याशी परणीत कौर को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पहला राजघराने के विश्वास को कायम रख पाना और दूसरा भारतीय जनता पार्टी के भितरघात से निपटना। परणीत कौर को अभी उनके खिलाफ चल रहे राजनीतिक ज्वार को शांत करने के लिए जनता के भरोसे की दरकार है। इसके लिए वे केन्द्र सरकार की योजनाओं और नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट मांग रही हैं।

### पॉलीTOON



# शास्त्रीय कलाएं ही हैं, जो हमें संस्कृति से बांधे रखती हैं

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**पूछें सवाल:** यदि आप भी प्रेरणा श्रीमाली से सवाल पूछना चाहते हैं तो 9057531584 पर वॉट्सऐप करें।

**सुझाव भेजें** sunday@in.patrika.com

प्रेरणा श्रीमाली, वुमन गेस्ट एडिटर
patrika.com

मुझे लगता है कि हमारी संस्कृति में शास्त्रीय कलाओं का अपना महत्व है। यहीं कलाएं हैं, जो हमें संस्कृति से बांधे रखती हैं। हर व्यक्ति को एक न एक शास्त्रीय कला सीखनी चाहिए, क्योंकि कलाकर्म भी सामाजिक कर्म ही है। जयपुर घराने के गुरु कुन्दनलाल गंगानी से प्रशिक्षण लिया था। मैं पांच साल की थी जब रवीन्द्र मंच पर मेरी पहली कथक प्रस्तुति हुई थी। उसके बाद सात की उम्र में ही मैंने ऑल राजस्थान कथक प्रस्तुति में पुरस्कार जीता था, बस वहीं से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सन 1978 में मैंने दिल्ली में गुरु कुंदन लाल गंगानी के निर्देशन में कथक सीखा। मेरे समय में नृत्य और संगीत को चुनना इतना आसान नहीं था। लेकिन आज स्थिति में काफी बदलाव आया है, आज युवाओं के सामने काफी अवसर हैं और उन्हें अपनी पसंद की कला चुनने की आजादी भी है, ऐसे में उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देने की बहुत ज्यादा जरूरत है।



शास्त्रीय नृत्य व संगीत के प्रति आकर्षित है युवा पीढ़ी

विदेशों में जयपुर घराने की शास्त्रीय कलाओं को लेकर काफी उत्सुकता है। वहां के लोग सीखने भी आ रहे हैं।

प्रेरणा श्रीमाली
कथक नृत्यांगना

### सरकार को करना चाहिए सपोर्ट

**शास्त्रीय** कलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का सपोर्ट होना बहुत जरूरी है। हमारी युवा पीढ़ी इन कलाओं को लेकर काफी उत्सुक रहती हैं, ऐसे में उनके लिए और कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी पहल करें।

### राजस्थान में अपार सांस्कृतिक विरासत

**राजस्थान** में अपार सांस्कृति विरासत है, यहां पर जयपुर घराने को लेकर काफी काम किया जाना चाहिए। मॉन्यूमेंट्स पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इससे कल्चरल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा और सांस्कृतिक विरासत को भी पहचान मिलेगी। इसके साथ कलाकारों का आर्थिक विकास भी होगा।

### कलाकारों को नहीं मिलती पहचान

**जयपुर** घराने का कथक, पखावज, ख्याल और ध्रुवपद दुनियाभर में विशेष पहचान रखता है, लेकिन फिर भी प्रदेश में इन्हें भुलाया जा रहा है। कुछ गिने-चुने लोग ही हैं, जो इनका संरक्षण कर रहे हैं। दूसरा, जो प्रदेश से बाहर जाकर इनके लिए काम कर रहे है, उन्होंने तो पहचान बनाई हैं, लेकिन जो प्रदेश में रहकर काम कर रहे हैं, उन्हें उतना सम्मान नहीं मिला है।

## ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 

विदेश मंत्री का वोटिंग लिस्ट में नहीं मिला नाम

2. 

सावधान आ रहा चक्रवाती तूफान : इन राज्यों में बड़ा असर

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV
राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### झाड़ोली गांव में मिट्टी ढहने से महिला की मौत

**बामनवास (गंगापुरसिटी) @पत्रिका.** झाड़ोली गांव में शनिवार सुबह खदान में दबने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झाडोली निवासी उम्मेदी (30) पत्नी गणेश बैरवा सुबह तीन-चार महिलाओं के साथ तालाब में मिट्टी लेने के लिए गई थी। इस दौरान खुदाई करते समय मिट्टी ढह जाने से वह दब गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिलाओं की सूचना पर परिजन उसे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के 11 साल की बेटी एवं 6 साल का बेटा है। पति बेरोजगार है। ऐसे में परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



### 15 दिन की बच्ची को आश्रम में छोड़ा

**बौंली (सवाईमाधोपुर) @ पत्रिका.** भेड़ोली गांव में एक मां अपनी नवजात बच्ची को आश्रम में छोड़कर चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बालिका 15 दिन पूर्व जन्मी बताई जा रही है। सरपंच प्रतिनिधि हनुमान मीणा के अनुसार भेड़ोली आश्रम में नवजात बालिका मिली। ग्रामीणों ने रात भर उसकी सुरक्षा की और इंतजार किया। सुबह जब कोई उसे लेने नहीं आया तो सूचना पुलिस को दी।

### डोडा पोस्त जब्त, चालक गिरफ्तार

**जोधपुर @ पत्रिका.** डांगियावास थाना पुलिस ने सालवा कला गांव में नाकाबंदी के दौरान कार से 61 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त कर चालक दिनेश को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी शिवानी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर कार रुकवा ली। तलाशी लेने पर कार में प्लास्टिक के तीन बोरों में भरा 61.77 किलो डोडा पोस्त मिला।



### टायर फटने से कार पलटी: दो महिलाओं की मौत

**बांसवाड़ा./परतापुर @ पत्रिका.** बोरी गांव के पास कार पलटने से दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 8 जने घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सागवाड़ा स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया। सभी बूंदी से गलियाकोट जियारत के लिए जा रहे थे। स्थानीय चौकी प्रभारी एएसआइ जयपाल सिंह ने बताया कि बूंदी से गलियाकोट जियारत के लिए जा रहे बोहरा परिवार की कार टायर फटने से बोरी गांव के पास गड्ढे में गिर गई। हादसे में रशीदा और शरीफा की मौत हो गई। अन्य घायलों को निजी चिकित्सालय में रेफर किया गया।

**प्रदेश में भरपूर सौर ऊर्जा,** लेकिन इमारत-भवन की छत पर लगाने में पीछे, इसलिए...

# अब 300 वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल की छत पर सोलर पैनल लगे तो बने बात

### राज्य सरकार कर रही मंथन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सस्ती बिजली बनाने के लिए हमारे पास 'छत' मौजूद है, लेकिन इच्छाशक्ति की कमी आड़े आती रही। अब सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिल्डिंग बायलॉज में नए प्रावधान करने पर मंथन चल रहा है। अभी 500 वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल के आवासीय भवन, इमारतों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाना अनिवार्य है, लेकिन मौके पर ज्यादा कुछ नहीं हो रहा। सरकार अब इस कैपिंग को घटाकर 300 से 400 वर्गमीटर व इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों को शामिल करने पर काम कर रही है। इसमें भी जब भवन के नक्शे पास होंगे तो उसी दौरान भूखंडधारी से अमानत राशि के रूप में सोलर पैनल की अनुमानित लागत जमा करा ली जाएगी। जब भूखंडधारी छत पर सोलर पैनल लगा लेगा, तो उसे अमानत राशि लौटा देंगे। अभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर और पार्किंग निर्माण के लिए ऐसे ही प्रावधान लागू हैं।

**ऐसा** हो तो प्रदेश के 5 लाख से ज्यादा भवनों की छत से होगा सस्ती बिजली उत्पादन



### अभी ये ले रहे अमानत राशि...

(18 मीटर ऊंचे भवन के लिए अधिकतम अमानत राशि दस लाख रुपए)




### इसलिए जरूरी...

- **सामान्य** घरेलू उपभोक्ताओं को 8 से 9 रुपए यूनिट बिजली मिल रही है, जो बहुत महंगी है।
- **परंपरागत** संयंत्र से बिजली उत्पादन न केवल महंगा है बल्कि इससे प्रदूषण स्तर बढ़ता जा रहा है।
- **थर्मल** बिजली उत्पादन के दौरान कॉर्बनडाइ ऑक्साइड, सल्फर, कॉर्बन मोनो ऑक्साइड गैस बन रही है।

### यहां अभी कागजों में

**बिल्डिंग** बायलॉज में 500 वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल के आवासीय भवन, इमारतों में सोलर पैनल लगाना अनिवार्य किया हुआ है। इसमें अस्पताल, होटल-मोटल, रिसोर्ट, धर्मशाला, अतिथि गृह, छात्रावास, सामुदायिक केंद्र भी शामिल हैं। इसके दायरे में प्रदेश के करीब 5 लाख भवन, इमारत हैं। सोलर पैनल नहीं लगाने पर 50 से 100 रुपए प्रति वर्गमीटर की पेनल्टी भी है, लेकिन ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है, जिससे पता लगा सके कि कितने लोगों के पेनल्टी लगी। अमानत राशि का प्रावधान नहीं है।

### पालना जरूरी

**ग्रुप** हाउसिंग प्रोजेक्ट में ही कम्प्लीशन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है और उस समय सभी निर्धारित सुविधाएं देखी जाती हैं, इसलिए वहां जरूर इसकी पालना करनी होती है।

### यह करें तो ज्यादा ग्रीन एनर्जी मिलेगी

सरकार जो अभी फ्री बिजली दे रही है, उसे रूफटॉप सोलर मुहिम से भी जोड़ सकती है। इसके लिए रूफटॉप सोलर पैनल लगाने वालों के लिए राज्य स्तर पर अतिरिक्त सब्सिडी दे तो बात बने।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार सब्सिडी दे रही है। स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण भी ऐसे प्रावधान कर सकते हैं कि एक निर्धारित क्षेत्रफल के मकान-दुकान, कॉम्प्लेक्स की छत पर सोलर पैनल लगे ही। राजस्थान में सोलर की संभावना भी बहुत ज्यादा है। इसे अमानत राशि से भी जोड़ा जा सकता है। यह उस भूखंडधारी के लिए फायदेमंद है और राज्य के लिए भी।

**एच.एस. सचेती**, पूर्व मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान

पुलिस ने शव निकलवाकर कराया पोस्टमार्टम

# परिचित ने गला दबाकर की थी मासूम की हत्या, मां को भेजा वारदात का वीडियो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


मृतक बालक


आरोपी राहुल

**कोटा.** छावनी रामचन्द्रपुरा में ढाई वर्षीय बालक की मौत परिजन ने दुर्घटना समझा और शव को दफना दिया। सवा माह बाद मासूम बालक का गला दबाकर हत्या करने का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी राहुल पारीक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार सुबह श्मशान में दफनाए शव को निकालकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने बताया कि छावनी रामचन्द्रपुरा निवासी बच्चे की मां ने शुक्रवार को दी रिपोर्ट में बताया कि 15 अप्रेल को उसकी तबीयत खराब होने पर परिचित विश्वकर्मा नगर निवासी राहुल पारीक के साथ विज्ञान नगर अस्पताल गई थी। अस्पताल में दिखाने के दौरान ढाई साल के बेटे अंश को राहुल को दे दिया। इसी दौरान राहुल अंश को अपनी ई-मित्र की दुकान पर ले गया। कुछ देर बाद राहुल ने मां को फोन कर बताया कि अंश का एक्सीडेंट हो गया है, जेकेलोन अस्पताल आ जाओ। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि अंश की मौत हो चुकी। परिजन साधारण दुर्घटना मानते हुए बिना पोस्टर्मार्टम के शव घर ले आए और 16 अप्रेल को दफना दिया। घटना के 15 दिन बाद राहुल ने मां के फोन पर अंश की हत्या करने की क्लिप, फोटो भेजे तो वारदात का पता चला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि परिवादिया से एक तरफा प्रेम करता था। उसे परिवादिया का दूसरों के साथ घूमना पसंद नहीं था। इसके चलते उसने बच्चे की हत्या कर दी।

### बेरहमी से की हत्या

**पुलिस** उपाधीक्षक हरिराम सोनी ने बताया कि आरोपी राहुल के पास हत्या करने का वीडियो मिला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अंश को दुकान की छत पर ले जाकर गला दबा दिया। इसके बाद वह उसे नीचे लाया। इस दौरान बच्चे को होश भी आ गया। आरोपी ने बच्चे को उल्टा लटकाकर घुमाया। फिर उसे लेकर जेकेलोन अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। राहुल ने गत फरवरी में भी अंश की हत्या करने का प्रयास किया था।

फूड एंड सेफ्टी विभाग की कार्रवाई

# पलसाना में 3400 लीटर मिलावटी देसी घी पकड़ा


फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम कार्रवाई करते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पलसाना.** फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने शनिवार को पलसाना में कार्रवाई करते हुए व्यापारी की एक फर्म से मिलावट की आशंका पर नाइस ब्रांड का 3400 लीटर देसी घी सीज किया है। टीम ने रींगस और नवलगढ़ में भी इसी ब्रांड के घी को लेकर कार्रवाई की है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फूड एंड सेफ्टी विभाग के जॉइंट डायरेक्टर डॉ.एस.एन. धौलपुरिया के नेतृत्व में फूड सेफ्टी अधिकारी लोकेश शर्मा व विनोद शर्मा के साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन सिंह बाजिया की टीम ने पलसाना बस स्टैंड स्थित एसएम ट्रेडर्स पर कार्रवाई की।




### दिल्ली के बहादुरगढ़ में तैयार होता है घी

**कार्रवाई** के दौरान सामने आया है कि मिलावटी घी दिल्ली के बहादुरगढ़ में तैयार होता है। पलसाना में व्यापारी लेकर आते हैं और सीकर, नवलगढ़, झुंझुनूं सहित ग्रामीण इलाकों में इसकी सप्लाई की जाती है। ऐसे में प्रतिमाह हजारों लीटर मिलावटी घी क्षेत्र में खपाया जा रहा था।

**ई-कॉमर्स वेबसाइट से मंगवाया था सामान:** ठगों ने पांच बार में निकाली रकम

# पैसे रिफंड के नाम पर ठगों ने बुजुर्ग महिला के खाते से निकाले 5.38 लाख

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भिवाड़ी.** साइबर ठगों ने अब बुजुर्ग लोगों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। आशियाना उत्सव सोसायटी निवासी एक बुजुर्ग महिला ने ऑनलाइन सामान मंगवाया। पैसे रिफंड करने के नाम पर बुजुर्ग महिला के खाते से ठगों ने पांच बार में 5.38 लाख रुपए निकाल लिए।

ठगी की शिकार सुमन जैन (72) ने बताया कि उन्होंने ई-कॉमर्स वेबसाइट के जरिए घरेलू सामान मंगाया था। सामान की कीमत 650 रुपए थी। डिलीवरी के बाद सामान का कैश भुगतान करना था। सामान मिलने के बाद उन्होंने भुगतान कर दिया। पैकेट खोल कर देखा तो सामान पसंद नहीं आया। इसके बाद सामान लौटा दिया। लौटाए गए सामान का पैसा रिफंड लेने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट से उक्त कंपनी के टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया।

एक महिला ने फोन उठाकर बॉस से बात करने को कहा। उस महिला ने एक व्यक्ति से बात कराई। जो कि साइबर ठग था। बुजुर्ग महिला ने पैसा वापस करने के लिए कहा तो ठग ने बातों में फंसाकर एक ऐप डाउनलोड करवा ली। इसके बाद ठग ने झांसा देकर बुजुर्ग महिला से एटीएम कार्ड की फोटो दिए गए मोबाइल में डलवा ली। ठग ने कहा कि रुपए रिफंड होने में तीन घंटे लग जाएंगे। कुछ देर बाद ठग का बुजुर्ग महिला के पास फिर से फोन आया। उसने कहा आपका अमाउंट रिफंड कर दिया है। बुजुर्ग महिला के मोबाइल पर रात को बैंक से पैसे कटने के मैसेज आए तो ठगी का पता चला। इसके बाद बैंक से बात कर खाते को फ्रीज करवाया, लेकिन तब तक ठगों ने पांच बार में 5.38 लाख रुपए खाते से निकाल लिए।




### रहें सावधान

**ई-कॉमर्स** वेबसाइट के जरिए सामान मंगवाना और डिलीवरी लेना आसान है, लेकिन वापस करना साइबर ठगी को न्योता देने जैसा है। पूर्व में भी सोशल साइट से लिए गए नंबरों से कई लोग ठगी के शिकार हो चुके हैं। ठग भी वरिष्ठजनों को निशाना बना रहे हैं। बुजुर्ग लोग आसानी से ठगों के चंगुल में फंस जाते हैं। इन्हें तकनीकी जानकारी कम होती है, जिसका ठग फायदा उठाते हैं।

### केस 1

**बीते** दिनों एक बुजुर्ग ने ई-कॉमर्स वेबसाइट पर विज्ञापन देखकर स्टॉक मार्केट में निवेश किया। पहले तो ठगों ने बुजुर्ग को कुछ लाख रुपए का फायदा करवाया, ताकि विश्वास हो सके। इसके बाद उनसे बड़ा निवेश कराकर एक करोड़ रुपए से अधिक पैसा हड़प लिया।

### केस 2

**वरिष्ठ** लेखाकार के पद से सेवानिवृत्त एक व्यक्ति ने हरिद्वार आश्रम में ठहरने के लिए कमरा बुक कराया। उनकी यात्रा निरस्त हो गई तो उन्होंने कमरे का पंजीयन भी ऑनलाइन निरस्त कराया। इसके लिए उन्होंने वेबसाइट से नंबर लिए। ठगों ने उनके बैंक खाते से लाखों की ठगी कर ली।

जैतपुर पुलिस की मदद से चार डंपर जब्त

# बजरी खनन पर कार्रवाई करने पहुंची डीएसटी टीम पर हमला



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रोहट (पाली).** अवैध खनन के बाद बजरी परिवहन कर जा रहे चार डंपर को रोकने के लिए शनिवार अलसुबह समदड़ी डीएसटी टीम ने पीछा किया। इस पर डंपर चालकों ने टीम पर हमला कर दिया। सूचना पर जैतपुर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई और दिवांदी में चारों डंपर जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि समदड़ी थाना क्षेत्र से बजरी खनन कर चार डंपर जा रहे थे। सूचना पर डीएसटी टीम ने पीछा किया। डंपर चालकों ने डीएसटी टीम पर हमला कर दिया। इसके बाद हमलावर जैतपुर थाना क्षेत्र की ओर निकल गए। टीम ने जैतपुर थाने को सूचना दी। जैतपुर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने टीम के साथ दिवांदी गांव में चारों डंपरों को पकड़ कर तीन चालकों को गिरफ्तार कर लिया। एक चालक फरार हो गया। जैतपुर पुलिस ने चारों डंपर एवं तीन आरोपियों को डीएसटी टीम के सुपुर्द कर दिया।

# भारत की भूमि पर बांग्लादेशी का कोई हक नहीं: तोगड़िया

**झुंझुनूं @ पत्रिका.** विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि भारत की भूमि केवल भारतवासियों के लिए है। यह हिन्दुओं की भूमि है, इसी पर किसी बांग्लादेशी या किसी दूसरे देश वालों का कोई हक नहीं है। तोगड़िया ने शनिवार को गोयल भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित किया। उन्होंने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हर सप्ताह करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिंदुओं को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। जब तक हम प्रत्येक हिंदू के हित की बात नहीं करेंगे, तब तक हिंदू राष्ट्र की कल्पना करना मुश्किल है।

**सोशल प्राइड:** पारिवारिक उत्सव को भी बना देते दूसरों की खुशी का पल

# एनिवर्सरी या जन्मदिन, केक नहीं काटते दिल जीतते हैं

राजीव दवे
patrika.com

**पाली.** जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी हो या परिवार का कोई छोटा-बड़ा उत्सव। जिसमें परिजन शामिल होते हैं, केक काटते हैं। मिठाई खिलाते हैं। होटल में जाते हैं या पर्यटन पर निकलकर दिन को यादगार बनाते हैं।

ऐसा सभी जगह पर होता है, लेकिन पाली में केक नहीं काटा जाता। परिजन उत्सव में आते हैं और सेवा करने का प्रसाद पाते हैं। यहां परिवार के उत्सवों पर जरूरतमंदों को राजशाही अंदाज में भोजन करवाया जाता है। गायों व चींटियों को जिमाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का वितरण किया जाता है। इतना ही नहीं जरूरतमंद के घर जाकर उसे राशन सामग्री व मिठाई आदि देकर उसके साथ खुशी को साझा किया जाता है। ऐसा एक-दो लोग नहीं, शहर के कई व्यक्ति कर रहे हैं।


परिवार के एक उत्सव के दिन अपनाघर में भोजन करवाते हुए।

### निर्धन बच्चों को करवाया भोजन

**राजेन्द्र** सुराणा व उनकी पत्नी सीमा ने साधना की थी। साधना पूरी होने के बाद निर्धन बच्चों का भोजन कराया गया। जिसमें रेड कारपेट बिछाकर मेहमाननवाजी की गई। बेटी के विवाह में 600 गमले तैयार करवा हर व्यक्ति को दिए। वे बताते हैं कि वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधों का वितरण करते हैं। उनकी देखभाल का भी ख्याल रखा जाता है।

### कई गुना बढ़ जाती है खुशी

पारिवारिक उत्सवों को जरूरतमंदों के साथ और गायों की सेवा कर मनाने से खुशी कई गुना बढ़ जाती है। यह कहना है रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मेड़तियां का। वे स्वयं के साथ परिवार के किसी भी सदस्य का जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ सहित अन्य उत्सव अपना घर आश्रम, वृद्धाश्रम व गोशाला में गायों की सेवा कर ही मनाते हैं।

### शहर में कई संस्थाएं कर रही ऐसा

**पाली** शहर में कई व्यक्ति और संस्थाओं की ओर से जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ आदि मनाने का यही ट्रेंड बना दिया गया है। उनसे प्रेरित होकर अब सामान्य लोग भी इन उत्सवों पर श्रद्धा के अनुसार कुष्ठ आश्रम, अंध विद्यालय, अपना घर, वृद्धाश्रम, गोशाला, रोटी बैंक आदि जगहों पर जाकर भोजन करवाते हैं। उनके साथ खुशी मनाते हैं।

उच्चाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# अघोषित बिजली कटौती का विरोध, बाजार बंद रखकर जताई नाराजगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**चौमहला (कोटा).** झालावाड़ जिले में इन दिनों भीषण गर्मी में भी बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। इसके विरोध में शनिवार को चौमहला कस्बा दिनभर बंद रहा। लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

व्यापारियों का कहना था कि पिछले एक पखवाड़े से घंटों अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इससे कारोबार चौपट हो रहा है। कटौती के कारण गर्मी में सभी परेशान हो रहे हैं। कभी मरम्मत के नाम पर तो कभी लोड सेटिंग के नाम पर कस्बे में घंटों बिजली कटौती की जा रही है। इसके विरोध में लोगों ने बाजार बंद रखे। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के नाम सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

वुमन गेस्ट एडिटर (WOMAN GUEST EDITOR)

# 43 वर्ष पहले थामा कैमरा, क्लिक कीं 10 लाख से ज्यादा तस्वीरें


पत्रिका के लिए खबरों का चयन करतीं गेस्ट एडिटर सागर की स्नेहप्रभा जैन।

रेशु जैन
patrika.com

**सागर.** 67 वर्ष की उम्र में लाइट, कैमरा और एक्शन की चमक। इनके कैमरे में कैद हैं 10 लाख से ज्यादा फोटो। यह हैं संभाग की एकमात्र महिला फोटोग्राफर स्नेहप्रभा जैन। वे 1981 से प्रोफेशनल फोटोग्राफर के रूप में काम कर रहीं हैं। धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के साथ ही राजनीतिक कार्यक्रमों का भी कवरेज करती हैं। गोपालगंज में अपना स्टूडियो चलाती हैं।

एडवेंचर शौक के चलते स्नेहप्रभा ने जंगलों में जैन मुनियों के साधना करते फोटो भी खींचे हैं। इसके लिए वे जंगलों में उनके साथ चलीं। उन्होंने बताया कि हजारों लोगों के बीच फोटोग्राफी करके अलग अनुभव होता है। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। फोटोग्राफी का शौक शादी के बाद लगा। पति संतोष कुमार जैन ने फोटोग्राफी से डिप्लोमा किया था। उन्हें फोटो खींचते देख मुझे लगा कि फोटोग्राफी करना चाहिए।



### पहले लगता था आउटडोर फोटोग्राफी से डर

**स्नेहप्रभा** के अनुसार पहले आउटडोर फोटोग्राफी करने में डर लगता था, लेकिन 19 वर्ष की उम्र में सागर में रवींद्र भवन में एक कार्यक्रम को कवर करने सागर आई महिला फोटोग्राफर को देख हौसले बुलंद हो गए। अब तक केंद्रीय अखिल भारतीय दिगंबर जैन परिषद और अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा कई पुरस्कारों से स्नेहप्रभा को सम्मानित किया जा चुका है। दो बार राष्ट्रीय अवॉर्ड से नवाजा गया है।


जंगलों और पहाड़ियों में आचार्यों के फोटो खींचे, विद्यासागर महाराज के ध्यान के फोटो भी क्लिक किए।

**पांच प्रतिमा को किया धारण:** स्नेहप्रभा ने बताया कि फोटोग्राफी के साथ अब उन्होंने पांच प्रतिमाओं का नियम लिया है। दिन में केवल दो बार भोजन लेती हैं। बाहर के सभी फास्ट फूड, आलू, प्याज सहित अन्य चीजों का त्याग है। सुबह 2 घंटे का समय मंदिर में देती हूं। घर का कार्य करने के बाद 11 बजे से स्टूडियो का संचालन करती हूं। स्टूडियो में विवाह के लिए युवक-युवती फोटो खिंचाने सबसे आते हैं।

## सोरेन परिवार ने झारखंड की जनता को सिर्फ ठगा है: वीडी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में कैंप कर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। शनिवार को वीडी ने गोड्डा और देवघर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। कहा कि पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों वह करके दिखाया है जो आजादी के बाद पिछले 65 वर्षों में कई सरकारें नहीं कर पाईं। वीडी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि झारखंड को लूटने वाले शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन परिवार का भ्रष्टाचार भी जनता को याद दिलाएं।

वीडी ने सोरेन परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टियां जनता को ठगने का काम करती हैं। कांग्रेस, शिबू सोरेन की पार्टी हो या इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दल सभी परिवारवाद की पोषक हैं। यहां के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार किया और जेल जाना पड़ा। शिबू भी घोटाले के आरोपों में जेल में रहे हैं। सोरेन परिवार ने झारखंड की जनता को ठगा है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और वीडी ने देवघर स्थित ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना की है। इस दौरान राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी मौजूद रहे।

कई विभाग ऑनलाइन के नाम पर जनता को परोस रहे छह माह से ढाई साल पुरानी प्रगति रिपोर्ट

# पारदर्शिता पर लापरवाही का पर्दा

## सरकार की मंशा- पब्लिक डोमेन में हों रिपोर्ट्स, लेकिन विभाग प्रमुख छुपा रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सरकारी कामकाज जनता की नजर में रहे, इसके लिए सरकार हर कामकाज की प्रगति को पब्लिक डोमेन में रखना चाहती है। इसके लिए लाखों खर्च कर ऑनलाइन व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन कई विभागों के अफसर हैं कि इस मंशा पर पलीता लगा रहे हैं। प्रदेश में इसके कई उदाहरण हैं।

जल संसाधन विभाग के अधिकारी जनता को मई 2024 में बांधों का अगस्त 2023 का जलस्तर पढ़ा रहे हैं तो सीएम डैशबोर्ड पर नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी नर्मदा नदी के घाटों पर जुलाई 2022 की रिपोर्ट दिखा रहे हैं। इन दो विभागों के अधिकारियों के अलावा भी कई विभाग प्रमुख जनता को भ्रमित करने वाली सूचनाएं परोस रहे हैं।

### 75 फीसदी विभाग कर रहे भ्रमित

विभाग के अपने ऑनलाइन पोर्टल हैं। सीएम डैशबोर्ड जैसे प्रमुख पोर्टल पर दो-दो साल पुरानी रिपोर्ट्स हैं। इन्हें 75 फीसदी विभाग के अफसर अपडेट नहीं करवा पा रहे।

- सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय समीक्षा बैठकों के विवरण जानने का विकल्प है। पत्रिका पड़ताल में पता चला कि यहां ऊर्जा विभाग से जुड़ा समीक्षा बैठकों का विवरण 25 अप्रेल 2023 के बाद से अपडेट ही नहीं किया गया है।
- जेल, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य समेत तमाम विभागों से जुड़ा विवरण अपडेट नहीं है।
- नर्मदा नदी संरक्षण के लिए विभिन्न जिला मुख्यालयों पर सीवरेज योजनाएं चल रही हैं। प्रगति रिपोर्ट जानने का विकल्प दिया है, जिस पर 30 अप्रेल 2022 के बाद से रिपोर्ट अपडेट नहीं है।
- घाटों पर पानी की गुणवत्ता जानने संबंधी विकल्प में जुलाई 2022 के बाद से अपडेट नहीं है।
- लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन डैशबोर्ड पर शिकायतों का विश्लेषण समाधान दिवस वाले विकल्प पर अप्रेल 2020 से दिसंबर 2021 का विश्लेषण पढ़ा रहे हैं।
- मनरेगा पोर्टल पर 15 दिसंबर 2022 की रिपोर्ट को आज की तारीख में पढ़ाया जा रहा है।
- सरकारी पोर्टल पर मिट्टी के पोषक तत्वों को लेकर जो जानकारी दी जा रही है, वह 25 अगस्त 2023 की है, जबकि खरीफ फसलों की बुवाई का सीजन आ रहा है।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभागीय पोर्टल ने पब्लिक डोमेन में जो रिपोर्ट डाली है वह 6 जनवरी 2023 की है, उसके बाद से कोई अपडेट नहीं है।




### आरटीआइ आवेदन बढ़े

कर्मचारी मामलों के जानकार अनिल वाजपेयी का कहना है कि पहले की तुलना में अब ज्यादातर विभाग के मुखिया जनता की जानकारी जनता से ही छुपा रहे हैं। यह रणनीति का हिस्सा है। इससे कई विभागों में आरटीआइ आवेदन लगाने पड़ते हैं। कई बार अफसर घुमावदार जवाब देकर परेशान करते हैं।

### दावे खोखले

कुछ समय पहले ही मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दावा किया था कि वह ई-ऑफिस के लक्ष्य के तहत 100% काम ऑनलाइन करने लगी है। अब हाल यह है कि उपभोक्ताओं की कितनी शिकायतें, कितने समय में हल कीं, शिकायतों की स्थिति क्या है, यह जानने के लिए जूझना पड़ रहा है। आरटीआइ कार्यकर्ता अजय पाटीदार का कहना है कि दूसरे विभागों के भी यही हाल हैं।

17 साल पुराने आदेश का होगा सख्ती से पालन

## शिकायतों का बोझ कम करने फाइलों को बंद कराने की तैयारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सरकारी काम-काज में भ्रष्टाचार सहित अन्य मामलों की शिकायतों के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए सरकार ने फॉर्मूला तलाशा है। इसके लिए 17 साल पुराने आदेश को आधार मानकर सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। कहा गया है कि यदि शिकायत फर्जी नाम और फर्जी पते से की गई तो ऐसी शिकायतों को नस्तीबद्ध किया जाए। यही नहीं गुमनाम शिकायतों को भी अब संज्ञान में नहीं लिया जाएगा।

विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी के हस्ताक्षर से जारी आदेश में 17 साल पहले हुए मंथन का हवाला दिया गया है। असल में इस मंथन कार्यक्रम के दौरान सुशासन के तहत कई निर्णय लिए गए थे। एक निर्णय यह भी था कि आमजन की शिकायतें ली जाएं। विभागों में शिकायतें प्राप्त करने के लिए विशेष व्यवस्था की अनुशंसा भी थी। शिकायतों के निराकरण की बात भी थी। रस्तोगी ने सभी विभाग प्रमुखों, कलेक्टरों, कमिश्नरों को जारी आदेश में कहा है कि यदि गुमनाम शिकायत प्राप्त होती है तो उसे नस्तीबद्ध किया जाए। आवश्यक हो तो जांच के दौरान शिकायत करने वाले व्यक्ति को अन्य विवरण, तथ्य के लिए बुलाया जा सकता है।

पत्राचार के दौरान पाया जाता है कि फर्जी नाम, पते से शिकायत की गई है या संबंधित व्यक्ति द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है व उनके नाम से किसी व्यक्ति ने झूठी शिकायत की है तो ऐसी शिकायतों को भी नस्तीबद्ध किया जाएगा। राज्य शासन की मंशा है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### शिकायतों का अंबार

सीएम हेल्पलाइन पर सबसे ज्यादा शिकायतों में ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, गृह, राजस्व इत्यादि विभाग प्रमुख हैं। इन विभागों में प्राप्त शिकायतों की संख्या तीन हजार से ज्यादा है, जबकि भ्रष्टाचार के मामलों पर गौर करें तो सरकार के पास अभियोजन स्वीकृति के लिए फाइलें लंबित चल रही हैं।



## छिंदवाड़ा जिले में उतरवाए 146 लाउडस्पीकर

## सीएम के आदेश के बाद कार्रवाई में जुटा राजस्व व पुलिस का अमला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छिंदवाड़ा.** जिले में धार्मिक स्थानों से लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्रवाई शनिवार को पुलिस व राजस्व अमले ने की है। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद जिला प्रशासन एक्शन में आया। संयुक्त टीम ने धार्मिक स्थानों से 146 लाउडस्पीकर उतरवाए जो तय सीमा से अधिक बिना अनुमति के लगाए गए थे। नियमों की बात की जाए तो दिन के समय 55 डेसीबल तथा रात्रि में 45 डेसीबल का उपयोग किया जा सकता है। बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके लिए एसडीएम की अनुमति लेना आवश्यक है। जिन स्थानों पर अनुमति नहीं थी वहां पर यह कार्रवाई मुख्य रूप से की गई है। इससे पूर्व में भी पुलिस व राजस्व की टीम ने लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्रवाई की थी।

छठा चरण: मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिनभर किए फोन

# भाजपा: वॉर रूम से मप्र महिला मोर्चा ने दिल्ली की कार्यकर्ताओं को किया सक्रिय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भाजपा ने अपने महिला मोर्चा विंग को सक्रिय किया है। पांचवे चरण के मतदान को लेकर प्रदेश मुख्यालय में बने महिला वॉर रूम को शनिवार को फिर एक्टिव किया गया। और महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने अन्य प्रदेशो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मोर्चा संभाला। दरअसल शनिवार को दिनभर मप्र महिला मोर्चा के कार्यकर्ता दिल्ली के महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को दिनभर फोन कर खुद मतदान करने और अन्य लोगों से मतदान करवाने को लेकर बार- बार फोन करती रहीं।



**एक्टिव रहा वॉर रूम:** मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया ने बताया कि शनिवार को छठे चरण के मतदान के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने के लिए वॉर रूम से फोन किए गए। फोकस दिल्ली पर था। कार्यकर्ताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जोर दिया।

# कांग्रेस: मतगणना की तैयारी, तैयार किए मास्टर ट्रेनर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मतदान के बाद अब कांग्रेस ने मतगणना की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए प्रत्याशियों को एलर्ट रहने के लिए गया है, वहीं मतगणना एजेंट को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस ने शनिवार को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से चुनिंदा मतगणना एजेंट का भोपाल बुलाकर विशेष प्रशिक्षण दिया। एक्सपर्ट्स ने उन्हें ईवीएम की बारीकियां बताई तो कानून के जानकारों ने उन्हें यह बताया कि हमें मतगणना के दौरान कब कहां कैसे एलर्ट रहना है।

ये मास्टर ट्रेनर अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में अन्य मतगणना एजेंट को प्रशिक्षण देंगे



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने ट्रेनिंग दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान काउंटिंग में गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए काउंटिंग एजेंटों की ट्रेनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जिसमें लगभग 100 मास्टर ट्रेनर्स को मतगणना एक्सपर्ट द्वारा ट्रेनिंग दी गई है। बताया गया कि 85 साल से ऊपर के मतदाताओं द्वारा हुए मतदान को कैसे देखा जाएगा, कैसे पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, कैसे ईवीएम का रखरखाव होगा और कैसे गणना होगी, कैसे पर्चियों की गिनती होगी सहित अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस के महामंत्री संजय कामले, मप्र कांग्रेस भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, एडवोकेट संजय गुप्ता, मप्र कांग्रेस वॉर रूम के ललित सेन एवं साबिर खान सतना ने भी संबोधित किया गया।

लोकसभा चुनाव: चार चरणों में मध्यप्रदेश हुआ था 66.87 फीसदी मतदान

# आयोग ने जारी किया अंतिम डेटा, आंकड़ों में नहीं बदलाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में अंतर होने को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच चुनाव आयोग ने शनिवार को पिछले पांच चरणों का अंतिम डेटा जारी किया है। इसमें मध्यप्रदेश के चार चरण में हुए मतदान के आंकड़े भी शामिल हैं। स्पष्ट किया है कि वोट फीसदी के बारे में गुमराह करने वाले कुछ नैरेटिव फैलाए गए हैं। चुनाव आयोग ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि वोट पोलिंग फीसदी (नंबर) में किसी भी तरह से कोई भी बदलाव संभव नहीं है। मालूम हो मध्यप्रदेश में हुए चार चरणों के चुनाव में कुल 66.87 फीसदी मतदान हुआ था।

आयोग ने कहा है कि प्रक्रिया पारदर्शी है। कोई विषमता नहीं है। उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंट को पोलिंग बूथ वाइज 17सी फॉर्म दिया जा रहा है। देश में 10.5 लाख पोलिंग बूथ हैं। फॉर्म 17 सी में जो वोटिंग का नंबर है वह किसी भी हाल में नहीं बदल सकता और यह डेटा उम्मीदवार के पास होता है। उम्मीदवार और उनके एजेंट को यह फॉर्म 17 सी मतगणना केंद्र पर ले जाने की इजाजत होती है।

### प्रथम चरण

| | |
|---|---|
| बालाघाट | 73.45% |
| छिंदवाड़ा | 79.83% |
| जबलपुर | 61.00% |
| मण्डला | 72.84% |
| शहडोल | 64.68% |
| सीधी | 56.50% |

### द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| दमोह | 56.48% |
| होशंगाबाद | 67.21% |
| खजुराहो | 56.97% |
| रीवा | 49.43% |
| सतना | 61.94% |
| टीकमगढ़ | 60.00% |

### तीसरा चरण

| | |
|---|---|
| बैतूल | 73.53% |
| भिण्ड | 54.93% |
| भोपाल | 64.06% |
| गुना | 72.43% |
| ग्वालियर | 62.13% |
| मुरैना | 58.97% |
| राजगढ़ | 76.04% |
| सागर | 65.75% |
| विदिशा | 74.48% |



### चौथा चरण

| | |
|---|---|
| देवास | 75.48% |
| धार | 72.76% |
| इंदौर | 61.67% |
| खण्डवा | 71.52% |
| खरगोन | 76.03% |
| मंदसौर | 75.27% |
| रतलाम | 72.94% |
| उज्जैन | 73.82% |

*(मतदान के यह आंकड़े चुनाव आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध हैं।)*

## 'काले कानून लाने वालों से हिसाब करने का आतुर है जनता'

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पंजाब के होशियारपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर वोट मांगे। उन्होंने मतदाताओं से संवाद भी किया। कहा कि तीन काले कानून लाकर किसानों की 'सरकारी हत्या' करने वालों से इस बार पूरा हिसाब करने के लिए पंजाब की जनता आतुर है। पंजाब है तैयार, कांग्रेस भी तैयार है। पटवारी ने बूथ स्तर पर साथियों के साथ बैठक की। कहा कि बूथ स्तरीय प्रभारियों की बैठक में आए सभी लोगों की अटूट मेहनत और उत्साह बयां कर रहा है कि कांग्रेस विजयश्री की ओर बढ़ रही है।

17 स्थापना दिवस...

# पत्रिका ने अपनी साख को बनाए रखा

### पत्रिका में कैशोर्य की ऊर्जा, कैशोर्य का सौंदर्य

प्रिय पत्रिका 16 साल की हो गई। हम सब पाठक पत्रिका का बड़े ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। क्योंकि पत्रिका में जो ईमानदारी है वह बहुत कम समाचार पत्रों में देखने को मिलती है। पत्रिका को अभी 16 साल ही हुए हैं। कैशोर्य की ऊर्जा है, कैशोर्य का सौंदर्य है, उम्मीद करती हूं कि वह पत्रिका इसे सदैव बनाए रखेगी। बहुत-बहुत शुभकामनाएं।


**अनुराधा शंकर,** स्पेशल डीजी प्रशिक्षण, पीएचक्यू

### निष्पक्ष पत्रकारिता का विश्वास

बहुत प्रसन्नता है यह कहते हुए कि पत्रिका अपने 16 वर्ष पूर्ण कर 17वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इतनी कम अवधि में इतनी बड़ी सफलता, इतने कम समय में अखबार जगत में बहुत कम नसीब होती है। यदि अखबार जनहित की आवाज बनते हैं, निष्पक्ष राजनीतिक विश्लेषण करते हैं तो उन्हें ऐसी सफलता और नाम मिलता है।


**कृष्णा गौर,** राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार

### नए मानदंड स्थापित करे


मप्र पत्रिका को 17वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस खुशी की मौके पर ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पत्रिका समूह निष्पक्ष पत्रकारिता के अपने धर्म का सदा निर्वाह करता रहे और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करे। बहुत-बहुत बधाई।

**कमलनाथ,** पूर्व मुख्यमंत्री

### जल, जंगल और जमीन बचाने में पत्रिका ऊपर

जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने में किसी अखबार ने बड़ी भूमिका निभाई है तो उसका नाम पत्रिका है। पत्रिका लोगों के संघर्ष को जी रहा है। प्रकृति, पर्यावरण समेत जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाता आया है। यह क्रम जारी रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ बधाई।


**डॉ. राजेंद्र सिंह,** जल पुरुष

### कई पहल कीं, नतीजे भी निकले


मुझे पत्रिका की निर्भीकता और निष्पक्षता पसंद है। आम लोग भी यही चाहते हैं। यदि गांव-गांव में लोग इस अखबार को जानते हैं तो इसका यह भी एक कारण है। समाज में बुराइयों को खत्म करने में समूह ने इतने कम समय में कई पहल की और उनके नतीजे भी निकले।

**फग्गन सिंह कुलस्ते,** केंद्रीय मंत्री

### जन-जन की आवाज बना

पत्रिका ने मध्यप्रदेश में पत्रकारिता को नया आयाम दिया है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियान चलाने के साथ पत्रिका जन-जन की आवाज बना है। मध्यप्रदेश पत्रिका के सफलतम 16 वर्ष पूरे होने और 17 वर्ष में प्रवेश करने पर बधाई और शुभकामनाएं।


**राजेन्द्र शुक्ल,** उप मुख्यमंत्री

### चुनौतियों के साथ खड़ा है पत्रिका

मध्यप्रदेश पत्रिका के 17वें स्थापना दिवस की पत्रिका के सभी पाठकों और पत्रिका समूह से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं।


**अरुण यादव,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

पत्रिका ने निष्पक्षता, निर्भीकता का विश्वास जगाया है। इसका श्रेय उन लोगों को जाता है, जो चुनौतियों के बीच इसकी साख को बनाए रखे हुए हैं।


**मनोज यादव,** अध्यक्ष, सपा, मप्र

सस्ते के लालच में ना आएं... प्रशासन ने 5.395 हेक्टेयर जमीन को कराया मुक्त, भू-माफिया ने जमीन की नोटरी कराकर लोगों को फंसाया

# गरीबों को नोटरी पर बेच दी 50 करोड़ की सरकारी जमीन, बुलडोजर चला तो हुए बेहोश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** दीनारपुर मंडी स्थित जमीन को भू-माफिया ने नोटरी से गरीबों को बेच दी। शनिवार को जब इस जमीन पर बने घरों पर प्रशासन का बुलडोजर चला तो महिला व पुरुष बेहोश हो गए। महिला मशीन के सामने बेहोश होकर लेट गई, लेकिन पुलिस बल के सामने उनके विरोध की एक नहीं चली। प्रशासनिक अधिकारियों के सामने लोग नोटरी लेकर पहुंचे और चार लोगों ने नोटरी से जमीन बेच दी। किसी ने कर्ज लेकर तो किसी ने जमा पूंजी खर्च करके एक से डेढ़ लाख रुपए में प्लॉट खरीदा और कच्चे व पक्के निर्माण कर लिए। घर का कर्ज भी नहीं उतार सके, उससे पहले ही सड़क पर आए गए। प्रशासन ने चार घंटे की कार्रवाई के बाद 50 करोड़ की सरकारी जमीन को मुक्त करा लिया। मकानों को तोड़ना शुरू हुआ तो लोग नोटरी के कागज लेकर पहुंचे। लोगों ने बताया कि उन्होंने पैसे देकर प्लॉट खरीदे हैं। प्लॉट की नोटरी भी है। नोटरी के माध्यम से राजेन्द्र राजौरिया, मोनू शर्मा, नीरज सिंह, अजीज खान ने उन्हें नोटरी से प्लॉट बेचे हैं।



### 80 मकान बन गए थे, नींव भी भरी थी

सरकारी जमीन पर करीब कच्चे पक्के 80 निर्माण हो गए थे। इसके अलावा लोगों ने नींव भरकर डाल दी थी। मकान बनाने की तैयारी चल रही थी। लोगों ने लाइनें भी खींच ली थी और अपना कब्जा बता रहे थे। कुछ ने जमीन पर निर्माण कर किराए पर भी दे दिए थे। मुरार एसडीएम अशोक चौहान पुलिस बल के साथ पहुंचे और कार्रवाई शुरू की।

### सस्ते प्लॉट के झांसे में आ जाते हैं लोग

दीनारपुर के सर्वे क्रमांक 383, 386 व 387 की कुल 5.395 हेक्टेयर भूमि उद्योग विभाग को आवंटित है। इस भूमि का उद्योग विभाग उपयोग नहीं कर सका है। न अपनी जमीन की सुरक्षा कर रहा है। इस कारण जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। इस जमीन को नोटरी के माध्यम से बेच दिया जाता है। सस्ता प्लॉट मिलने के झांसे में आकर गरीब इसे खरीद रहे हैं। इस जमीन पर तीसरी बार कार्रवाई हुई है। इससे पहले भी जमीन पर अतिक्रमण हो गया था और उसे हटा दिया गया। यह जमीन गोले के मंदिर के पास है।

### मजदूरी के पैसे से 11 माह पहले बनाया मकान

**पीड़ित अंगूरी** ने बताया कि बेटा मजदूरी करता है। इस पैसे से मकान बनाया था। डेढ़ लाख रुपए देकर प्लॉट खरीदा था। प्लॉट की नोटरी भी दिखाई। जिससे खरीदा था, वह रजिस्ट्री की भी कह रहा है, इसमें हमारी क्या गलती है।

**चार लोगों के नाम सामने आए हैं, जांच कर रहे हैं**

नोटरी से प्लॉट बेचे गए थे। चार लोगों के नाम सामने आए हैं। इनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी। राजस्व निरीक्षक व पटवारी इसकी जांच कर रहे हैं।

**-अशोक चौहान,** एसडीएम मुरार

## न्यूज 2 मिनट में

### भैंस चराने पर लाठी-फरसे चले, एक की मौत

**मुरैना.** चिन्नौंनी थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव में भैंस चराने के विवाद पर दो पक्षों के बीच लाठी-फरसे चले। एक दर्जन लोग घायल हुए। गंभीर घायल दीवान सिंह गुर्जर (48) को जिला अस्पताल से ग्वालियर लाते समय मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हुसैनपुर में आशाराम जाटव का परिवार ईंट बनाता है। शुक्रवार शाम हरीसिंह की भैंसों ने आशाराम की ईंटों को नष्ट कर दिया। इसे लेकर दोनों में विवाद हो गया और मामले ने हिंसक रूप ले लिया।

### किसान से गोल्ड लोन के 1.70 लाख की लूट

**सिवनी.** जिले के धनौरा थाना के सुनवारा चौकी क्षेत्र में एक किसान से दो नकाबपोश बाइक सवारों ने 1.70 लाख रुपए लूट लिए। मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। धनौरा थाना प्रभारी दयाराम शरणागत ने बताया कि सुनवारा निवासी किसान रतेन्द्र श्रीवास्तव (45) ने बेटी का दाखिला कराने और खेती-किसानी के लिए पत्नी के जेवर के एवज में 1.73 लाख रुपए लिए थे। अपने साथी ब्रजलाल चंद्रवंशी के साथ सुनवारा जा रहा था। तभी मुंगवानी व छोटा सुनवारा गांव के बीच घटना हुई।

### सीने में दर्द से परेशान छात्र ने फंदा लगाया

**जबलपुर.** बीएमएलटी के छात्र ने शुक्रवार को फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। उसने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें लिखा है- सॉरी पापा। लव यू मॉम-डैड। मेरा सीना दर्द कर रहा था। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। शनिवार को पुलिस ने शव का पीएम कराया। पुलिस ने बताया कि साहू कॉलोनी निवासी राजेश पटेल पत्नी, बेटों सौरभ, सचिन और संजय (19) के साथ रहता है। संजय 3 साल से बीमारी से पीड़ित था। घर में कोई नहीं था, तब उसने खुदकुशी कर ली।

## ट्रेंडिंग वीडियो

1  भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर को बचाने जुगाड़

2  शाजापुर में चलते ट्रक से फिल्मी अंदाज में चोरी

## @10 जिले बढ़ा पारा

**कहां- कितना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 41.1° | सागर | 42.4° |
| भोपाल | 43.7° | रतलाम | 46.2° |
| दतिया | 41.3° | जबलपुर | 40.0° |
| खरगोन | 45.2° | राजगढ़ | 46.3° |
| नीमच | 46.1° | इंदौर | 44.5° |

*(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)*

स्मार्ट पुलिसिंग : 54 जिलों में पुलिस के कामकाज का ब्योरा आया सामने

# ई-एफआइआर में जबलपुर अव्वल, तो भोपाल टॉप टेन जिलों में भी नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** ई-एफआइआर दर्ज करने के मामले में जबलपुर पुलिस प्रदेश के 54 जिलों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर है। जबकि शिवपुरी दूसरे, उज्जैन तीसरे, इंदौर चौथे और गुना 10वें स्थान पर है। आश्चर्य की बात है कि इस मामले में भोपाल टॉप टेन सूची में भी नहीं है। तीन साल पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अब तक जबलपुर पुलिस ने 556 ई-एफआइआर दर्ज कर इन्हें असल में तब्दील कर मामलों की जांच करते हुए और आरोपियों को भी पकड़ा है। इनमें वाहन चोरी, मोबाइल फोन चोरी समेत सामान्य मारपीट के मामले शामिल हैं। इन मामलों में ई-एफआइआर का निवेदन पीड़ितों ने पुलिस को भेजा था। पुलिस ने शिकायतों के सत्यापन के बाद एफआइआर दर्ज की है। ये आंकड़े आठ जून 2021 से 24 मई 2024 तक के हैं।

**इन थानों में सबसे ज्यादा** : पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनसुार ओमती थाने में 63, गढ़ा में 50, सिविल लाइंस में 40, माढ़ोताल में 35, लॉर्डगंज में 34, गोरखपुर में 31, मदन महल में 27, तिलवारा में 26, कोतवाली और रांझी में 25-25 ई-एफआईआर दर्ज की गई हैं। अन्य थानों में भी इनकी संख्या 10 से अधिक है।




**प्रदेश के टॉप-10 जिले**

| जिला | आवेदन | रिजेक्ट | ई-एफआइआर |
|---|---|---|---|
| जबलपुर | 951 | 395 | 556 |
| शिवपुरी | 798 | 262 | 536 |
| उज्जैन | 771 | 296 | 475 |
| सागर | 673 | 256 | 417 |
| इंदौर शहर | 1280 | 947 | 333 |
| इंदौर देहात | 342 | 137 | 205 |
| छतरपुर | 405 | 228 | 117 |
| सतना | 370 | 199 | 171 |
| ग्वालियर | 783 | 681 | 102 |
| गुना | 206 | 114 | 92 |

इन मामलों में ई-एफआइआर
- एक लाख रुपए तक की सामान्य चोरी।
- मोबाइल फोन चोरी।
- 15 लाख रुपए कीमत तक के वाहन चोरी।

**ऐसे दर्ज कराएं ई-एफआइआर**
- एमपी या जबलपुर पुलिस की वेबसाइट पर जाएं।
- ई-एफआइआर के ऑप्शन पर क्लिक करें।
- नया पेज खुलने पर अपना नाम-पता, मोबाइल नम्बर आदि भरें।
- घटना का विवरण, थाने और जिले की जानकारी भरकर सबमिट करें।

### आवेदन रिजेक्ट करने में इंदौर आगे

ई-एफआइआर की रिक्वेस्ट रिजेक्ट करने में इंदौर शहर की पुलिस ने प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ दिया है। यहां तीन साल में अब तक ई-एफआइआर की 1280 रिक्वेस्ट आई। इनमें से 947 को रिजेक्ट कर दिया गया। जबकि इस अवधि में जबलपुर पुलिस के पास ई-एफआइआर के लिए 951 रिक्वेस्ट आईं। इनकी जांच करने पर 395 शिकायतें ऐसी थीं, जिन्हें ई-एफआईआर के दायरे में नहीं आने के कारण रिजेक्ट कर दिया गया। शेष 556 मामलों में ई-एफआइआर की गई।

एक लाख रुपए तक के वाहन चोरी और 15 लाख रुपए तक की सामान्य चोरी समेत सामान्य मारपीट के मामलों में ई-एफआइआर दर्ज की जा रही है। इसके लिए शिकायकर्ता को थाने नहीं जाना पड़ता। वह एमपी पुलिस की वेबसाइट या जबलपुर पुलिस की वेबसाइट पर ई-एफआइआर दर्ज करा सकता है। इसके बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई करती है।

**आदित्य प्रताप सिंह,** एसपी

धर्म सभा में होंगे शामिल

### पुरी के शंकराचार्य आएंगे बागेश्वर धाम

**छतरपुर.** पुरी के शंकराचार्य ज्ञानपुंज स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 27 मई को बागेश्वर धाम आ रहे हैं। वे यहां 27 मई से 29 मई तक होने वाले ज्ञान एवं शक्ति के समागम में शामिल होंगे। उनकी उपस्थिति में हिन्दू राष्ट्र धर्म सभा का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं आध्यात्मिक संवाद का भी कार्यक्रम है। जानकारी के मुताबिक देश के चार मठों में से एक पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 29 मई को सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच होने वाली प्रश्नोत्तरी में सवालों का जवाब देंगे।

सूदखारों पर कार्रवाई

### आत्महत्या के लिए उकसाया, 6 पर केस

**झाबुआ.** कारोबारी शशिकांत खत्री की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार देर शाम पांच सूदखोरों के साथ ही एक सूदखोर के दामाद के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर केस दर्ज कर लिया। यह कायमी मृतक द्वारा पूर्व में पुलिस को दिए बयान और उसके बेटे संस्कार व कुछ अन्य लोगों के बयान के आधार पर की गई है। शशिकांत ने 23 मई को पीजी कॉलेज के पास स्थित कॉलोनी में घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। एसपी पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देश पर नीलेश घोड़ावत, दिनेश घोड़ावत, विक्रांत जैन, ललित राठौर, सुभाषचंद्र झोझा और जितेंद्र सिंह पंवार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 58 की उम्र में पांच किलो का कैमरा लेकर करती हैं घंटों फोटोग्राफी

WOMAN GUEST EDITOR वुमन गेस्ट एडिटर

**सोच यह:** अपने शौक किसी भी उम्र में पूरा किया जा सकता है, बस जज्बा होना चाहिए

सुझाव भेजें sunday@in.patrika.com

नेहा सेन
patrika.com

**जबलपुर.** कोई समय और मजबूरी के आभाव में अपने शौक दबा देता है, तो कोई हालातों से समझौता कर लेता है। मुझे लगता है अपने शौक को किसी भी उम्र में पूरा किया जा सकता है। बस इस शौक के लिए जज्बा होना चाहिए। मैंने भी फोटोग्राफी के शौक को उम्र के पड़ाव में आकर पूरा किया। यह कहना है जबलपुर की संगीता ठाकुर का। संगीता 58 साल की हैं, जो पिछले पांच साल से वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में जुटी हुई हैं।

संगीता ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई और नौकरी की जिम्मेदारी से पूरी होने के बाद उन्होंने खुद के लिए समय निकालने का सोचा। वे कहती हैं घर पर अकेले रहकर टीवी और मूवीज देखने से बेहतर उन्हें नेचर के करीब रहना अच्छा लगा। इसके लिए सुबह 4 बजे से फोटोग्राफी के लिए निकलना शुरू किया और पक्षियों की फोटो करना शुरू किया। ड्राइविंग नहीं आती इसलिए पति हमेशा साथ ही निकलते हैं, ताकि फोटोग्राफी आराम से हो सके।



### प्रदेश के सभी जंगलों में फोटोग्राफी

**संगीता** ने बताया कि उन्होंने प्रदेश के लगभग सभी जंगल और नेशनल पार्क में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी की है। इसमें पति डॉ. एचएच ठाकुर का पूरा सहयोग मिलता हैं। वे भले ही सर्जन हैं, लेकिन फोटोग्राफी का शौक करते हैं। ऐसे में छुट्टियों के दौरान दोनों फोटोग्राफी टूर पर निकल जाते हैं।

### शौक बरकरार रखना चुनौती

**संगीता** का मानना है कि महिलाओं को किसी भी तरह के शौक को बरकरार रखना चुनौतीपूर्ण भी होता है। खासतौर पर फोटोग्राफी की फील्ड में। इस उम्र में पांच किलो के कैमरे को चार से पांच घंटे लेकर फोटोग्राफी करने की बात लोगों को हैरान कर देती है। संगीता बताती हैं उन्हें उल्लू की विभिन्न प्रजातियों की तस्वीरें खींचना सबसे ज्यादा पसंद है। वे अब तक शहर में 11 क्षेत्रीय और प्रवासी उल्लू की फोटो क्लिक कर चुकी हैं।

हैदराबाद की टीम ने जीपीआर से की जांच

## उत्तरी हिस्से में मिला सूर्य की 8 आकृतियां निर्मित शिलालेख

पत्रिका कसौटी पर भोजशाला सर्वे: 65वां दिन

**धार.** भोजशाला में सर्वे के 65वें दिन एएसआइ पहली बार जीपीआर तकनीक का उपयोग किया गया। इसके लिए हैदराबाद से आए सात सदस्यीय दल ने भोजशाला के गर्भगृह में जीपीआर मशीन का उपयोग किया। यहां फर्श व पत्थरों के कारण मशीन की मदद से जमीन के भीतर की तरफ स्कैनिंग की गई। इसके अलावा टीम के सदस्यों ने बाहरी परिसर का भी एक ड्राफ्ट बनाया है, जहां एक-दो दिन में सर्वे होने की उम्मीद है। सर्वे दल में शामिल हिंदू पक्ष के सदस्य गोपाल शर्मा ने बताया कि शनिवार को खनन के दौरान एक शिलालेख मिली, जिसमें सूर्य की आठ आकृतियां उकरी हुई हैं। यह शिलालेख एक बाय तीन फीट आकार का है जिसमें सूर्य के अलग-अलग रूप प्रदर्शित हैं। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खनन में निकली थीं।

### जीपीआर से 15 मीटर नीचे तक देखा जा सकता है

ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार यानी जीपीआर का उपयोग धरती के नीचे मौजूद आकृतियों का पता लगाने के लिए किया जाता है। इसके लिए विद्युत चुबंकीय विकिरण का उपयोग होता है। खास बात यह है कि इस आधुनिक तकनीक से जमीन के भीतर 15 मीटर यानी 49 फीट की गहराई तक देखा जा सकता है।

### पानी के लिए वीआइटी के छात्रों ने किया हंगामा

**सीहोर.** भोपाल-इंदौर हाईवे पर कोठरी के गवाखेड़ा स्थित वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआइटी) के हॉस्टल के विद्यार्थियों को पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। शुक्रवार रात 12 बजे आक्रोश भड़क गया और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इससे कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और विद्यार्थियों को समझाकर शांत किया। वीआईटी कैंपस में पानी की सप्लाई के लिए करीब 12 ट्यूबेवल लगे हैं।

## पोषण आहार गोदाम में भड़की आग, काम कर रहे 40 से ज्यादा मजदूरों ने भागकर बचाई जान



**मंडला@पत्रिका.** डिंडोरी मार्ग रसैया दौना में टेकहोम राशन फैक्ट्री गोदाम में शनिवार दोपहर आग लग गई। गोदाम में फैक्ट्री का मुर्गी दाना और प्लास्टिक की बोरियां भरी हुई थी। किसी तरह मजदूरों ने बाहर निकलकर जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकलों ने करीब दो घंटे मशक्कत और फैक्ट्री मजदूरों की मदद से आग पर काबू पाया। घटना से लाखों के नुकसान की आशंका है। बताया जा रहा कि जब घटना हुई, उस वक्त फैक्टी में 40 से ज्यादा मजदूर थे। बता दें कि मंडला समेत प्रदेश भर सात टेकहोम राशन की फैक्ट्री है। जिनके जरिए आंगनबाड़ी में पोषण आहार का वितरण किया जाता है।

सतना में गेहूं खरीदी घोटाला

## बदमाशों ने सात ऑनलाइन चेकपोस्ट तोड़े, अफसरों को भनक तक नहीं लगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मप्र में गेहूं खरीदी को फुल प्रुफ बनाने के लिए सरकार ने पूरी व्यवस्था ही ऑनलाइन कर दी, तब भी बदमाश इसे तोड़कर फर्जी तरीके से गेहूं की खरीदी और परिवहन कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। यह सबकुछ सरकार के अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है। सतना में हुआ गेहूं खरीदी व परिवहन घोटाला इसका सबसे ताजा उदाहरण है। यहां बदमाशों ने ऑनलाइन प्रक्रिया को 7 बार तोड़ा तब भी खरीदी के लिए नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम के सतना से लेकर भोपाल तक पहुंचे अफसरों को भनक तक नहीं लगी। जिसके कारण 5 व 13 मई को फर्जी तरीके से 13 ट्रैक गेहूं का ऑनलाइन परिवहन करा दिया गया। जबकि वास्तविकता में जमीन पर ट्रक चले ही नहीं। यही नहीं, जिस गेहूं का परिवहन दिखाया उसकी हकीकत में खरीदी भी नहीं की गई। अब अफसर एक-दूसरे पर ठिकरा फोड़ रहे हैं। 15 दिन बाद भी पता नहीं कर पाए हैं कि आखिर इतना बड़ा घोटाला हुआ कैसे। अफसर वहीं कहानी बता रहे हैं, जो संदिग्धों ने बताई है।

### ऑनलाइन फ्रॉड का दे रहे हवाला

निचले स्तर के कर्मचारियों ने फर्जीवाड़ा कर 13 ट्रक गेहूं की ऑनलाइन लोडिंग दिखा दी। अब अधिकारी घोटाले से बचने नान के अधिकृत ट्रांसपोर्टर लॉग-इन आईडी हैक होने का हवाला दे रहे हैं। वहीं स्वीकृति पत्र जारी करने वाले नान की आउटसोर्स कंपनी आरबी एसोसिएट का कहना है कि फर्जी लॉग-इन आईडी से स्वीकृत पत्र जारी किए गए। इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है।

दरक रहे रिश्ते: हर माह 200 से अधिक तलाक के मामले पहुंच रहे कुटुंब न्यायालय

# अधिकार के लिए लड़ रहीं महिलाएं, लेकिन कर्तव्य निभाने में पीछे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** राजकुमार (परिवर्तित नाम) का विवाह 1979 में हुआ। दोनों 45 साल साथ रहे, लेकिन उम्र के अंतिम पड़ाव पर पहुंचे तो पत्नी से विवाद होने लगा। पति-पत्नी एक-दूसरे पर शक करने लगे।

कुटुंब न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन पेश कर दिया। ऐसा राजकुमार का एक अकेला मामला नहीं है। हर महीने 200 से अधिक मामले कुटुंब न्यायालय पहुंच रहे हैं। हर उम्र के दंपत्तियों के बीच रिश्तों में खटास बढ़ी है। घर की चार दीवारी में विवाद नहीं सुलझ रहे हैं, तो कुटुंब न्यायालय की शरण ले रहे हैं। पिछले पांच महीने की स्थिति देखी जाए तो भरण-पोषण की तुलना में तलाक के केस अधिक आए हैं। पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझाने के लिए एक प्रधान न्यायाधीश व दो अतिरिक्त न्यायाधीश पदस्थ हैं। तीनों कोर्ट में बड़ी संख्या में केस हैं। इसके अलावा काउंसलिंग में भी विवादों को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन काउंसलिंग में विवाद को खत्म करने की जगह पति-पत्नी अपने-अपने ईगो को ठेस पहुंचाने की बात कर रहे हैं।

काउंसलिंग में कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि एक-दूसरे के साथ मारपीट न करने लगें। इसके अलावा परिसर में भी झगड़े की नौबत बनी रहती है।



### इस कारण बढ़े हैं विवाद

- पति-पत्नी के बीच अविश्वास बढ़ा है, इस वजह से झगड़े बढ़े हैं। ये इतने बढ रहे हैं कि ये घर में नहीं सुलझ रहे हैं।
- मोबाइल ने दंपतियों के बीच ज्यादा अविश्वास बढ़ाया है।
- पत्नी के माता-पिता का दखल बढ़ना।
- कई नव विवाहितों के भी रिश्ते ज्यादा दिन तक नहीं चल रहे हैं।
- चरित्र पर संदेह सबसे ज्यादा रिश्ता टूटने का कारण बन रहा है।

### पति उत्पीड़न के मामले भी बढ़े

कुटुंब न्यायालय में 2016 में 45 केस आए थे। इन केसों को सुनने के लिए एक जज पदस्थ थे, लेकिन समय बदलने के साथ पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़े। विवाद चार दीवारी में नहीं सुलझ सके तो मामले कोर्ट तक पहुंचे। 2020 तक एक हजार से नीचे केस थे, लेकिन चार साल में पति-पत्नी के बीच होने वाले विवाद और ज्यादा बढ़ गए, जिससे केसों का अंबार लग गया है। महिला उत्पीड़न के साथ पति उत्पीड़न के केस भी आने लगे हैं।

### केस कम नहीं होंगे, बढ़ोतरी होगी

वर्तमान परिस्थितियों में ससुराल में अधिकार के लिए ज्यादा लड़ाई हो रही है, पर कर्तव्य निभाने की दिशा में महिलाएं काम नहीं करती हैं। पत्नी के माता-पिता का हस्तक्षेप ज्यादा बढ़ा है, इस कारण लगातार केस बढ़ रहे हैं। कुटुंब न्यायालय में केस कम नहीं होने हैं, लगातार बढ़ोतरी होगी। आने वाले समय में दस जजों की जरूरत पड़ेगी।

**-हरीश दीवान,** काउंसलर, कुटुंब न्यायालय

## प्रधान आरक्षक ने खेत में लगाया फंदा, मौत

**बैतूल.** पुलिस लाइन में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने खेत में पेड़ से फंदा लगाकर शनिवार को आत्महत्या कर ली। घटना बैतूल बाजार के ग्राम रतनपुर की है। प्रधान आरक्षक छतरु सिंह इवने (56) ने एक पत्र छोड़ा है, जिसमें बीमारी से परेशान होने और पीएम न करवाने की बात लिखी है। वह फरवरी से ड्यूटी पर नही गया था। उसके भाई ने सबसे पहले उसका शव देखा।



## बालोद

# रकम डबल करने का झांसा देकर दोस्त से की दो लाख की ठगी

**बालोद @ पत्रिका.** छह माह में रुपए डबल करने का झांसा देकर पोंड के व्यक्ति से उसके दोस्त ने दो लाख की ठगी कर ली। राशि नहीं लौटाने पर थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया। प्रार्थी ललित कुमार साहू पिता खेमलाल साहू (49) निवासी ग्राम पोंड थाना पुरूर ने बताया कि उत्तम साहू पिता बुधराम साहू (38) निवासी ग्राम भंवरमरा तहसील व जिला राजनांदगांव हाल सन सिटी कॉलोनी मकान नंबर डी -82 राजनांदगांव ने पैसे डबल करने का लालच देकर 2 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाकर धोखाधड़ी की। उत्तम पूर्व परीचित होने के कारण घर आना-जाना था। कई बार एक लाख लगाकर छह में डबल करने की बात कही, लेकिन मैंने मना कर दिया। बार-बार कहने पर विश्वास कर 2 लाख रुपए 9 जुलाई 2021 को उसके एक्सिस बैंक के खाते में ट्रांसफर किया। छह माह बाद पैसे मांगने पर घुमाने लगा। मुझसे पहले मेरे कई रिश्तेदारों से भी धोखाधड़ी की। इसकी जानकारी मुझे बाद में हुई। पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## धमतरी

# पेट्रोल पम्प लूट के मास्टर माइंड को किया गिरफ्तार



**धमतरी @ पत्रिका.** ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) पेट्रोल पम्प लूट के मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड रवि नायक उर्फ भूरी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। मामले में फरार एक नाबालिग भी को पकड़ा गया। बीते 17 मई की रात श्री फ्यूल्स पीपरछेड़ी में पेट्रोल पम्प में तोड़फोड़ कर गल्ला में रखे 30 हजार रुपए लेकर भाग गए थे। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो लोग फरार थे। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रवि नायक उर्फ भूरी (22) पिता सुदेश नायक पोस्ट आफिस वार्ड को घर में ही घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। एक अन्य नाबालिग को भी पकड़ा गया। घटना के बाद से ही भूरी अंडर ग्राउंड हो गया था।

## बैकुंठपुर

# नौकरी लगाने ढाई लाख की ठगी, तीन साल का सश्रम कारावास बरकरार

**बैकुंठपुर @ पत्रिका.** प्रथम सत्र न्यायालय मनेंद्रगढ़ ने नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख के आरोपी की नीचली अदालत से मिली सजा को बरकार रखा है। प्रार्थी आनंद कुमार ने आरोपी बिरजनिया नगेशिया पति महीददास खलको (43) ग्राम करचा चांदो बलरामपुर निवासी को पैसा दिया था। आरोपी नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में डे-एनएलयूएम में संयुक्त संगठन में पदस्थ थी। उसके पति मसीहदास खलखो ने पुलिस की नौकरी लगाने के नाम पर दो किस्तों में 13 जून 2018 को डेढ़ लाख और 20 जुलाई 2018 को एक लाख सहित कुल ढाई लाख लिया था। मामले में फरार होने के बाद मनेंद्रगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने विवेचना कर अभियोग पत्र पेश किया। इस दौरान अभिरक्षा में पति महीहदास खलखो की मौत हो गई। मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनेंद्रगढ़ ने आरोपी बिरजनिया नगेशिया को धारा 420 में तीन साल सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

फैसले को प्रथम सत्र न्यायालय मनेंद्रगढ़ में चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई कर दोषसिद्ध और दंडादेश के निर्णय को पुष्ट कर अपील निरस्त कर दी। साथ ही वारंट जारी कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर सजा भुगताए जाने के लिए जिला जेल बैकुंठपुर को निर्णय की एक कॉपी भेजने आदेश दिए हैं।

## लाल आतंक : जप्पेमरका-कमाकानार और बेलपोच्चा के जंगल में मुठभेड़

# बीजापुर में 2 और सुकमा में 1 नक्सली को मार गिराया



नक्सलियों ने आवापाल्ली-उसूर मार्ग को कई जगह से काटकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

**पत्रिका ब्यूरो @ जगदलपुर/सुकमा/ बीजापुर.** सुकमा और बीजापुर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों के कमाकानार में दो नक्सली ढेर कर दिए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका व कामकानार के जंगलों में डीआरजी व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में शनिवार को जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं सुकमा के जिले के कोन्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को अपरान्ह ग्राम बेलपोच्चा के जंगल में सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई इसमें एक नक्सली ढेर हो गया है। कुल मिलाकर दक्षिण बस्तर में तीन नक्सली मुठभेड़ में मार गिराए गए है तीनों के शव भी बरामद हो गए है।

### बंद के एक दिन पहले नक्सलियों का उत्पात

नक्सलियों ने पुलिस मुठभेड़ों को फर्जी बताते हुए रविवार 26 मई को बंद का आह्वान किया है लेकिन एक दिन पूर्व शनिवार से ही नक्सलियों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जिले के आवापाल्ली-उसूर मार्ग को नक्सलियों ने कई जगह से काटकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। साथ ही बैनर लगाकर मौजूदा सरकार का विरोध किया। सड़क में खोदे गए गड्ढों के कारण उसूर से जगदलपुर आने वाली नही चली और रास्ते से ही बस वापसी उसूर लौट गई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गड्ढे पाटकर आवागमन सामान्य किया।

## बीजापुर में 33 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, इनमें 3 पर 5-5 लाख रुपए का इनाम



33 नक्सलियों ने सीआरपीएफ डीआईजी एसके मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के समक्ष समर्पण किया।

**बीजापुर.** इलाके में सक्रिय 33 नक्सलियों ने शनिवार को सीआरपीएफ डीआईजी एसके मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमे से तीन नक्सलियों पर पांच लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पितों ने बताया कि नक्सलियों द्वारा आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचार से वे दुखी हैं। वे गलत तरीके से आदिवासियों को प्रताड़ित करते हैं। वे शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे है। इन्हे पुनर्वास नीति के तहत 25000-25000 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई । वर्ष 20240में अब तक तक पुलिस ने बीजापुर जिले जहां 189 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है और 109 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।

### प्रमुख आत्मसमर्पितों के नाम...

राजू हेमला उर्फ ठाकुर पिता पाण्डु हेमला, सामो कर्मा उर्फ रनिता पिता भीमा कर्मा,जनताना सरकार अध्यक्ष सुदरु पुनेम उर्फ हिरोली सुदरु पुनेम, सुखराम माड़वी, मिलिशिया कमाण्डर सुरेश कुंजाम, डिप्टी कमाण्डर आयतु पुनेम उर्फ डोगुम, सेक्शन कमाण्डर रमेश पुनेम उर्फ पोजा, पायकु मड़काम, आयतु कुंजाम आदि हैं।

## कोरबा : आधी रात के बाद बिगड़ी तबीयत

# डिज्नीलैंड मेले में विषाक्त भोजन खाने से तीन लोगों की मौत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**कोरबा.** डिज्नीलैंड मेले में कपड़े की दुकान में काम करने वाले तीन लोगों की आधी रात भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ गई। इन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इनकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक भोजन के बाद इन तीनों के पेट में तेज दर्द की शिकायत पर दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई, जबकि नाबालिग ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। आशंका है विषाक्त भोजन खाने से मौत हुई है। मेले के संचालक कुलदीप वस्त्रकार ने बताया कि शुक्रवार की रात 11 बजे मेला खत्म होने के बाद अनिल पांडे (28) और समीर (21), सुहैल (12) और दो अन्य लोगों ने मिलकर एक साथ चिकन और अंडा बनाया था। इसे खाने के बाद पांचों सो गए। रात लगभग 3 बजे पेट दर्द की शिकायत होने पर उन्हें कोरबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। साथ में भोजन करने वालों में दो अन्य लोग भी शामिल थे लेकिन उन्हें न तो पेट में दर्द हुआ और न ही उल्टी या दस्त। उनकी जान बच गई है।

### डीन बोले- नाजुक स्थिति में लाए गए थे मरीज

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे मरीजों को अस्पताल में लाया गया था। जब उन्हें भर्ती किया गया था। उस समय उनकी स्थिति नाजुक चल रही थी।

## मलमा में कई लोगों के दबे होने की आशंका, जारी है निकालने का काम

# भयंकर विस्फोट से दहला बोरसी समेत आसपास के गांव, निकाले जा रहे मलमा के ढेर में दबे लोग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेमेतरा/बेरला.** ग्राम बोरसी के पास स्थित स्पेशल ब्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड बारुद कपंनी में सुबह आठ बजे भीषण ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार मलबे में लगभग 9 लोगों के दबे होने आशंका है। ग्राम पिरदा, बोरसी, गब्दा, भिभोरी के काम करने वाले ग्रामीण लापता है। वहीं एनडीआरएफव जिला प्रशासन की टीम शाम तक जेसीबी व चैन मोउंटेन मशीन लगाकर मलमे दबी लाशों को निकलने का प्रयास किया जा रहा है।

### 6 घायल आंबेडकर अस्पताल रेफर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरसी के पास स्थित स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी में सुबह धमाका हो गया। हादसा इतना भीषण था कि 15 किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। वहीं घटना स्थल पर 25 फीट गहरा गड्ढा हो गया। 6 घायलों को रायपुर स्थित आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पिरदा स्थित इस प्लांट में ब्लास्ट के बाद आसपास के गांव के घरों में दरार आ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ब्लास्ट होने से घरों में रखे सामान कंपन करने लगते हैं। इससे ग्रामीणों में खौफ है।

### घरों में पड़ी दरार

पिरदा निवासी मनोज वर्मा ने बताया सुबह धमाके से घर का शेड हिल गया। इसके अलावा कई घरों की दीवारों पर दरार पड़ गई है। इसमें ग्रामीण तन्नू पाल, खिलू साहू ग्राम बोरसी समेत अन्य गावों में दर्जनभर से अधिक मकान में दरार पड़ गई है। तनु पाल का मकान नया होने के बावजूद दरार पड़ गई, इससे ब्लास्ट की क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### 2 साल पहले कंपनी हुई थी सील

सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर कंपनी संचालित हो रही थी। इसमें मुख्य रूप से दमकल वाहन व एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं है। करीब 2 साल पहले सुरक्षा मानकों को ताक पर रखने के लेकर कंपनी को सील किया गया था। बाद में फिर से कंपनी संचालित होने लगी, लेकिन प्रशासन की ओर से सील खुलने के बाद सुरक्षा मानकों की जांच नहीं की गई।







## नया शेड्यूल: रेनी सीजन में नई फ्लाइट की सौगात

# प्रयागराज के लिए 16 अगस्त से और दिल्ली के लिए जल्द ही नई फ्लाइट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर .** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से प्रयागराज के लिए 16 अगस्त से इंडिगो एयरलाइंस की सीधी फ्लाइट शुरू होगी। नए शेड्यूल के अनुसार रायपुर से 12 बजे उड़ान भरने के बाद दोपहर 1.25 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहां से वापस दोपहर 1.50 बजे फ्लाइट उड़ान भरने के बाद 3.20 बजे रायपुर में लैंड होगी। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी ने बताया कि फ्लाइट के ऑनलाइन इंक्वायरी में इसे शामिल किया गया है। इसका संचालन नियमित रूप से किया जाएगा। रायपुर से प्रयागराज के लिए फ्लाइट पहले निजी एयरलाइंस की फ्लाइट चलती थी। लेकिन, तकनीकी कारण बताकर 28 अक्टूबर 2023 से बंद कर दिया था। ट्रैवल्स संचालकों ने कंपनी के इस फैसले का विरोध करते हुए दोबारा शुरू करने के लिए केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही बताया था कि प्रयागराज के लिए एकमात्र उड़ान होने की वजह से इसमें बड़ी संख्या में यात्री नियमित रुप से सफर करते हैं। वहीं पिछले डेढ़ महीने से रायपुर से दिल्ली के बीच चलने वाली विस्तारा एयरलाइंस की एक फ्लाइट जल्दी ही नियमित रूप से उड़ान भरेगी।




### अयोध्या, जयपुर, राजकोट, पटना और रांची के लिए पत्र भेजा

**ट्रैवल्स संचालकों** ने रायपुर से अयोध्या, जयपुर, राजकोट, पटना और रांची के लिए नई फ्लाइट शुरू करने केंद्रीय विमानन मंत्रालय को पत्र भेजा है। इसमें बताया गया है कि छत्तीसगढ़ से राममंदिर दर्शन के लिए बड़ी संख्या में यात्री अयोध्या जाते हैं इसके लिए उन्हें दूसरे शहरों से वाया होते हुए जाना पड़ता है।

# केबीसी में रकम जीतने का झांसा देकर ठगी नाबालिग समेत 2 आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** कौन बनेगा करोड़पति में 8.50 लाख रुपए की प्राइज मनी जीतने के नाम सीतापुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से 3 लाख 20 हजार रुपए की ठगी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने एक नाबालिग समेत 2 आरोपियों को बिहार के शेखपुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 5 नग मोबाइल, 2 एटीएम कार्ड, 2 पेन कार्ड, 1 रजिस्टर व 10 हजार रुपए नगद जब्त कर युवक को जेल, जबकि नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनतराई निवासी झंडेश्वर कुशवाहा ने 16 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उससे कौन बनेगा करोड़पति में प्राइज जीतने के नाम पर 3 लाख 20 हजार रुपए की ठगी की गई है। उसने बताया कि 14 फरवरी को उसके पास अज्ञात शख्स का फोन आया था। उसने कहा कि आपने केबीसी में 8.50 लाख रुपए जीते हैं। यदि ये रुपए चाहिए तो आपको कुछ राशि खर्च करनी पड़ेगी। इसके बाद उसने प्रोसेसिंग फीस, इनकम टैक्स, लेट फीस एवं अन्य चार्ज के नाम पर 14 फरवरी से 26 फरवरी तक कुल 3 लाख 20 हजार रुपए ट्रांजेक्शन कराए। इसके बाद न तो उसे इनाम और न ही रुपए वापस मिले। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

**बिहार के शेखपुरा से 2 आरोपी गिरफ्तार :** पुलिस ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए, फिर आरोपियों को गिरफ्तार करने बिहार के शेखपुरा जिला के लिए रवाना हुई। इसके बाद पुलिस ने शेखोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कबीरपुर में घेराबंदी कर आरोपी राजीव कुमार 21 वर्ष तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने ठगी की बात स्वीकार की।

## हाईकोर्ट : पॉक्सो एक्ट मामले की सुनवाई

# नाबालिग से रेप के दोषी की सजा को उचित ठहराया, अपील खारिज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**बिलासपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में सुनवाई के बाद आरोपी की अपील खारिज कर सजा बरकरार रखी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि नाबालिगों के साथ बढ़ते अपराधों पर कड़ाई जरूरी है। एफएसएल और मेडिकल रिपोर्ट से अपराध की पुष्टि हो रही है। ट्रायल कोर्ट ने सजा सुनाने में कोई गलती नहीं की है।

सरगुजा क्षेत्र में रहने वाली 12 वर्षीय मासूम किसी बात से नाराज होकर 15 सितंबर 2017 को अपनी मौसी के घर जाने निकली थी। रास्ते में उसको पलटन घाट के पास बलपूर्वक उठाकर आरोपी जंगल के अंदर ले गया और जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद मासूम डरी सहमी बस स्टैंड के पास खड़ी थी। पूछताछ करने पर उसने मौसी के घर जाने की बात कही। लोगों ने उसे मौसी के घर छोड़ दिया। पीड़िता ने परिवार वालो को घटना की जानकारी दी। 16 सितंबर को पिता ने रामानुजगंज थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया और मौके पर लेकर गए। पीड़िता ने आरोपी की पहचान की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कपड़े जब्त कर एफएसएल जांच के लिए लैब भेजा। जांच में कपड़े में आरोपी के स्पर्म होने की पुष्टिहुई। मेडिकल करने वाले चिकित्सक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म होने व उसकी उम्र 11-12 वर्ष होने की पुष्टि की।

गवाहों और अन्य जांच रिपोर्ट पर बलरामपुर सत्र न्यायालय ने आरोपी को धारा 363, 366 के अंतर्गत 7 वर्ष, धारा 506 में एक वर्ष एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम), 6 में दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील प्रस्तुत की। अपील पर जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल के कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपी ने अपील में कहा कि पीड़िता वयस्क है, वह अपनी मर्जी से आरोपी के साथ गई। बलात्कार नहीं किया गया है। लेकिन पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने सजा को उचित ठहराते हुए अपील खारिज कर दी।

## | चारों ओर पहाड़ से घिरे सक्ती जिले के गांव रैनखोल के ग्रामीणों का सुधरने लगा जीवन |

# जहां दो घंटे बाद पहुंचती है सूर्य की रोशनी, वहां अब पहुंचा विकास

पत्रिका एक्सक्लूसिव

पंकज यादव
patrika.com

**नगरदा/सक्ती.** जिले का रैनखोल गांव, जहां सूरज की रोशनी भी दो घंटे बाद पहुंचती है। वहां अब लोगों को वह तमाम सुविधाएं मिलने लगी है जो एक विकसित गांव को मिलती है। भले ही यहां की आबादी मात्र 350 है। लेकिन विकास की किरणें अब यहां तक पहुंचने लगी है।

ग्रामीणों की मानें तो चारों ओर पहाड़ से घिरे होने से यहां सूर्य की रोशनी भी दो घंटे बाद यानी सुबह 8 बजे दिखाई पड़ती है। वहीं ठंड के मौसम में सूर्य की रोशनी के लिए सुबह 9 बजे तक इंतजार करना पड़ता है।

### 350 जनसंख्या है गांव की, ज्यादातर कोरवा और धनुहार जनजाति के लोग



**गांव में सड़क की दरकार** सरकार ने गांव तक पहुंचने के लिए पहाड़ को तोड़कर सड़क का निर्माण तो कर दिया लेकिन गांव में आज भी मिट्टी की सड़क है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां सीसी रोड की दरकार है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां तक रेत, गिट्टी, सीमेंट की सप्लाई के लिए भारी वाहन नहीं पहुंच पाते। इसके चलते गांव में विकास नहीं पहुंच पा रहा है।

### पहले पहाड़ काटकर बसे, फिर बदली तस्वीर

**मूलत:** रैनखोल के पहाड़ी में कोरवा व धनुहार जाति के लोग रहते हैं, जो पहाड़ से उपजे फल-फूल, लकड़ी व बांस से निर्मित वस्तुओं पर निर्भर रहते थे। पहले गांव के कोरवा जाति के लोग बांस की लकड़ी से सूपा, टोकरी जैसे चीजें बनाकर अपना रोजी-रोटी कमाते थे। वहीं आज से दो दशक पहले जहां सड़क, बिजली, पानी की दरकार थी। यहां तक कि लोग पहाड़ों को काटकर बसने की शुरुआत की थी आज गांव की तस्वीर ही कुछ अलग होते जा रही है। गांव में बिजली, पानी की सुविधा के अलावा मोबाइल टावर भी लगने लगा है। इतना ही नहीं अब गांव के होनहार सरकारी नौकरी भी पा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां आठवीं तक की पढ़ाई की सुविधा है। इसके बाद की पढ़ाई के लिए पहाड़ से उतर कर ऋषभतीर्थ ग्राम पंचायत जाना पड़ता है।

> गांव में विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। फिर भी अभी विकास के कई कार्य बाकी है। इसके लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है।
>
> **-संतराम सिदार,** सरपंच ग्राम पंचायत रैनखोल

## जशपुर : रनपुर के साप्ताहिक बाजार की घटना

# एसयूवी से आईं दो महिलाएं, बाजार में चोरी करते पकड़ी गईं



**पत्रिका ब्यूरो @ जशपुरनगर.** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रनपुर में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दो महिलाएं पर्स गायब करते पकड़ी गईं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ये दोनों एसयूवी से बाजार में आई थीं। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को रनपुर साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों ने 2 ऐसे महिलाओं को पकड़ा, जो बड़ी ही सफाई से भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर बाजार में खरीददारी कर रहीं महिलाओं का पर्स सहित पैसे गायब कर रही थीं बताया जा रहा है कि 2-3 महिलाओं के पर्स से पैसा गायब करने में कामयाब होने के बाद एक ग्रामीण महिला ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर काफी हो हल्ला और हंगामे मच गया। इसके बाद जानकारी मिलने पर मौके पर नारायणपुर थाने की पुलिस भी पहुंच गई और उन दोनों आरोपी महिलाओं को थाने ले गई।

कड़ी सुरक्षा के बीच गोरखपुर जू में किए शिफ्ट

# इटावा सफारी पार्क में नहीं गूंजेगी भरत-गौरी की दहाड़

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इटावा.** इटावा सफारी पार्क से शेर भरत और शेरनी गौरी को गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला प्राणी उद्यान में भेजा गया है। शेर भरत और शेरनी गौरी को शुक्रवार की सुबह इटावा सफारी से गोरखपुर जू के लिए रवाना किया गया था। बब्बर शेर भरत शेरनी जेसिका और शेर मनन का शावक है, जो कि इटावा सफारी पार्क में 26 जून 2019 को जन्मा था।

वहीं, शेरनी गौरी को गुजरात के गिर से इटावा सफारी पार्क लाया गया था। इटावा सफारी पार्क में अब कुल 13 बब्बर शेर और शेरनी बचे है। दोनों को कड़ी सुरक्षा के बीच गोरखपुर रवाना किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल, डिप्टी डायरेक्टर विनय कुमार सिंह, रेंज आफीसर रुपेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

शेरों के जोड़े को इटावा सफारी पार्क से गोरखपुर भेजे जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष से यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार है। इटावा लायन सफारी के लिए उन्होंने कुछ तो किया नहीं और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार में तैयार करवाई गई सफारी से चार शेर ले जा चुके है। सरकार की मंशा इटावा सफारी पार्क को लेकर शुरू से ही सही नहीं है। अब शेरों को ले जाकर इस सफारी को बर्बाद करने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। इससे वन्यप्रेमी भी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

### सेंट्रल जू अथॉरिटी को भी वन विभाग नजर अंदाज कर रहा

इसके इतर इटावा सफारी पार्क में पिछले साल ओर इस साल आधा दर्जन से ऊपर हुई शावकों की मौत की आज तक जांच नहीं हुई है, जबकि शावकों की मौत निश्चित तौर पर गंभीर लापरवाही के कारण संभव हुई है। सेंट्रल जू अथॉरिटी को भी वन विभाग नजर अंदाज कर रहा है। बता दें कि इससे पूर्व 27 फरवरी 2021 में शेर पटौदी और शेरनी मरियम को गोरखपुर जू में भेजा गया था। जहां शेरनी मरियम की इसी वर्ष मौत हो चुकी है। जिसके बाद गोरखपुर जू में बब्बर शेर पटौदी ही बचा है।

### विश्व प्रसिद्ध इटावा सफारी पार्क में आते हैं हजारों देशी-विदेशी पर्यटक

यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में बने विश्व प्रसिद्ध इटावा सफारी पार्क में देशी-विदेशी पर्यटक आते है, जिनसे राज्य सरकार को लाखों का राजस्व मिलता है। इसके बावजूद सफारी के रखरखाव के लिए कोई बजट देना तक प्रदेश सरकार ने मुनासिब नहीं समझा है। इसके उलट इटावा सफारी पार्क से गोरखपुर में निर्मित अशफ़ाकउल्ला प्राणी उद्यान के लिए शेरों को लगातार भेजा जा रहा है।

बक्सर में होगा बहुकोणीय मुकाबला

# कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग में फिर सेंध लगाने की फिराक में भाजपा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** उतरायणी गंगा की तट पर बसा बक्सर लोकसभा सीट देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीट पर सीधा प्रभाव डालता है। यही कारण है कि सभी पार्टी के नेताओं ने इस लोकसभा सीट को जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

बक्सर संसदीय सीट पर इस बार के चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। बक्सर सीट पर करीब तीन दशक से भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी तत्कालीन जनता दल एवं मौजूदा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच ही मुकाबला होता रहा है।

भाजपा के टिकट पर बैकुंठपुर से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, राजद के टिकट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह चुनावी समर में उतरे हैं, वहीं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा, पूर्व विधायक ददन यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के अनिल कुमार के चुनावी जंग में उतरने से बक्सर की चुनावी जंग बहुकोणीय हो गई है। कभी कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग कहे जाने वाले बक्सर लोकसभा क्षेत्र पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। बदलते परिवेश में कांग्रेस के आधार वोटर भाजपा में शिफ्ट हो गए है। वर्ष 1984 के बाद चालीस वर्ष से कांग्रेस बक्सर लोकसभा से संसदीय चुनाव नहीं जीत पाई है।

बक्सर लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इसमें बक्सर जिले के ब्रह्मपुर, डुमरांव, बक्सर, राजपुर सुरक्षित के अलावा कैमूर जिले का रामगढ़ और रोहतास जिले का दिनारा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। रामगढ़, ब्रह्मपुर,और दिनारा में राजद का कब्जा है। बक्सर और राजपुर में कांग्रेस, डुमरांव में भाकपा माले का कब्जा है। सभी छह सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा है।

### ब्राह्मण बहुल क्षेत्र बक्सर



ब्राह्मण बहुल क्षेत्र बक्सर में लगातार दो बार वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में जीत का परचम लहरा चुके केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का टिकट काटकर भाजपा ने उनकी जगह पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवारी मिलने के साथ ही चौबे ने विरोध शुरू कर दिया। आनंद मिश्रा 2011 बैच के असम कैडर के आईपीएस रहे हैं। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा देकर राजनीति में कदम रखा है। आनंद मिश्रा के भाजपा के टिकट पर बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें थीं, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिससे नाराज होकर वह निर्दलीय चुनावी रणभूमि में उतर आए हैं।

**दो पक्षों के विवाद में दुर्गा मंदिर में पड़ा ताला: कानपुर.** गोविंदनगर क्षेत्र में स्थित दुर्गा मंदिर में कथित रूप से दान पेटी पर कब्जे की लड़ाई में दर्शनार्थियों को मां दुर्गा के दर्शन पूजन से वंचित होना पड़ रहा है। दबौली मेन रोड पर स्थित दुर्गा मंदिर में दानपेटी और कब्जे को लेकर कई दिनों से मंदिर की देखरेख करने वाले कैलाश पाल के पुत्र ललित और पुजारी अशोक कुमार दीक्षित के पुत्र निर्मल के बीच तकरार चल रही थी। गुरुवार को भी जब ललित अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर आया तो निर्मल के साथ उलझ गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

**ग्रामीण की करंट की चपेट में आकर मौत: बहराइच.** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के हमीरपुर छिटकुरी गांव में एक ग्रामीण की करंट लगने से शनिवार को मौत हो गई। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर के मजरा छिटकुरी गांव निवासी सुरेंद्र बहादुर सिंह (52) पुत्र राजेंद्र सिंह के घर के सामने नल लगा हुआ है। शनिवार को वह सुबह पानी भरने के लिए नल की ओर गए। वहां पहले से ही तार टूटा पड़ा था, जिसमें बिजली आपूर्ति हो रही थी। पानी भरने के दौरान वह तार के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से ग्रामीण जमीन पर गिर गया।

**भदोही में सब्जी विक्रेता की हत्या: भदोही.** जिले के गोपीगंज क्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता की हत्या से सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि सत्तू का तारा निवासी दुर्बली गौतम (58) ने सब्जी की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर वह रोज की तरह घर जा रहा था। कौलापुर रेलवे ट्रेक के पास अज्ञात हमलावरों ने उसके सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी और शव को ट्रैक से लगभग 50 कदम की दूरी पर फेंक दिया। शनिवार सुबह शौच के लिए निकले लोगों ने खेत में रक्त रंजित शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी।

**योगी ने गोरखनाथ मंदिर में किया दर्शन पूजन: गोरखपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की और मंदिर में आए बच्चों को आशीर्वाद दिया। गोरखपुर मंडल में पांच चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद सीएम योगी ने गोरखनाथ के दर्शन पूजन के बाद अपने ब्रह्मलीन गुरुमहंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेका और पूजन किया। उन्होंने गोशाला के स्वयंसेवकों को भीषण गर्मी में गोवंश की देखभाल के लिए उठाए जाने वाले जरूरी कदमों को लेकर निर्देशित किया।

ममता के बयान से खफा योगी, बोले- हिन्दू विरोधी है इंडिया गठबंधन

# 'सनातन धर्म के मूल्यों और आदर्शों का विरोध ही इंडिया गठबंधन की नींव'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**गोरखपुर.** भारत सेवाश्रम संघ, रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और इंडी गठबंधन के सभी दल हिंदू विरोध की राजनीति करते हैं।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बलिया रवाना होने से पहले गोरखनाथ मंदिर परिसर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और उसके जो भी सहयोगी दल हैं, उनकी पूरी राजनीति ही हिंदू विरोध पर आधारित है। उनके लिए देश की तुलना में सत्ता अधिक महत्वपूर्ण है। देश की कीमत पर ये दल सत्ता चाहते हैं और कोई भारतीय इसे स्वीकार नहीं करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण भारत के एक और विभाजन के षड्यंत्र का हिस्सा है। कोलकाता उच्च न्यायालय ने जो निर्णय लिया है, वह अत्यंत सराहनीय और अभिनंदनीय है। उच्च न्यायालय का यह निर्णय टीएमसी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों के मुंह पर जोरदार तमाचा है। इंडी गठबंधन के सभी दलों का सनातन धर्म का विरोध करना, हिंदू धर्म के मूल्यों और आदर्शों का विरोध ही उनकी नींव है। उसी के अनुरूप उनके बयान और कदम सामने आ रहे हैं। ये बयान उनकी हार की बौखलाहट को प्रदर्शित करते हैं।

### इन दोनों संस्थाओं ने सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को भी देश और दुनिया में आगे बढ़ाया

सीएम योगी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ, दोनों भारत की प्रतिष्ठित धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाएं हैं। रामकृष्ण मिशन ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर पूरे देश और दुनिया के अंदर सनातन धर्म के मूल्यों और आदर्शों को भारत के आध्यात्मिक मूल्यों को देश और दुनिया तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। इसी तरह भारत सेवाश्रम संघ भी सनातन हिंदू धर्म की बहुत ही प्रखर आध्यात्मिक संस्था है। इन दोनों संस्थाओं ने सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को भी देश और दुनिया में आगे बढ़ाया है।

## कैमूर में हेरोईन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भभुआ.** कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने 7.560 ग्राम हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

ह्यह्य6पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिगठी प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार को पुलिस गश्त कर रही थी। तभी दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें धरदबोचा। तलाशी के दौरान उन लोगों के पास से 7.560 ग्राम हेरोईन बरामद किया गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र निवासी आकाश कुमार और राजेश कुमार के रूप में की गई है।

## 65 वर्षीय वृद्ध को बलात्कार मामले में 10 साल की सजा

### शादी का प्रलोभन देकर बनाए शारीरिक संबंध

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** जिले की एक सत्र अदालत ने बलात्कार मामले में एक 65 वर्षीय वृद्ध को 10 वर्षों के कठोर कारावास के साथ पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) संगम सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र स्थित राजपुरा गांव निवासी नागो राय को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को मुआवजा देने की अनुशंसा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से की है।

### शादी करने से इनकार कर दिया

**मामले** की अपर लोक अभियोजक सरोज कुमारी ने बताया कि दोषी ने वर्ष 2004 में अपने ही गांव की एक विधवा के साथ बलात्कार किया और बाद में उसे शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब वह गर्भवती हो गई, तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए मामले में सात गवाहों का बयान अदालत में कलमबंद करवाया था।

## कर्नाटक के तीन श्रद्धालुओं की हादसे में मौत, 14 घायल

**अयोध्या @ पत्रिका.** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक वाहन की ट्रक से टक्कर होने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

ये श्रद्धालु कर्नाटक के कलबुर्गी से अयोध्या जा रहे थे, तभी परोमा के पास हादसा हो गया। टेम्पो ट्रैवलर में कुल 22 श्रद्धालु सवार थे। जिला अस्पताल के सीएमएस उत्तम कुमार के मुताबिक 2 की मौत जिला अस्पताल में हुई है जबकि एक अन्य अज्ञात श्रद्धालु की मौत अयोध्या मेडिकल कॉलेज के दर्शननगर हास्पिटल में हुई है।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से 14 घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल लाए जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आशीष पाठक ने श्रद्धालु शिवपूजन (56 वर्ष ) पुत्र स्व सगप्पा व तनजप्पा( 45 वर्ष ) पत्नी अज्ञात को मृत घोषित कर दिया। घायल श्रद्धालुओ का इलाज अस्पताल में चल रहा है जो खतरे से बाहर बताए जाते हैं।

## मोरों की हत्या से मचा हड़कंप

**इटावा @ पत्रिका.** फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में उदयपुरा गांव के पास तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की शिकारियों ने हत्या कर दी। ग्रामीणों ने दो शिकारियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि एक मोटरसाइकिल सवार शिकारी घटना स्थल से फरार हो गया। इटावा के प्रभागीय वन निदेशक अतुलकांत शुक्ला ने बताया कि इस सिलसिले में इलाकाई रेंजर और फॉरेस्ट गार्ड को निर्देशित कर दिया गया है। वह फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में मुकदमा दर्ज करने के लिए गए हुए हैं। मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद शिकार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## होटल के कमरे में युवती की हत्या करने के आरोपी ने की आत्महत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शाहजहांपुर.** जिले के थाना चौक कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल के कमरे में एक नर्स की हत्या करने के आरोपी ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को थाना कोतवाली के केरूगंज स्थित एक पिज्जा हब के कमरे में 22 वर्षीय युवती का शव मिला था। इसके बाद मृतक के परिजनों ने आरोपी शुभम शुक्ला तथा अन्य के विरुद्ध सामूहिक दुराचार के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई थी, जिसमें पीलीभीत पुलिस ने भी पुलिस टीम का सहयोग किया। टीम को शनिवार सुबह जानकारी मिली कि कथित रूप से हत्यारोपी शुभम का शव थाना पूरनपुर के पड़रिया गांव के जंगल में मिला, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक शुभम ने मृत्यु पूर्व एक दूसरा वीडियो बनाया और अपने सौतेले भाई बंटू के मोबाइल पर भेज दिया। जिसमें कहा है कि पुलिस किसी को परेशान नहीं करें, हम दोनों ने जो भी किया है, वह अपनी मर्जी से किया है और इसमें किसी का कोई दोष नहीं हैं। थाना पूरनपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इलाके में लोगों में चर्चा जोरों पर है।

### हम आपस में प्यार करते थे

**मृतक शुभम** ने पिज़्ज़ा हब में मृतक युवती के पास बनाए गए वीडियो में कहा ' हम आपस में प्यार करते थे परंतु मैं शादीशुदा हूं, इसलिए शादी नहीं कर सकते तो उसने कहा कि हम दोनों आत्महत्या कर लें। उसने वैसा ही किया, इसमें किसी का कोई दोष नहीं है।'

## चुनाव सभा



**बिहार** के भोजपुर में शनिवार को एक प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा अन्य पदाधिकारी।

## बिहार से देशभर में रेल पहुंचाएगी लीची



**समस्तीपुर @ पत्रिका.** बिहार में पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से उत्तर बिहार के व्यापारियों की सुविधा के लिए शनिवार से पवन एक्सप्रेस ट्रेन में पहली बार लीची लोडिंग के लिये एसएलआर कोच की सुविधा प्रदान की गई है।

रेलवे के अनुसार समस्तीपुर समेत आस-पास के क्षेत्रों में किसानों द्वारा लीची की पैदावार की जाती है। किसानों एवं व्यापारियों की मांग पर वाणिज्य विभाग ने किसानों एवं व्यापारियों को लीची लोडिंग के लिए 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल पवन एक्सप्रेस ट्रेन में 3.9 टन का एसएलआर कोच उपलब्ध करवाया है।

इस ट्रेन के माध्यम से व्यापारी अब समस्तीपुर से सीधे महाराष्ट्र के मुम्बई समेत देश के अन्य क्षेत्रों में लीचियों का स्वाद लोगों तक कम लागत में पहुंचायेंगे।

## सुपौल में 600 बोतल नेपाली शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सुपौल.** जिले से सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने शनिवार को 600 बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 45 वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 229/11 के पास से अवैध सामान की तस्करी होने वाली है।

सूचना की विश्वसनीयता देखते हुए तस्करों को पकड़ने के लिए एसएसबी के उप निरीक्षक राजपाल सिंह के साथ 04 अन्य एवं बिहार पुलिस के जवानों का एक नाका दल का गठन किया गया और चिन्हित स्थान के पास नाकेबंदी की गई। कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति नेपाल प्रभाग से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। व्यक्ति के भारतीय प्रभाग में प्रवेश करने के उपरांत नाका दल द्वारा उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया एवं उसकी तलाशी ली गई। उक्त व्यक्ति के पास से 600 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई।

## कन्नौज में एक्सप्रेस वे पर बस पलटी, 30 घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कन्नौज.** जनपद के ठठिया क्षेत्र में सवारियों से भरी बस शनिवार तड़के एक्सप्रेस-वे के किनारे खाई में पलट गई। हादसे में बस में सवार 30 लोग घायल हो गए, जिनमें 14 को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आजमगढ़ से दिल्ली जा रही यात्री बस ठठिया थाना क्षेत्र में परफ्यूम पार्क के पास सुबह चार बजे एक ट्रक से टकराने के बाद खाई में पलट गई। बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या 203 के नजदीक पहुंची थी कि ड्राइवर को झपकी आने से बस आगे चल रहे मक्का लदे ट्रक से टकरा गई और अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे के किनारे खाई में पलट गई।

घटना की सूचना मिलते ही ठठिया थाना पुलिस और यूपीडा कर्मी वहां पहुंच गए। हादसे में घायल 14 लोगों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। हादसे में बस में सवार विक्रांत सोनकर, नरेंद्र, चंद्रकला, जानकी, अजय व अर्जुन विश्वकर्मा, नरतिक्का विश्वकर्मा, यतीश सिंह चौधरी, भुवनेश कुमार, रमेश, सुरेश कुमार गुप्ता, संजीव गुप्ता व सरोज गुप्ता और हीरावती घायल हो गई। सभी का इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

## स्लीपर बस में लगी आग, एक की मौत, 11 घायल

**इटावा @ पत्रिका.** चौबिया इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 118 के पास गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस में डिवाइडर से टकराने से भीषण आग लग गई। आग लगने से बस में सवार एक यात्री की झुलसने से मौत हो गई, जबकि 11 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया।

## 61.41% ने किया मताधिकार का प्रयोग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में छठे चरण में चार लोकसभा क्षेत्र रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार शाम पांच बजे शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया। इस दौरान 61.41 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि गिरिडीह में 64.75 प्रतिशत, जमशेदपुर में 64.30, धनबाद में 58.90 और रांची में 58.73 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान कहीं से किसी गड़बड़ी की सूचना नहीं है। इन चारों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी गई। हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगे थे। उक्त चारों सीटों पर कुल 93 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें रांची से 27, धनबाद से 25, जमशेदपुर से 25 और गिरिडीह से 16 उम्मीदवार हैं।

छठे चरण में सभी चरणों से अधिक 82,16,506 मतदाता थे। कुल 8963 बूथों में से 186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा व्यवस्था संभाल रहे थे। वहीं 15 यूनिक बूथ थे जिसे विशेष तरह से विकसित किया गया था।

उक्त चारों संसदीय क्षेत्रों में जिन प्रमुख उम्मीदवारों का भाग्य आज ईवीएम में बंद हुआ है। उनमें गिरिडीह से आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी, झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो, जयराम महतो, रांची से भाजपा के संजय सेठ, कांग्रेस की यशस्विनी सहाय, जमशेदपुर से भाजपा के विद्युत वरण महतो, झामुमो के समीर मोहंती और धनबाद से भाजपा के ढुल्लू महतो तथा कांग्रेस की अनुपमा सिंह शामिल हैं। सभी स्थानों पर स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवकों ने भी ड्यूटी दी।



### इन्होंने किया मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी रांची में राजकीय कृत मॉडल उच्च विद्यालय बीएमपी ग्राउंड डोरंडा के प्रधान केंद्र संख्या 372 पर मतदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र मतदान करने पहुंचे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने नेहरू सांस्कृतिक केन्द्र, जवाहर नगर, कांके स्थित मतदान केन्द्र एव अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा तहसील कचहरी,रातु रोड स्थित अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और कल्पना सोरेन मुर्मू ने रांची में तथा उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर में मतदान किया।

162 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद

# छठे चरण में उत्तर प्रदेश में 54 फीसदी मतदान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** गर्मी के तल्ख तेवरों के बीच शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश में 15 जिलों की 14 लोकसभा सीटों में औसतन 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव के इस चरण में भाजपा सांसद मेनका गांधी, दिनेश लाल निरहुआ और सपा के धर्मेंद्र यादव के अलावा कृपा शंकर सिंह, उज्जवल रमण सिंह, लालजी वर्मा समेत 162 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान वाले जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शाम छह बजे तक सुल्तानपुर में 55.50, प्रतापगढ़ में 51.60, फूलपुर में 48.94, इलाहाबाद में 51.75, अम्बेडकरनगर में 61.54, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, सन्तकबीरनगर में 52.63, लालगंज (सु) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर(सु) में 54.43 और भदोही में 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र में एटा जिले के एक पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुर्नमतदान 73.99 प्रतिशत हुआ। सुबह सात बजे शुरु हुये मतदान के पहले चार घंटों में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसके चलते सुबह 11 बजे तक औसत मतदान प्रतिशत 27 फीसदी से ज्यादा रहा मगर तेज धूप और गर्मी ने मतदान की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिये और लू के थपेड़ों के बीच कई मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसर गया। नतीजन अगले चार घंटों में करीब 17 फीसदी लोग ही घर से बाहर निकलने का साहस दिखा सके। शाम के समय मतदान में हल्की तेजी नजर आयी मगर यह मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में असफल रही।

### 14 हजार 480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई

**रिणवा** ने बताया कि छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, भदोही जिलों में वोट डाले गये। मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के लिये 14 हजार 480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए 14 सामान्य प्रेक्षक, 08 पुलिस प्रेक्षक तथा 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2,833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 14 सीटों में से भाजपा ने दस पर कब्जा किया था।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस - 31 मई : निकोटीन को अपनी जिंदगी से बाहर निकालें, जीएं स्वस्थ जीवन

# तम्बाकू यानी जीवन की 'मौत'

## चबाने वाले उत्पादों से भी रहें दूर...



- **13.5** लाख लोगों की मृत्यु भारत में हर वर्ष होती है तम्बाकू के सेवन से।
- **80** लाख लोगों की हर साल दुनिया में मृत्यु होती है तम्बाकू से।
- **19%** ज्यादा हानिकारक होती है ई-सिगरेट सामान्य सिगरेट की तुलना में।
- **50%** घट जाती है तम्बाकू छोड़ने के बाद मुंह-गले के कैंसर की आशंका।

तम्बाकू की आदत गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर सकती है। इसमें मौजूद निकोटीन सेहत के लिए नुकसानदेह होता है और यह कैंसर का कारक भी हो सकता है। चाहे इसका सेवन चबाकर करें या धूम्रपान के जरिए इसमें मौजूद कार्सिनोजनिक तत्त्व शरीर पर बुरा असर डालते हैं।

### इसका सेवन दो तरह से

**1. धूम्रपान के जरिए**
इसमें ऐसे उत्पाद आते हैं, जिन्हें जलाकर सेवन किया जाता है। इसमें धुआं उत्पन्न होता है।

**2. धुआं रहित उत्पाद के जरिए**
इनमें ऐसे उत्पाद आते हैं जिन्हें जलाया नहीं जाता। इन्हें चबाया या चूसा जाता है। नाक से सूंघा जाता है, जिससे रस मुंह या नाक से शरीर में अवशोषित हो जाता है। धुआं रहित तम्बाकू में निकोटीन व हानिकारक रसायन जैसे आर्सेनिक, लैड व फॉर्मेल्डिहाइड होते हैं। धुआं रहित तम्बाकू उत्पाद में हानिकारक रसायनों का स्तर धूम्रपान की तुलना में कम होता है, परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि यह उत्पाद धूम्रपान का सुरक्षित विकल्प है।

### जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता

- **मसूड़ों** का रंग गहरा होना व दांतों पर उनकी पकड़ कम पड़ना जिससे दांतों का ढीला होना।
- **दांतों** का क्षय। दांतों की स्टेनिंग एवं मुंह से दुर्गंध आना।
- **मुंह** में सफेद चकते बनना, जो गाल, मसूड़े, होंठ या जीभ के कैंसर में परिवर्तित हो सकता है।
- **गले,** भोजन नली का कैंसर।
- **आमाशय** में घाव व कैंसर।
- **गंध**-स्वाद का पता न लगना।
- **गर्भावस्था** के दौरान तम्बाकू उपयोग करने से शिशु का जन्म समय पूर्व हो सकता है व शिशु की जान को खतरा हो सकता।
- **हृदय रोग :** निकोटीन से हृदय गति एवं रक्तचाप का बढ़ना, हृदय गति का अनियमित होना, जिसके कारण व्यक्ति की अचानक मृत्यु भी हो सकती है।

### ऐसे छोड़ें धुआं रहित तम्बाकू

- **इसे** छोड़ने की एक तिथि नियत करें एवं अपने पास उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों को दूर करें।
- **अपने** चिकित्सक से सलाह करें।
- **अपने** मित्रों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों से सलाह व मदद लें।
- **आवश्यकता** होने पर मुंह में शुगर लेस गम, पम्पकिन-सनफ्लावर सीड या अन्य गुणकारी वस्तु का उपयोग करें।
- **अन्य** कार्यों में व्यस्त रहें जैसे संगीत सुनना, पुस्तक पढ़ना, व्यायाम, योग करना, पैदल चलना या दौड़ना।
- **धूम्र** रहित तम्बाकू को इस्तेमाल न करने से, जो भी बचत होती है उससे स्वयं के लिए उपहार लें।
- **उन** व्यक्तियों, जिन्होंने मदद की है उनके साथ अपना समय बिताएं।
- **तम्बाकू** छोड़ने में शुरुआत में परेशानी हो सकती है जैसे घबराहट, चक्कर, कब्ज। मन पक्का व विचार सकारात्मक रखें। *- डॉ. विनोद गर्ग, चेस्ट फिजिशियन*



## ई-सिगरेट पीना ज्यादा हानिकारक

ई-सिगरेट (वेप) पीना ज्यादा हानिकारक है। हाल में हुए यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन व इंसब्रुक विश्वविद्यालय के अध्ययन से यह बात सामने आई है कि ई-सिगरेट सामान्य सिगरेट से 19 प्रतिशत ज्यादा हानिकारक है। भारत उन कुछ देशों में से एक है, जिन्होंने ई-सिगरेट के निर्माण, आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है पर अब भी यह ग्रे-मार्केट में उपलब्ध हैं। प्रिवेंटिव मेडिसिन रिपोर्ट्स में वर्ष 2023 सर्वे के अनुसार, भारत में लगभग 23 प्रतिशत लोग ई-सिगरेट का उपयोग करते हैं, जिनमें से आठ प्रतिशत लोग प्रतिदिन इसका उपयोग करते हैं। वर्तमान में ई-सिगरेट यूजर्स की संख्या जनसंख्या का 0.02 प्रतिशत है।

### जानिए इसके बारे में

ई-सिगरेट इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जो एक एटमाइजर के उपयोग से शरीर में निकोटीन फैलाती है। इन्हें सामान्य तम्बाकू सिगरेट के विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। ई-सिगरेट में एक ई-लिक्विड होता है, जिसको गर्म करने के लिए बैटरी का उपयोग किया जाता है और जो पानी, निकोटीन और फ्लेवर का मिश्रण होता है।



### क्या कहती स्टडी

इसमें 1.7 लाख लोगों की जांच की गई। उनमें 3,242 को हृदय गति रुकने की समस्या हुई। पता चला, जो ई-सिगरेट उपयोग करते थे, उनमें नॉन यूजर्स की तुलना में हृदयाघात होने की आशंका 19 प्रतिशत ज्यादा थी।

### स्वास्थ्य पर प्रभाव

ई-सिगरेट से सांस की तकलीफ एवं सीने में दर्द हो सकता है। ई-लिक्विड सीधा फेफड़ों में जाता है। हृदय गति और रक्तचाप बढ़ाता है जिससे हृदयघात का खतरा होता है। *- डॉ हेमंत चतुर्वेदी, हृदय रोग विशेषज्ञ*



**सीज़नल केयर**

## हीट स्ट्रोक का कहर...

# खुद भी सुरक्षित रहें और बच्चों व बुजुर्गों का भी रखें खयाल



कई राज्यों में प्रचंड गर्मी और हीटवेव्स का असर बढ़ रहा है। तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री के पार हो रहा है। इस वजह से हीट स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। असहनीय ताप शरीर के लिए जानलेवा तक हो सकता है। इसलिए इस समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बचाव रखने पर ही खुद को सुरक्षित और स्वस्थ रखा जा सकता है। हीट स्ट्रोक एक तरह की चिकित्सीय आपात स्थिति है। यह तब होता है, जब शरीर का तापमान 105 फारेनहाइट (40.6 सेल्सियस) तक बढ़ जाता है और शरीर तापमान को रेगुलेट करने की अपनी क्षमता खो देता है। वैसे शरीर का सामान्य तापमान 98.4 फारेनहाइट (37 सेल्सियस) होता है।

### ऐसे होता

हीट स्ट्रोक अक्सर तब होता है, जब हीट क्रैम्प्स और हीट एग्जर्शन बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच जाते हैं। ज्यादा देर तक गर्मी में रहने से यह होता है।

### लक्षणों से पहचानें

अधिक शारीरिक थकान, पसीने आना बंद होना (तेज धूप में होने के बाद भी), दिल की धड़कन बढ़ना, जी मिचलाना (उल्टी आना ), कमजोरी का अहसास होना, चक्कर आना और बीपी कम होना, तेज बुखार, मुंह सूखना आदि समस्या होती हैं। इसमें मस्तिष्क में रक्तस्राव शुरू हो सकता है।

**जांच का तरीका** हीट स्ट्रोक का पता लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पहली जांच शारीरिक तापमान की होती है। फिर रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण, एक्स-रे, ईसीजी आदि जांचें होती हैं।

**ज्यादा खतरा** बुजुर्ग, बच्चों, गर्भवती स्त्रियों, गर्मी और आर्द्रता के संपर्क में ज्यादा समय तक रहने वालों, तेज धूप में काम करने वाले जैसे मजदूर, तरल पदार्थ या पानी कम पीने वालों , लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां व न्यूरोलॉजिकल स्थितियां आदि, शराब, चाय-काफी का अधिक सेवन करने वालों को हीट स्ट्रोक का खतरा ज्यादा होता है।

### लू लगने पर यह करें

- **जब** लगे कि शरीर गर्म हो रहा है तो ठंडी जगह पर जाएं। सामान्य पानी की पट्टी भी कर सकते हैं, जिससे तापमान कम होगा, सूखने के बाद दुबारा करें। इसे कम से कम 6-7 बार दोहराएं। साथ ही तब तक कर सकते हैं जब तक शरीर का तापमान सामान्य न हो जाए। इस पर तुरंत डॉक्टरी परामर्श लें। पुराने उपचार में हीट स्ट्रोक के रोगी को उसकी गर्दन तक ठंडे पानी में डुबाना शामिल था।
- **लू** के मरीज को हवादार जगह पर बैठाएं और उसके शरीर को बार-बार सामान्य पानी से साफ करें। अगर फिर भी लगे कि तापमान बिल्कुल कम नहीं हो रहा है तो पूरे शरीर पर तीन से चार बार ठंडा पानी डालें। लेकिन ध्यान रखें कि अचानक से गर्म से ठंडे में लाकर यह प्रक्रिया नहीं करनी है। मरीज को हवादार जगह पर बैठाना जरूरी है।

### यह बरतें सावधानियां

- **तेज** धूप में बाहर न निकलें। (दोपहर 12 से 5 बजे के बीच)
- **यदि** निकलना पड़े तो तेज धूप में निकलने से पहले खूब पानी पीएं। शरीर को ढककर रखें।
- **रक्तचाप** कम न होने दें। भूखे न रहें, शरीर को हाइड्रेट रखें। पानी, नारियल का पानी, शिकंजी और ताजा जूस पीएं।
- **संतुलित** आहार लें।
- **हल्का** और आसानी से पचने वाला भोजन, फल (तरबूज, खरबूजा और संतरा), सब्जियां (पालक, टमाटर और खीरा), दही, चावल का पानी और सूप लें।

*- डॉ. सुनील महावर, फिजिशियन*

**न्यूट्रिशन/ डाइट**

## अच्छी सेहत के '6 तत्त्व' हर दिन चाहिए, तभी रह सकेंगे रोगों से दूर

*वर्तमान समय में लोगों की दिनचर्या का असर स्वास्थ्य पर हो रहा है। अच्छे स्वास्थ्य और विकास के लिए या यूं भी कहें कि शरीर को बीमारियों से बचाने और एनर्जी से भरपूर रखने के लिए पोषक तत्त्वों की जरूरत होती है। सभी पोषक तत्त्व भोजन से मिलते हैं। मात्रा उम्र व स्थिति के अनुसार हो सकती है। शरीर को हर दिन छह पोषक तत्त्वों की जरूरत होती है।*

**1. प्रोटीन...** *यह मैक्रोन्यूट्रिएंट है।*
**काम:** रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाता और मांसपेशियों, हड्डियों, स्किन, बालों के विकास में मदद करता है।
**अच्छे स्रोत:** दूध, दही, दाल, बीन्स, नट्स, अंडे, फिश, मीट, चिकन, सीफूड। शाकाहारी हैं तो पनीर भी खाएं।

**2. कार्बोहाइड्रेट...** *दैनिक कार्यों के लिए ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है।*
**काम:** यह इम्यून सिस्टम, ब्रेन फंक्शनिंग, नर्वस सिस्टम और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मददगार साबित होते हैं।
**अच्छे स्रोत:** फलों, सब्जियों, ब्राउन राइस, ओट्स, पास्ता, ब्रेड आदि।

**पोषक तत्त्व बचाएंगे संक्रमण से, देंगे एनर्जी**



**3. विटामिन...** *शरीर के लिए अनिवार्य तत्त्व हैं।*
**काम:** इम्यून सिस्टम मजबूत करता, स्किन को हैल्दी रखता, कैल्शियम अवशोषण में उपयोगी।
**अच्छे स्रोत:** पनीर, साबुत अनाज, दालें, मेवा और पीले व हरे रंग के ताजे फल-सब्जियां (आम, अनानास, केला, पपीता, संतरा, नींबू आदि)।

**4. हैल्दी फैट (वसा)...** *प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तरह ऊर्जा प्रदान करता।*
**काम:** ब्रेन व हार्ट हैल्थ के लिए जरूरी
**अच्छे स्रोत:** सोयाबीन, सोया मिल्क, मक्का, पनीर में गुड फैट मौजूद होता है। अंडे, फिश, बादाम, काजू, अखरोट, वेजिटेबल ऑयल, हैल्दी सीड्स, एवोकाडो, नारियल।

**5. मिनरल्स (खनिज पदार्थ)...** *आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, सोडियम, पोटैशियम, फ्लोराइड इनमें आते हैं।*
**काम:** इम्युनिटी बढ़ाते, ब्रेन हैल्थ अच्छी रखते।
**अच्छे स्रोत:** साबुत अनाज, सोयाबीन, पत्तेदार सब्जियां पालक, फलियां, डेयरी उत्पाद, आयोडीन युक्त नमक, सूखे मेवे व सीड्स।

**6. पानी...** *जल का सेवन अत्यंत आवश्यक है।*
**काम:** यह ऊर्जा प्रदान करता है। शरीर की संरचना को बनाए रखता है तथा विभिन्न क्रियाओं के संचालन के लिए आवश्यक होता है। दिनभर में 2 से 3 लीटर या (6-8 गिलास) पानी पीना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। *- प्रीता जैन, आहार विशेषज्ञ*

**किड्स हैल्थ : बेबी स्टेप**

## हड्डियों को शक्तिशाली बनाकर संतुलन बनाता



बच्चे का नर्वस सिस्टम जैसे-जैसे विकसित होता है। बच्चा पहले बैठना, क्रॉलिंग करना खड़ा होना और फिर चलना सीखता है। शिशु के चलने को बेबी स्टेप कहा जाता है। अगर बच्चे की ग्रोथ के साथ बैठना, चलना आदि हो रहा है तो समझा जा सकता है कि शिशु की ग्रोथ सही तरह से हो रही है।

**कब चलने लगता है बच्चा -** एक स्वस्थ बच्चा सामान्यतः एक साल पर खड़ा होने लग जाता है और कुछ समय में चलने लगता है। अगर बच्चा समय पर न चल पाए तो बच्चे के डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए।

**फायदे -** बच्चा जब क्रॉलिंग के बाद खड़ा होने या चलने लगता है तो इससे उसकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। उनकी हड्डियां शक्तिशाली बनती हैं। बच्चा संतुलन करना सीखता है।

*- डॉ. घनश्याम राठी, शिशु रोग विशेषज्ञ*

**प्राकृतिक चिकित्सा : मिट्टी के लेप से इलाज**

## नकसीर या पेट में जलन की समस्या है तो मिट्टी की ठंडी पट्टी देगी राहत

प्राकृतिक चिकित्सा में ऐसा माना जाता है कि हमारा शरीर जिन चीजों से बना है। उन्हीं चीजों से मिलकर प्रकृति बनी है। अगर शरीर में कोई रोग आए तो उन्हीं चीजों से इलाज करना चाहिए। प्राकृतिक चिकित्सा में मिट्टी, जल, वायु, धूप आदि से इलाज किया जाता है। इन्हीं में से एक है मड थेरेपी या मिट्टी चिकित्सा।

### दो तरह से होती थेरेपी

मिट्टी को ठंडे पानी के साथ मिलाकर ठंडी पट्टी और गर्म पानी में मिलाकर गर्म पट्टियां बनाई जाती हैं। दर्द वाले हिस्सों पर गर्म मिट्टी वाली पट्टी लगाने से दर्द में आराम मिलता है। मिट्टी की ठंडी पट्टी का उपयोग पूरे शरीर के ऊपर लेप लगाकर कर सकते हैं। पट्टी को पेट या सिर पर लगाना पेट की गर्मी कम करने और लू में फायदेमंद है। मरीज को मिट्टी में गाड़ा भी जाता है, जिसमें सिर्फ सिर मिट्टी के ऊपर रहता है।

***ये न करें इस्तेमाल :*** सर्दी-खांसी अस्थमा की शिकायत हो तो ठंडे पानी वाली मिट्टी नहीं लगानी चाहिए। घाव व स्किन इंफेक्शन वाली जगह भी न लगाएं।

*- रमाकांत शर्मा, प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ*



**ऐसे करें उपयोग**
काली मिट्टी को सुखाकर, फोड़कर उसे कपड़े पर छान लें। इस मिट्टी में पानी मिलाकर एक से दो दिन के लिए रख लें। फिर इसका इस्तेमाल करें।

**ये हैं लाभ:** यह तनाव व एसिडिटी कम करने में लाभकारी है। मिट्टी चिकित्सा के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल करना चाहिए। गर्मियों में हीट स्ट्रोक होने पर पेट व सिर पर इसे लगाने से लाभ होता है। नकसीर के रोगी मिट्टी का लेप नाक पर लगा सकते हैं।

**रखें इन बातों का खयाल :** मिट्टी की चिकित्सा लेने से पहले तीन बातों का खयाल रखें, पहला मिट्टी कैसी है। शरीर पर कहीं कट नहीं लगे हो। शरीर में कफ के रोग नहीं होने चाहिए। मिट्टी शरीर की गर्मी को कम करने में लाभकारी है।

**स्किनकेयर : फेस टैपिंग**

## रक्तसंचार को बढ़ाकर चेहरे की त्वचा में लाता कसावट



बढ़ती उम्र के साथ झुर्रियां आना एक आम समस्या है। लेकिन कुछ ऐसे तरीके हैं जिनसे चेहरे की त्वचा में कसावट लाकर फाइन लाइन्स को कम किया जा सकता है। इसके लिए प्राकृतिक तरीका अपनाया जा सकता है, जिसे फेस टैपिंग कहा जाता है। यह एक मालिश तकनीक है जिसमें अंगुलियों का उपयोग कर चेहरे पर विशिष्ट बिंदुओं को हल्के से थपथपाना शामिल है।

### ये हैं फायदे

ऐसा माना जाता है कि फेस टैपिंग करने के बाद रक्त संचार बढ़ता है। कोलेजन उत्पादन में सुधार होता है। लिम्फेटिक ड्रेनेज में वृद्धि होती है और मांसपेशियों में तनाव कम होता है। यह फाइन लाइन्स को कम करने, त्वचा को टाइट करने और चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद कर सकता है। ध्यान रहे कि इसे नियमित रूप से करना होगा। क्रीम या लोशन आसानी से त्वचा में समा जाएगा। टैपिंग को ईटीएफ के नाम से भी जानते है। इसमें त्वचा में मौजूद पॉइंट्स को हाथ से टैप कर प्रेशर डाला जाता है।

**लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर**

## ड्राय आइ की समस्या से बचें, ठंडे पानी से आंखें अवश्य धोएं

*पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने नेत्र रोगों पर सवाल भेजे हैं।*

हैलो डॉक्टर

**लोकेश, मेरी उम्र 20 वर्ष है। भयंकर गर्मी में लू से मेरी आंखें हमेशा ही लाल रहती हैं और इनमें दर्द भी होता है। आइ ड्रॉप भी काम में लिए, लेकिन फायदा नहीं हुआ।**

भयंकर गर्मी और लू में घर से बाहर निकलने से बचें। आखों में दर्द होने की समस्या में घर से निकलते समय आखों पर धूप का चश्मा जरूर लगाएं और आंखों का धूल-मिट्टी से ध्यान रखें। साथ ही नेत्र रोग विशेषज्ञ के परामर्श से आइ ड्रॉप का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ड्राय आइ की समस्या होने पर ठंडे पानी से धोते रहें। स्क्रीन टाइम को भी कम करना चाहिए या फिर बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें।



**राजेन्द्र, आंखों को 5-6 बार धोने के बाद भी चिपचिपा पदार्थ क्यों रहता है और देखने में परेशानी होती है। यह चिपचिपा पदार्थ आंखों को मलने के बाद उनमें जलन पैदा करता है। इसके बचाव के लिए क्या किया जाना चाहिए?**

आंखों को ठंडे पानी से दिन में दो से तीन बार ही धोना चाहिए। चिपचिपा पदार्थ होने की समस्या में हो सकता है कि आंखों की ग्रन्थियों में संक्रमण हो गया हो। इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर एंटीबायोटिक आइ ड्रॉप का प्रयोग करें।

**एक पाठक, मेरी आयु 67 वर्ष है। डेढ़ साल पहले दाहिनी आंख में दर्द होकर लालिमा आ गई थी। उसके मेक्युला में ईआरएम रोग बताया। उसमें फ्लोटर दिखते हैं। क्या इसका इलाज संभव है?**

आंखों में पर्दे की सूजन और फ्लोटर होने के कई कारण हो सकते हैं। मेक्युला में ईआरएम होने के केस में इसका इलाज संभव है। फ्लोटर होने पर घबराएं नहीं, विशेषज्ञ से जांच के साथ परामर्श लें।

*- डॉ. महिमा पंवार, नेत्र रोग विशेषज्ञ*

*पाठकों के शेष सवालों के जवाब को लिंक से भी देख सकते हैं-shorturl.re/7dxws*

इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

### इस सप्ताह पूछें हीट इलनेस से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह हीट इलनेस से जुड़े सवाल पूछें। आपके सवालों के जवाब 02 जून के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

**ध्यान रखें:** सभी सवालों के जवाब यहां प्रकाशित करना संभव नहीं है। इसलिए शेष जवाब 31 मई को पत्रिका टीवी के 'हैलो डॉक्टर' शो में दोपहर 1:00 बजे और फेसबुक लाइव में देख सकेंगे। सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वॉट्सऐप नं. 8955003879 पर भेज दें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है। यहां फोन न करें। वॉट्सऐप पर जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

**योग विज्ञान: सीरीज-15** इससे ऑक्सीजन का उपभोग अधिक होता है और कार्डियक फिटनेस अच्छी रहती

## स्टेमिना बढ़ाना चाहते हैं तो विपरीत करणी मुद्रा करें

**अतुल व्यास**
सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक
patrika.com



**पॉप गायिका 'लीपा', जो अभी टाइम्स मैगजीन में विश्व के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक हैं, पिछले साल मेरे घर माता-पिता एवं छोटी बहन के साथ योग सीखने आईं। योग सत्र के अंत में उन्होंने मुझसे स्टेमिना बढ़ाने वाली यौगिक क्रियाएं सिखाने को कहा। क्योंकि स्टेज परफॉर्मेंस में स्टेमिना और ऊर्जा अहम होती हैं। स्टेमिना व्यक्ति की उस क्षमता को कहते हैं, जो लंबे समय तक शारीरिक व मानसिक श्रम बिना थके करा सके।**

चिकित्सा शास्त्र के एक वैज्ञानिक डॉ. आर्चीवाल्ड वी. हिल, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था, उन्होंने यह पाया कि व्यक्ति की फिटनेस का मानक उसके द्वारा उच्चतम ऑक्सीजन उपभोग की क्षमता पर निर्भर करता है। यह क्षमता फेफड़ों से नहीं, बल्कि हृदय के स्वास्थ्य या कार्य करने की क्षमता पर निर्भर करती है। स्टेमिना और ऊर्जा हृदय के बाएं निलय की रक्त को पम्प करने की क्षमता पर निर्भर करती हैं। नियमित व्यायाम से यह क्षमता बढ़ती है। योग इस क्षमता में वृद्धि करता है। यह तथ्य एक महत्त्वपूर्ण रिसर्च है, जो कैलिफॉर्निया यूनिवर्सिटी के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. डेविस ने की थी और जो एक प्रतिष्ठित जर्नल प्रिवेंटाइज कार्डियोलॉजी में भी छपी थी।



*__व्यक्ति__ की फिटनेस का मानक उसके द्वारा उच्चतम ऑक्सीजन उपभोग की क्षमता पर निर्भर करता है। यह क्षमता फेफड़ों से नहीं, बल्कि हृदय के स्वास्थ्य या कार्य करने की क्षमता पर निर्भर करती है।*

**हृदय की आकुंचन दर बढ़ाता**

योग का एक आसन /मुद्रा जिसे विपरीत करणी मुद्रा भी कहते हैं। यह ऐसी यौगिक क्रिया है, जिससे रक्त हृदय में ज्यादा मात्रा में तेजी से भरता है जिससे हृदय की आकुंचन दर बढ़ती है और उससे ऑक्सीजन लेने की क्षमता बढ़ती है जो कार्डियक फिटनेस का एक महत्त्वपूर्ण मानक है।

### करने का तरीका

1. **सीधे** पीठ के बल लेटें। हाथ शरीर के बाजू में सीधे रखें। फिर पैरों और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं। हाथों से हिप्स को सहारा दें। पैरों को सीधा करें।

3. ध्यान रहे ऊपर की ओर यानी सिर, पेट और पैरों के बीच < कोण बने। श्वास-प्रश्वास सामान्य रखें। फिर सामान्य मुद्रा में आएं।

### इसके लाभ

- **ऑक्सीजन** का उपभोग अधिक होता, हृदय की आकुंचन दर बढ़ती। कार्डियक फिटनेस अच्छी रहती। ।
- **यह** तनाव को कम करता है।
- **इससे** पैरों की सूजन कम होती है।

स्पंदन



गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

# आनन्द-2



जिसकी जीवन भर सबको तलाश रहती है उसी को आनंद कहते हैं। सम्पूर्ण सुख-समृद्धि का सूचक शब्द है। और सृष्टि विस्तार का मूल कारक भी है। आनन्द के बिना सृष्टि नहीं हो सकती। आनन्द प्राप्त हो जाने के बाद कुछ और पाने की कामना भी नहीं रह जाती। आनन्द और सुख एक नहीं हैं। आनन्द आत्मा का तत्त्व है, जबकि सुख-दुःख मन के विषय हैं। किसी भी दो व्यक्तियों के सुख-दुःख की परिभाषा एक नहीं हो सकती। हर व्यक्ति का मन, कामना, प्रकृति के आवरण भिन्न होते हैं। अतः हर व्यक्ति का सुख-दुःख भी अलग-अलग होता है। आनन्द स्थायी भाव है।

लोग अनेक प्रकार के स्वभाव वाले होते हैं। एक होते हैं शरीरजीवी। इनका सुख शरीर के आगे नहीं जाता। व्यायाम-अखाड़े से लेकर सुख भोगने तक ही सीमित रहता है। इसके आगे इनका सुख-दुःख भी नहीं है। मनोजीवी अपने मनस्तंभ में आसक्त रहता है। कहीं किसी कला में रमा रहता है या नृत्य, गायन, वादन में। ये तो देश-काल के अनुरूप बदलते रहते हैं। हर सभ्यता की अपनी कलाएं और मन रंजन होते हैं। इनके जीवन में सांस्कृतिक गंभीरता का अभाव रहता है। इनमें विद्या का योग आत्मा से नहीं बन पाता। चंचलमना रह जाते हैं। प्रवाह में जीने को ही श्रेष्ठ मानते हैं। बुद्धिवादी आदतन नास्तिक बने रहना चाहते हैं। किसी न किसी दर्शन को लेकर अथवा किसी अन्य के विचारों पर उलझते ही नजर आते हैं। मनोरंजन, हंसी-मजाक से सर्वथा दूर रहते हैं। इन्हें शरीर को स्वस्थ रखने की चिन्ता भी नहीं होती है। स्वभाव से सदा रुक्ष बुद्धिमानों की कमी नहीं है। शरीर जीवियों को मन की कोमल अनुभूतियों का कोई अनुभव ही नहीं होता। एक वर्ग स्वयं को आत्मवादी मानकर जीता है। सहज जीवन से पूर्णतया अलग होता है।

मूलतः ये चार श्रेणियां हैं, जिनमें साधारण व्यक्ति जीता है और आनन्द को खोजता रहता है। खण्ड दृष्टि से अखण्ड आनन्द किसको अनुभव हो सकेगा? आनन्द तो मूल मन (अव्यय मन) के साथ जुड़ा रहता है। भक्ति में आह्लादित होने जैसा है। आनन्द प्राप्ति की पहली शर्त यही है कि व्यक्ति समग्रता में जीना सीखे। उसके शरीर, मन, बुद्धि आत्मा के साथ जुड़े रहें। आत्मा से जुड़ा आनन्द तभी तो शरीर-मन-बुद्धि की अनुभूति में आएगा। योग का एकमात्र लक्ष्य भी यही है।

इसके विपरीत सुख-दुःख मानव मन की कल्पना पर आधारित रहते हैं। इनका संबंध इन्द्रियों एवं एन्द्रिय सुख-दुःख से ही रहता है। तात्कालिक भी होता है। किसी विषय अथवा परिस्थिति के कारण पैदा होता है और उसके साथ विदा भी हो जाता है। जब भी व्यक्ति के जीवन में समग्रता टूटती है, वह तात्कालिक सुख में ही अटक जाता है। उसके लिए सुख-दुःख भी एक द्वन्द्व बनकर रह जाता है। गहनता तो होती ही नहीं है। क्योंकि वह पूर्ण मानव की तरह जीता ही नहीं है। अनेक पशु-पक्षी भी इन क्षेत्रों में मानव से आगे निकल जाते हैं। चाहे शारीरिक बल में हों अथवा बुद्धि के स्तर पर। मानव की श्रेष्ठता तो इनकी समग्रता में ही है।

जब किसी भी कार्य में शरीर-मन-बुद्धि और आत्मा एक साथ जुड़ेंगे, तभी व्यक्ति सुख-दुःख के मिथक को तोड़ सकता है। शरीर और बुद्धि को तो सुख-दुःख का अनुभव ही नहीं होता। मन को होता है, जो स्वयं आवरित होता है। बुद्धि भी स्वयं आवरित होती है। अतः जो सामने दिखाई पड़ता है, व्यक्ति उसी के आधार पर सुख-दुःख को ग्रहण कर लेता है। इन्द्रियों की पकड़ सूक्ष्म पर होती ही नहीं। अतः मन को बार-बार स्थूल और दृश्य पर टिकाती रहती हैं। इंद्रियों द्वारा मन पर विषय आते रहते हैं। चंचलता के कारण मन खुद को रोक नहीं पाता और प्रवाह में बह पड़ता है। उसी को सुख मान बैठता है।

ज्ञान के योग से जैसे ही बुद्धि में विद्या का प्रवेश होने लगता है, मन का स्वरूप बदलने लगता है। मन की भूमिका, दिशा और ग्राह्यता बदलने लगती है। अब वह भीतर की ओर भी मुड़ने लगता है। प्रवाह की गति धीमी होने लगती है। अब मन इच्छाओं का आकलन करके ही स्वीकृत करने लगता है। हर इच्छा को पूरी करने नहीं भागता। मन की संवेदना जाग्रत होने लगती है। यहीं से आनन्द का मार्ग प्रशस्त होता है।

जिस प्रकार किसी पात्र में भरा जल हिलता है, वैसे ही संवेदना के कारण मन में भी रस का प्रवाह बनने लगता है। यह प्रेम प्रवाह आनन्द तक पहुंचने का मार्ग है। रसानन्द और आनन्द एक ही है। रस को ही ब्रह्म कहते हैं। संवेदना के जागरण से व्यक्ति के धर्म में परिवर्तन आता है। पाषाण-मन अब पिघलने लगता है। दया-करुणा दिखाई पड़ने लगते हैं। किसी को दुःखी देकर आंसू बहने लगते हैं। यह आंसू भी उसी आनन्द का दूसरा छोर है। अधिक प्रसन्नता भी आंसू लाती है। अत्यन्त दुःख की घड़ी में रोते-रोते भी हंसी छूट जाती है।

व्यक्ति जैसे-जैसे स्वयं को जानने लगता है, उसी क्रम में उसका बाहरी व्यवहार भी बदलता जाता है। उसके अहंकार और ममकार भी द्रवित होने लगते हैं। कल्पित सुख-दुःख अब उसे स्पष्ट समझ में आने लगते हैं। उनके अर्थ बदल जाते हैं। मन के साथ-साथ प्राणों का व्यापार बदलता है। प्राण सदा मन के साथ रहते हैं और मन का अनुसरण करते हैं। मन की इच्छाओं का स्वरूप बदल जाता है। इनको खाना-पीना-पहनना जैसे क्षेत्रों में आसानी से देखा जा सकता है। व्यक्ति स्वचिन्तन में व्यस्त रहने लग जाता है। अब मिठास किसी अन्य स्तर पर दिखता है। जैसे-जैसे प्राण ऊर्ध्वगामी होते हैं, चिन्तन के विषय बदलते हैं। व्यक्ति का आभा मण्डल बदलता है। आकाश से कौन-से प्राण आकर्षित होंगे, किन प्राणों का आकाश में विसर्जन होगा, यह अनायास ही सारा क्रम परिवर्तित हो जाता है।

नए भावों के अनुरूप नए प्राण आते हैं। पुराने विचारों की श्रृंखला टूटने लगती है। व्यक्ति का मन अन्नमय और मनोमय कोश के आगे विज्ञानमय कोश में प्रवेश करने लगता है। प्रज्ञा जाग्रत होने लगती है। प्रज्ञा के सहारे व्यक्ति अपने सूक्ष्म स्तर को समझने लगता है।

स्थूल की तरह सूक्ष्म का भी परिष्कार करने लगता है। प्रकृति के आवरणों को हटाता है। सत्त्व में स्वयं को प्रतिष्ठित करने का प्रयास करता है। अब तक व्यक्ति का मन इतना निर्मल हो चुका होता है कि वह प्राणी मात्र के प्रति संवेदनशील होने लगता है। मुख मण्डल पर शान्ति और प्रसन्नता का भाव सहज रूप से स्थायी होने लगता है। वैखरी, मध्यमा को पार करके पश्यन्ति में, मानसी धरातल पर जीने लगता है। बाहर जुड़े रहते हुए भी बेलाग हो जाता है। उसकी कामनाओं की श्रृंखला भी टूट जाती है। मन मर जाता है। हृदय रूपी अक्षर प्राण--ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र का स्वरूप दिखाई देते ही एक आह्लाद प्रकट होता है। इसी के सहारे से व्यक्ति स्थायी आनन्द में प्रतिष्ठित हो जाता है। (समाप्त)

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

## कहीं विरह वेदना तो कहीं समर्पण भाव

*कविता 'वातुल मन' के माध्यम से कवयित्री ने मन की तुलना वातुलता से की है। लगता है जैसे कवयित्री दूर कहीं बिखरे शब्दों से परिचित करा रही हो।*




वातुल मन

लेखक
रेखा शर्मा

प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत ने कितना ही सुंदर कहा है कि पहला कवि वियोगी रहा होगा और सत्य ही यह बात रेखा शर्मा द्वारा उनके कविता संग्रह 'वातुल मन' को हृदयंगम करने पर परिलक्षित होती है। कहीं पे वियोग की पीड़ा ,कहीं विरह की वेदना तो कहीं संपूर्ण समर्पण एवं सच्चिदानंद परमपिता परमेश्वर के साथ एक भक्त के रूप में तो कभी साथी के रूप में कभी भगवान श्री कृष्ण की प्रेमिका के रूप में इनकी कविताएं दृष्टिगोचर होती हैं।

'छा जाओ' कविता में इन्होंने मायावी के प्रति आश्चर्य व्यक्त किया है कि कवि के प्रकोष्ठ जो चहुं ओर से बंद थे, किस प्रकार प्रवेश कर गए। इसी प्रकार 'रेल समय की' कविता में बीत रहे दिनों और उनकी स्मृतियों का सजीव चित्रण है। कहीं कहीं पर कवयित्री ने अपराध बोध के चलते माता-पिता एवं समाज के प्रति क्षमायाचना भी की है। 'भावना' कविता में प्रेम का सहज रूप चित्रित हुआ है। उनकी कविता 'बगिया' में आशा का संचार झिलमिला रहा है। 'जा रे कपोत' कविता के पढ़ने पर लगता है कि जैसे अतीत में कवयित्री ने अनायास ही झांक लिया हो और अपना संदेश तड़प रही प्राणात्मा को कबूतर के माध्यम से दे रही है। कवयित्री का एकाकीपन भी उनकी कविताओं में झलकता है।

दोष मात्र एक ही था
प्रेम सागर में स्नान कर
करना निर्मल स्वयं को
रीता निकला दरिया प्रेम का/कदम लड़खड़ाए जा रहे हैं/कभी आंचल भरा था/ दिया था ईश्वर ने जो उपहार
पर आज कदम अकेले चले जा रहे हैं।

शीर्षक कविता 'वातुल मन' के माध्यम से कवयित्री ने मन की तुलना वातुलता से की है। कविता में कहीं-कहीं कवयित्री लक्ष्य पाने की प्रतीक्षा में ठिठकी हुई सी जान पड़ती है। उनका इस प्रकार ठिठकना ही कदाचित उनकी सोच और साहित्य को गतिमान बनाता है।

**मनोज कुमार शर्मा**

**मासी के लगन की तारीख नजदीक आती जा रही। मेरे लिए भी साड़ी लहंगे बनवाए गए। मासी मैचिंग की चूड़ियां भी खरीद लाई। मासी के साथ मैं भी बनी-ठनी फिरती।**

# मासी का ब्याह

**डॉ.रीना मेनारिया**

मासी का ब्याह होने वाला है। घर में सबसे ज्यादा खुश कोई था तो वह मैं थी। मेरे बालमन की सोच और समझ का दायरा बस यहीं तक था कि एक लड़की के लिए सबसे अधिक खुशी के पल होते हैं वह उसका ब्याह होता होगा। गांव में जिस भी लड़की का ब्याह होता नए-नए कपड़े, नखरे का सामान और पूरे गांव भर का लाड़-प्यार। काम से भी छुटकारा मिल जाता। गांव में घर-घर न्यौतकर बढ़िया खाना खिलाया जाता। मौज ही मौज।

मासी के लगन की तारीख नजदीक आती जा रही और मेरी खुशियां बढ़ती जा रहीं। मेरे लिए भी साड़ी लहंगे बनवाए गए। मासी मैचिंग की चूड़ियां भी खरीद लाई। मासी के साथ मैं भी बनी-ठनी फिरती। लगन हो गए और मासी की विदाई पर घर में मुझसे ज्यादा शायद ही कोई रोया होगा। मौका देखकर मैं नानी के घर की सबसे ऊंची मेड़ी पर चढ़कर देखने की कोशिश करती कहीं से शहर दिख जाए। मामी देख लेती तो फटकार सुनाती। नानाजी से मैं कई दिन नाराज रही, उन्होंने मासी का ब्याह इतना दूर करवा दिया। मेरे दादेरे पैदल या बैलगाड़ी से जाया जा सकता पर शहर बस से जाना पड़ता।

मासी का खयाल आते ही मन उदास हो जाता। कितना दूर ब्याहा नानाजी ने उसे....। काश उसे भी हमारे गांव में ही ब्याहा होता। गांव में कितनी ही तो सहेलियां हैं मां के गांव की कला मासी, चम्पा मासी, उमा मासी जाने कितनी ही मासियां जिनसे मां अक्सर किसी न किसी जीमण में परिचय करवाती। मैं खीझकर कहती, 'मां क्या मासी के लिए यहां छोरा नहीं मिला?'

कभी कभार मासी मासाजी के साथ आती। मुझे खूब लाड़ लड़ाती। मेरे खूब खिलौने-कपड़े लाती। एक दिन मासाजी आए हुए थे, अरे चार दिन ही तो हुए मासी को आए हुए। मैंने गुस्से में कहा-'आप मेरी मासी को वापस क्यों नहीं कर देते।' वो तो हंस दिए पर उनके जाने के बाद मां ने मुझे पीटा। दांत भींचती मैंने भी कह दिया जा अब तेरी बहन का कभी नाम ही नहीं लूंगी। मैं स्कूल जाने लगी थी और सहेलियों के साथ खेलने में मग्न रहती।



पर गाहे-बगाहे मासी की याद आ ही जाती और जब भी आती ऐसी आती कि मैं बुक्का फाड़कर रो पड़ती। मां परेशान हो उठती, कहती मैं छोरी को संभालूं कि इसकी जिद पूरी करूं? जिद भी ऐसी कि सीधा मासी चाहिए। अब वह शादीशुदा है, उसका अपना घर-परिवार है, क्या वह तेरे लिए पीहर ही बैठी रहे। तेरी सार-संभाल करती रहे? खुद की गृहस्थी नहीं बसाए तेरे खातिर? मां फिर जमकर धुनाई कर देती। गुस्से में क्या तो कान और क्या चोटी खींचने में बिल्कुल नहीं सोचती।

मासी कितना लाड़ से रखती मुझे सोचते-सोचते ही मेरी आंखों से रेले बहने लगते। मासी उसकी सहेलियों के साथ जब नदी पर नहाने जाती तब उसे साथ जरूर ले जाती। नदी पर मासी बाल्टी भर लाए हुए कपड़े धोती और मैं वहां रेत में खेलती। घरौंदे बनाती तो किसी दिन माताजी का मन्दिर। किसी दिन वह ठाकुरजी का भव्य मंदिर भी बनाएगी यहीं रेत में। कोशिश वह कई बार कर चुकी पर होता यों कि जैसे ही मंदिर आधा-अधूरा बनता तब तक मासी कपड़े धो चुकी होती। मैं चिढ़ती कहती क्या मासी तुम कपड़े इतने जल्दी क्यों पछाड़ लेती हो,थोड़ा धीरे क्यों नहीं धोती। आज तक मैं ठाकुरजी का मंदिर नहीं बना पाई, तुम जानती हो न इतना सुंदर मंदिर बनाने में समय लगता हैं।

'चल हट! आई बड़ी मंदिर की कारीगर।'

यह कहती मासी उसकी गुंथी चोटियां खोलकर घर से लाई छाछ में भीगी काली मिट्टी से बालों को रगड़कर धोती। हाथ-पैर पर लाल पत्थर घिसकर सारा मैल उतार कर चमका देती। पकड़कर नदी में डुबकियां लगवाती फिर नहलाकर कपड़ों के पास बिठा देती। साफ हिदायत देती कि नहाने के बाद रेत से नहीं खेलूं। मासी नहाती और मैं कपड़ों के पास बैठी साबुन का ध्यान रखती। नदी पर कुछ बदमाश बच्चे औरतों के साबुन चुरा लेते।

मासी कितना लाड़ लड़ाती उसे। मां तो उसे नदी में उतरने तक नहीं देती तगारी में पानी भरकर किनारे पर ही नहला देती। कहती कितने ही बच्चे बह चुके यहां। मासी कहती चौमासे में पानी का बहाव तेज होता है। कई बार तो नदी उफान पर होती है। उस दौरान लापरवाही करने से कई बार बच्चे क्या बड़े भी बह जाते। उसे मां की नहीं मासी की बातों पर विश्वास होता।

बहरहाल मासी जहां भी जाती उसे साथ ले जाती। मासी थी तब वह दादेरे बहुत कम रही। दो-चार दिन होते और मासी छोटके मामा को भेज देती मुझे लेने। मामा को आया देख दादी और ताई खुसर-फुसर करती कहती-'छोरी तो नानेरा रे नाम कर राखी है, चार दिन ई पूरा नीं व्हे के मामाजी आय खटगे। म्हारी छोरी! म्हारो खून ने म्हां राखवा वास्ते तरसा।'

मां सुन लेती तो बोले बिना नहीं रहती कहती, कौनसे फूंदे तोड़ रहे मेरे पीहर वाले छोरी के? बेचारे छाती पर तोक-तोक के फिरते।'

मामा के सामने ज्यादा बात नहीं होती पर हमारे निकल लेने के बाद जरूर बहस छिड़ती होगी। मामा की साइकिल पर आगे की ओर एक छोटी सीट थी, यह मामा ने मेरे लिए ही लगवाई। उस सीट पर मां अंगोछा लपेट कर मुझे बिठा देती और हम निकल पड़ते। जहां पोल के दरवाजे पर ही मासी मेरे लिए उतावली खड़ी मिलती। खुश होती मैं अतीत से वर्तमान में आ गिरती। मासी ब्याही जा चुकी है। अब मुझसे ज्यादा वह मासाजी की हो गई।

काव्यांजलि

POEM

## प्रेम को फिर आबाद करें

**गोपाल कृष्ण व्यास**

धरती पर हवाओं में
अमृत की कमी हो गई
इंसान की जुबान भी
क्यूं इतनी कड़वी हो गई

पानी जीवन ऊर्जा है
सबकी प्यास बुझाता है
जैसा मिलता है पानी
वैसी हो जाती है वाणी

मिट्टी की सुगंध में भी
अंकुरण प्रेम का खो गया
पानी में जहर होने से
अनाज मिलावटी हो गया

कलमवीरों की सोच का
क्यूं दायरा भी
छोटा हो गया
समाचारों के हर अक्षर में
क्यूं बारूदी आलम छा गया

सूर्य की किरणें भी रोज
अब रौद्र रूप दिखलाती हैं,
इंसानों की इस धरती पर
अपना परचम दिखलाती हैं,

गड़गड़ाहट गगन की
अब बड़ा कहर बरपाती है,
बिजली की कड़कड़ाहट
पानी संग
धरती पर आती है,

आओ मिलकर
कोशिश करें
प्रेम को फिर आबाद करें,
अपना अपना
स्वार्थ छोड़कर
एक दूजे का सम्मान करें।

सीख

SHORT STORIES

## श्रेय की बीमारी



**इमरोज नदीम**

विमल बाबू को थोड़ा ही समय हुआ था संस्थान को जॉइन किए हुए । मंच के कलाकार के रूप में पहले से ही प्रसिद्ध थे तो जाहिर है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिम्मा विमल बाबू के पास ही आना था। कार्यक्रम बहुत शानदार रहा। विमल बाबू ने अल्प समय में जो संस्था में महसूस किया उस हिसाब से लगभग सभी साथियों की तारीफ की। दो तीन बाद विमल बाबू ने महसूस किया कि बाकी सब तो पूर्ववत ही है लेकिन श्रेय बाबू कुछ उखड़े उखड़े से रहने लगे हैं। विमल बाबू ने दूसरे साथियों को बताया तो उन्होंने रहस्य से पर्दा उठाते हुए कहा कि श्रीमान अपने नाम के अनुरूप हैं। इनको बीमारी है सारा श्रेय खुद को नहीं मिले तो परेशान हो जाते हैं। विमल बाबू को बात समझ आ गई। अब ऑफिस में कोई तिनका भी उड़ता है तो उसका श्रेय अपने श्रेय बाबू को ही ससम्मान दिया जाता है ।

भ्रान्त रूढ़ियां और वास्तविक तथ्य

# स्वर कोकिला कैसे? मादा कोयल तो कूकती नहीं!



*कोकिला शब्द का प्रयोग कूकने वाली कोयल के लिए होता ही नहीं है, क्योंकि मादा कोयल कूक नहीं सकती, केवल नर कोयल ही कूक सकता है।*

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

स्वरसम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर का निधन होने पर उन्हें जिन सम्मान सूचक शब्दों से याद किया गया उनमें प्रमुख शब्द था, 'स्वर कोकिला'। सुरीली गायिका को 'स्वर कोकिला' हिंदी में कहा ही जाता है। स्वर कोकिला नाम से कुछ संस्थाएं भी स्थापित हैं। स्वर कोकिला शब्द सुनते ही संस्कृतज्ञों को अचम्भा होना स्वाभाविक है क्योंकि संस्कृत परम्परा के हिसाब से स्वर कोकिला शब्द अपने आप में गलत है। कोकिला शब्द का प्रयोग संस्कृत में कूकने वाली कोयल के लिए होता ही नहीं है, क्योंकि उनकी मान्यता है कि कोकिला अर्थात् मादा कोयल कूक ही नहीं सकती, केवल नर कोयल ही कूक सकता है, इसलिए कोकिल शब्द का प्रयोग ही कूकने वाले पक्षी के लिए होना चाहिए।

इस आश्चर्यजनक सत्य को पक्षीविज्ञान ने भी प्रमाणित कर रखा है कि मादा कोयल के कण्ठ में कूकने की तंत्री ही नहीं होती, केवल नर कोयल के कण्ठ में ही होती है, अतः वही कूकने की ध्वनि निकाल सकता है। इस तथ्य को संस्कृत भाषा ने तो सदियों से स्थापित कर रखा है। संस्कृत में इसीलिए कोयल के लिए 'पुंस्कोकिल' शब्द सदियों से चलता है, कोकिला शब्द आता ही नहीं। पुंस्कोकिल अर्थात नर कोयल। यह विज्ञान सम्मत तथ्य हिंदी के चलन में ओझल हो गया है। इसका प्रमाण है 'स्वर कोकिला' शब्द का हिंदी में धड़ल्ले से प्रयोग। शायद यह तथ्य महाकवि जयशंकर प्रसाद को तो ज्ञात था कि कोयल ही कूकता है कोकिला नहीं, क्योंकि उन्होंने पुल्लिंग में ही कोकिल शब्द का प्रयोग किया है, 'अहा! कौन है? पंचम स्वर में कोकिल बोला। 'एक पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता के अमर रचनाकार माखनलाल चतुर्वेदी ने कोकिल शब्द का प्रयोग तो किया है पर उसे स्त्रीलिंग में प्रयुक्त किया है- 'क्या गाती हो? क्यों रह रह जाती हो? कोकिल बोलो तो। कविता में 'कोकिल बोलो तो' शब्द ही आते है पर शीर्षक में आ जाता है 'कैदी और कोकिला'। कोकिला गा नहीं सकती यह रचनाकार को ध्यान नहीं रहा।

उर्दू साहित्य भी इस तथ्य से परिचित है कि बुलबुल नर होने पर ही कूक सकता है। बुलबुल शब्द का वहां पुल्लिंग में भी प्रयोग होता है, 'बादल धीरे-धीरे आ मेरा बुलबुल सो रहा है शोरगुल न मचा'। यह गाना गत शताब्दी में सुपरिचित था।

### यह जन्तर मन्तर कैसे हो गया!

कुछ शब्द लोकतंत्र में इस प्रकार रच-बस जाते हैं कि उनका मूल स्रोत क्या है यह सदियों की गहराई में खो जाता है। एक दिलचस्प उदाहरण है 'जन्तर-मन्तर' शब्द। इसका संबंध जयपुर और जयपुर को बसाने वाले दूरदर्शी राजा सवाई जयसिंह से है। उन्होंने दिल्ली और जयपुर में ही नहीं काशी, मथुरा और उज्जैन में भी 'जन्तर- मन्तर' बनवाए थे। मथुरा और उज्जैन के 'जन्तर- मन्तर' तो नदारद हैं, काशी का संग्रहालय में है किन्तु दिल्ली का जन्तर- मन्तर विश्वप्रसिद्ध है। जो विश्व की खेल प्रतियोगिता जैसे अवसरों के लिए शुभंकर अर्थात प्रतीक चिह्न वाले लोगों के रूप में देश का प्रतिनिधित्व अपनी छाप कागजों में छोड़ते हुए वर्षों से करता रहा है। जयपुर का जन्तर-मन्तर भी अब विश्व की प्रमुख-विरासतों की सूची में आ शामिल है।

यह जन्तर-मन्तर क्या है? क्या वहां यंत्रों में मंत्र जाप के टोने टोटके होते हैं अतः वह यंत्र मंत्र कहा गया है! मंत्र का वहां कोई लेन देन है नहीं। संस्कृत में इसे वेधशाला या यंत्रशाला कहा जाता है। जहां दृग् गणित से ग्रहों की गति देखी जाती है जिसे अंग्रेजी में ऑब्जर्वेटरी (स्टोन ऑब्जर्वेटरी) कहा जाता है। फिर हिंदी में जन्तर और मन्तर कहां से आए? हमने इसके रहस्य की तलाश की तो यह जानकर हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ कि यहां पत्थर के यंत्रों की स्थापना की गई थी अतः मूलतः इसे यंत्र मन्दिर अर्थात, यंत्रगृह नाम दिया गया। जलमन्दिर, मन मंदिर आदि शब्द जलधर आदि के अर्थ में आते ही हैं। यह यंत्र मंदिर धीरे-धीरे जन्तर- मन्दर बनता बनता जन्तर मन्तर हो गया। और ऐसा चल निकला कि अब कोई इसे यंत्र मंदिर बतलाए तो कौन विश्वास करेगा। तद्भव शब्द ऐसे ही बनते हैं।

*अपनी रचना भेजिए: अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024

# सिमरन शर्मा ने भारत को छठा स्वर्ण पदक दिलाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**17** पदक भारत ने कुल जीते, यह **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**06** स्वर्ण पदक के अलावा **5 रजत, 6 कांस्य जीते**

**कोबे, जापान.** सिमरन शर्मा ने शनिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन महिलाओं की 200 मीटर टी-12 स्पर्धा में भारत को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। 25 वर्षीय पैरा एथलीट ने इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ समय 24.95 सेकेंड निकाला और पहले स्थान पर रही। डोमिनिकन रिपब्लिक की डार्लेनीस डे ला क्रूज सेवेरिनो ने 25.08 सेकेंड के साथ रजत जबकि ब्राजील की लोरेन गोम्स डी अगुइअर ने 25.40 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

वहीं महिलाओं की 100 मीटर टी-35 स्पर्धा में प्रीति पाल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 14.43 सेकेंड में कांस्य पदक जीता। चीन के झोउ जिया और गुओ कियानकियान ने क्रमश: 14.06 सेकेंड और 14.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण और रजत पदक जीता।

भारत को छठा कांस्य पदक नवदीप ने दिलाया। उन्होंने भाला फेंक एफ-41 में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।


सिमरन शर्मा।

बैडमिंटन मलेशिया मास्टर्स: फाइनल में पहुंची

## थाई खिलाड़ी को हरा सिंधू दो साल बाद खिताब के करीब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कुआलालंपुर.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने शनिवार को महिला एकल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। दो साल से कोई खिताब नहीं जीत पाने वाली 5वीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने सेमीफाइनल में थाइलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से मात दी। यह बुसनान पर उनकी 18वीं जीत थी, जबकि थाइलैंड की खिलाड़ी सिर्फ एक बार जीती है।


पीवी सिंधू।

***चीन की वांग झी यी से खिताबी भिड़ंत:*** पीवी सिंधू अब खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी से भिड़ेंगी।

आइपीएल का फाइनल आज: कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी भिड़ंत

# महामुकाबला: टॉस बन सकता है बॉस

## चेपक में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का रहेगा पलड़ा भारी

**चेन्नई @ पत्रिका.** आइपीएल-2024 के फाइनल का मंच तैयार हो चुका है। रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खिताब के लिए महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में सभी की निगाहें टॉस पर होगी, जो इस मैदान पर बॉस साबित हो सकता है, क्योंकि एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपक) में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने का रेकॉर्ड बेहतर है। कोलकाता 2014 और हैदराबाद की टीम 2016 के बाद एकबार फिर आइपीएल में चैंपियन बनने के लिए ताल ठोकने को तैयार है...

**आमने-सामने**

**27** मुकाबले कुल हैदराबाद और कोलकाता के बीच ***अब तक खेले गए***

**18** मैच *कोलकाता ने जीते*

**09** मैच *हैदराबाद ने जीते*

**दमदार रहा प्रदर्शन...**

**03** बार फाइनल में पहुंची कोलकाता, ***02 खिताब जीते*** 2012 व 2014 में

**02** फाइनल कुल अब तक हैदराबाद ने खेले, ***01 बार चैंपियन बनी 2016 में***

**चेपक में रेकॉर्ड...**

**84 आइपीएल** मैच कुल चेन्नई में खेले गए

| | |
|---|---|
| **49 मैच** पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती | **35 मैच** लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने जीते |

**इस सीजन प्रदर्शन**

**08 मैच** आइपीएल के इस सीजन चेपक में खेले गए

| | |
|---|---|
| **03 मैच** पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती | **05 मैच** लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम जीती |

**200 रन का लक्ष्य सिर्फ एक बार चेज**

चेपक में इस सत्र ***200 रन का लक्ष्य एक बार चेज हो सका,*** जब लखनऊ ने चेन्नई के खिलाफ 211 रन का लक्ष्य हासिल किया था।


**कप्तान का फाइनल फोटोशूट**
श्रेयस अय्यर, कोलकाता
पैट कमिंस, हैदराबाद

**कोलकाता**

### पलड़ा भारी क्योंकि...

**15** मैच इस सीजन खेले, **10 जीते, 03 हारे व 02 बेनतीजा रहे**

1. कोलकाता ने इस सीजन हैदराबाद से दो मैच खेले और दोनों जीते। ***पिछले चार में से तीन मैचों में शिकस्त दी है।***
2. क्वालीफायर-1 में हैदराबाद को आठ विकेट से हराया। ***टीम का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है।***
3. वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल ***तेज गति से रन बनाने में सक्षम हैं।***
4. स्पिन में वरुण व सुनील नरेन जबकि **पेस में मिचेल स्टार्क पर दारोमदार है।**

### ओस नहीं पड़ेगी, स्पिनरों को मदद

**चेन्नई** में इस समय मौसम काफी गर्म है। इस कारण रात में ओस पड़ने की संभावना भी नहीं है। एमए चिदंबरम का विकेट आमतौर पर स्पिनरों की काफी मदद करता है। खासतौर पर दूसरी पारी में विकेट धीमा हो जाता है और बल्लेबाजों के लिए बड़े शॉट खेलना भी मुश्किल हो जाता है।

**पावरफुल बल्लेबाजी**

**दोनों टीमों का एकसमान रेकॉर्ड**

| केकेआर | सनराइजर्स |
|---|---|
| **02 बार** 250 रन से ज्यादा इस सीजन ठोके, 272 रन सर्वाधिक | **02 बार** 250 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया, 287 सर्वाधिक |
| **06 बार** 200 रन से ज्यादा बनाए 15 मुकाबलों में | **06 बार** 200 रन से ज्यादा बनाए, हैदराबाद ने 16 मुकाबलों में |

**हैदराबाद**

### कर सकती है पलटवार

**16** मैच कुल खेले, ***09 जीते, 06 हारे, 01 बेनतीजा***

1. हैदराबाद ***के पास बड़े मैचों में पलटवार करने का दमखम है।***
2. हैदराबाद ने क्वालीफायर-2 में ***राजस्थान के खिलाफ 176 रन का बचाव किया। टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।***
3. ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा व हेनरिक क्लासेन के रूप में ***आक्रामक बल्लेबाज हैं।***
4. कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में नटराजन व भुवनेश्वर के रूप में टीम के पास ***दमदार पेस आक्रमण।***

मुक्केबाजी

### अभिमन्यु लौरा ने दूसरे दौर में किया प्रवेश

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय मुक्केबाज अभिमन्यु लौरा ने शनिवार को दूसरे विश्व ओलंपिक क्वालीफिकेशन में बुल्गारिया के क्रिस्टियान निकोलोवा को 3-0 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अभिमन्यु ने आक्रामक अंदाज में दमदार प्रदर्शन करते राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय मुक्केबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का बेहद अच्छा मौका है। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से 10 मुक्केबाज चुनौती पेश करने के लिए उतर रहे हैं।

तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-2: कंपाउंड टीम ने फाइनल में तुर्की को दी 236-232 से दी शिकस्त

## भारतीय महिला टीम ने दिलाया स्वर्ण पदक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**येचियोन (दक्षिण कोरिया).** ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की महिला तिकड़ी ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के कंपाउंड टीम फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विश्व नंबर-एक भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने बिना एक सेट गंवाए तुर्की के हजल बुरान, एइसे बेरा सुजेर और बेगम युवा की टीम को 232-226 से हराया और स्वर्ण पदक जीता।


स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय कंपाउंड टीम ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

***कंपाउंड मिश्रित टीम को रजत:*** ज्योति और प्रियांश की जोड़ी को कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अमरीका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी ने उन्हें 155-153 से हराया।

**आज का पोल**

क्या हैदराबाद की टीम कोलकाता के खिलाफ खिताब जीत पाएगी?

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शनिवार का जवाब

हां **89%** नहीं **11%**

***पिछला सवाल:*** क्या पीवी सिंधू इस साल अपना पहला खिताब जीतने में सफल होगीं?

एफए कप फुटबॉल: फाइनल मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की

## मैनचेस्टर सिटी की बादशाहत खत्म... मैनचेस्टर यूनाइटेड 8 साल बाद चैंपियन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शनिवार को वेम्बले में खेले गए फाइनल में गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर 13वीं बार एफए कप खिताब पर कब्जा जमाया। यह फाइनल पिछले साल की पुनरावृत्ति थी, जिसमे मैनचेस्टर सिटी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया था।

इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आठ साल का खिताबी सूखा भी खत्म कर दिया। टीम ने 2016 के बाद पहली बार एफए कप पर कब्जा जमाया है। इसके साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम ने अगले सीजन में यूरोपा लीग के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।


ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए मैनचेस्टर यूनाइडेट के खिलाड़ी।

***इन्होंने दागे गोल :*** एलेजांद्रो गार्नाचो ने 30वें मिनट में जबकि कोबी मैनू ने 39वें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-0 से आगे कर दिया। वही, सिटी की ओर से एकमात्र गोल जेरेमी ने 87वें मिनट में किया।

भारोत्तोलन : भारतीय खिलाड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

## 17 वर्षीय बेदब्रत भराली ने 73 किग्रा में कायम किया वर्चस्व

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लीमा (पेरू).** भारतीय भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने शनिवार को यहां खेले जा रहे वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में पुरुषों के 73 किग्रा भारवर्ग में दबदबा कायम रखते हुए स्वर्ण पदक जीता। 17 वर्षीय भारतीय भारोत्तोलक ने कुल 296 किग्रा वजन उठाया और पहले स्थान पर रहते हुए चैंपियन बने।

भराली ने पिछले साल 67 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था लेकिन इस बार वह ज्यादा भारवर्ग में उतरे गोल्ड जीता। इस स्पर्धा में अमरीका के रियान मैक्डोनाल्ड 284 किग्रा के साथ दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलवस्की 283 किग्रा के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



***पहले भारतीय बने :*** बेदब्रत वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 136 किग्रा के साथ स्नैच में अपना ही नेशनल रेकॉर्ड तोड़ा, जो 133 किग्रा था।

***साइराज ने जीता कांस्य:*** इसी स्पर्धा में भारत के साइराज परदेशी ने स्नैच स्पर्धा के 81 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता।

जूनियर महिला हॉकी

### भारत ने बेल्जियम को 4-2 से दी शिकस्त

**एंटवर्प @ पत्रिका.** भारतीय जूनियर महिला टीम ने यहां खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से शिकस्त दी। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच स्कोर 2-2 से बराबर रहा था। ये दोनों गोल कनिका सिवाच ने दागे।

पुरुष टेबल टेनिस

### मानव और मानुष की जोड़ी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरो @ पत्रिका.** भारत के मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे डब्ल्यूटीटी कन्टेंडर के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मेजबान ब्राजील की जोड़ी फिलिप डोटी और लुकास रोमांसकी को 11-6, 11-6 से हराया।

दिग्गज की राय : नॉर्वे के पांच बार के पूर्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने भारतीय शतरंज का भविष्य उज्जवल बताया

# कैलकुलेशन स्किल में भारत की युवा पीढ़ी से बेहतर कोई नहीं : कार्लसन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** नॉर्वे के पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन 33 वर्षीय मैग्नस कार्लसन उन शतरंज खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने भारत के 54 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के साथ और युवा भारतीय खिलाड़ियों के साथ टक्कर ली है। कार्लसन भारतीय युवा पीढ़ी से भी बेहद प्रभावित हैं।

कार्लसन का मानना है कि युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रग्गनानंद जैसे नई पीढ़ी के सितारे विश्वनाथन आनंद की विरासत को शानदार तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, युवा भारतीय खिलाड़ी ना सिर्फ प्रतिभावान बल्कि बेहद निडर और मजबूत हैं। इस कारण भारत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

**भारतीय खिलाड़ियों की कैलकुलेशन स्किल शानदार**

**कार्लसन** ने कहा, भारतीय खिलाड़ियों की कैलकुलेशन स्किल बेहद शानदार होती है, शायद उन्हें इसी तरह से ट्रेनिंग दी जाती है। सबसे पहले विश्वनाथन आनंद पर आप नजर डालें, जिनके पास खेल के बारे में अविश्वसनीय ज्ञान है। लेकिन पहली चीज जो आपने उनके बारे में नोटिस की वो कैलकुलेशन स्किल है। यही चीज भारत के युवा खिलाड़ियों में भी है। मुझे लगता है कि यह एक प्रमुख विशेषता है जो उन भारतीय खिलाड़ियों की पीढ़ियों को जोड़ती है जिनके साथ मैं खेला हूं। भारतीय युवा खिलाड़ी कैलकुलेशन में सबसे माहिर है।

**विधा में अंतर:** इन दो युवाओं की प्रशंसा करते हुए कार्लसन ने कहा, दोनों में बेहद प्रतिभा है लेकिन इनके खेलने की विधा में थोड़ा अंतर है। गुकेश का खेल कैलकुलेशन पर आधारित है। वहीं, प्रग्गनानंदा भी कैलकुलेशन करते हैं लेकिन वह काफी सहज हैं।


डी. गुकेश
आर प्रग्गनानंद
मैग्नस कार्लसन

***प्रग्गनानंदा व गुकेश से हार चुके हैं कार्लसन:*** 19 वर्षीय आर प्रग्गनानंदा ने 2022 में कार्लसन को ऑनलाइन रैपिड जबकि फरवरी 2024 में 17 वर्षीय गुकेश ने फ्रीस्टाइल चेस में कार्लसन को हराया था।

***सबसे मजबूत पीढ़ी:*** कार्लसन ने कहा, मैं पूरे भरोसे संग कह सकता हूं कि भारत की वर्तमान शतरंज पीढ़ी निश्चित रूप से सबसे मजबूत है। पूरे विश्व के मुकाबले भारत की वर्तमान युवा पीढ़ी बेहद शानदार है।

### 27 मई से नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में चमक बिखेरेंगे दिग्गज

**12** खिलाड़ी ***टूर्नामेंट में खेलेंगे, 6 पुरुष, 6 महिला***

**मैग्नस** कार्लसन 27 मई से 07 जून तक अपने घर में खेले जाने वाले नॉर्वे चेस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिसमें आर प्रग्गनानंदा सहित दुनिया के शीर्ष छह खिलाड़ी चुनौती पेश करने उतरेंगे।

***भारत के तीन खिलाड़ी:*** इस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में भारत की ओर से प्रग्गनानंदा एकमात्र चुनौती पेश करेंगे। वहीं, महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और आर वैशाली चुनौती देंगी।

## CROSSWORD 6995...



**बाएं से दाएं...** 1. स्मरण, स्मृति (2), 3. प्यास, पिपासा (3), 5. मुसलमानों का त्योहार (2), 7. वाह-वाह, साधु-साधु, खुदा नजर न लगे (5), 9. चमत्कारिक कार्य (3), 10. नदी आदि का गहरा स्थान (2), 11. पल्लू (3), 12. सामान्य, गौण (2), 13. पीड़ा, धर्मगुरु (2), 14. हुनर, कला (2), 17. अभ्यस्त, व्यसनी (2), 18. रमजान के महीने में रखे जाने वाला उपवास (2), 19. बाजार (3), 20. भाग्य में लिखा हुआ (2), 21. संदेह (2), 22. मूल्य, चौखट, द्वार (2), 24. इच्छा, मर्जी (2), 26. शर्म, लज्जा (2), 27. तोता, शुक (2), 29. दुर्ग, गढ़ (2), 31. प्रदेश का मुस्लिम शासक (3), 32. ख्वाहिश, आरजू (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. दामाद (3), 2. स्थिति, अवस्था (2), 3. खुदा (3), 4. पेंदा (2), 5. बेईमान, गद्दार (3-3), 6. गुट, गिरोह (2), 8. यमलोक, परलोक (3-3), 9. अल्प, थोड़ा (2), 11. जिम्मेदारी (5), 15. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (4), 16. कुमार्गी, दुष्ट (2-2), 23. प्रतिद्वंद्वी (3), 25. इमाम हुसैन की शहादत का हाल बयान करने वाला व्यक्ति (3), 27. विमान (2), 30. तिब्बती बौद्ध भिक्षु (2)

**हल 6994**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | मा | न | ज | न | क | ■ | प |
| स | ह | न | शी | ल | ■ | सू | र | त |
| ह | ल | ■ | ला | ■ | रा | र | ही | न |
| म | ■ | न्या | ■ | स | ■ | वा | म | ■ |
| त | न | य | ■ | म | जा | र | ■ | पा |
| ■ | ■ | सं | गा | य | न | ■ | ह | रि |
| अ | ज | ग | र | ■ | का | ■ | र | वा |
| ग | ल | त | ■ | स | र | स | ■ | रि |
| ला | ना | ■ | ना | गा | ■ | जा | त | क |

## SUDOKU 6730...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 4 | | 7 | |
| 8 | | | | | 2 | 4 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 9 |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | | | | 6 | | | |
| 4 | | | | 7 | | 9 | 6 | |
| | | 5 | 6 | | | | 8 | 7 |
| | 7 | | | 4 | | | | |
| 9 | | | | 8 | | 2 | | |

**हल 6729**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 8 | 1 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**इस सप्ताह विशेष**

**सोमवार**
**फ्रेंच ओपन का पहला दौर**
14 बार के पूर्व चैंपियन राफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में जर्मन खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे।



**गुरुवार**
**यूएई के राष्ट्रपति जाएंगे चीन**
संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान चीन की राजकीय यात्रा पर जाएंगे।



**शुक्रवार**
कर्नाटक के मंगलूरु में ससिहित्लु समुद्र तट पर इंडियन ओपन सर्फिंग का तीन दिवसीय 5वां सीजन होगा शुरू।

**शनिवार**
**लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण**
लोकसभा चुनाव का सातवां और अंतिम चरण। आठ राज्यों की 57 सीटों के लिए होगा मतदान।



**रविवार**
टी20 वर्ल्ड कप शुरू, भारतीय समयानुसार 2 जून को पहला मैच अमरीका व कनाडा में।

**पत्रिका पोल**

Q क्या सड़कों पर राह तलाशने के लिए गूगल मैप भरोसेमंद है ?

कल का सवाल था
क्या निजी-सरकारी विभागों में ड्यूटी के दौरान रील-वीडियो बनाना अभिव्यक्ति की आजादी है?
जवाब
30% हां 70% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया@ शॉर्ट रीड

### तमिलनाडु देश विरोधी गतिविधियों में छह गिरफ्तार
**चेन्नई @पत्रिका.** तमिलनाडु पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में अंतरराष्ट्रीय संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दते हुए बताया कि इन लोगों को चुनाव और लोकतंत्र के खिलाफ प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया है। यह बांग्लादेश और ब्रिटेन सहित कई देशों में एक प्रतिबंधित संगठन है।

### कर्नाटक पुलिस हिरासत में मौत, थाने पर हमला
**बेंगलूरु @पत्रिका.** कर्नाटक के चन्नागिरी में कथित तौर पर शख्स की पुलिस हिरासत में मौत के बाद भीड़ ने थाने पर पथराव कर दिया। जिसमें 11 पुलिसकर्मी घायल हो गए, पांच पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव है। घटना शुक्रवार देर रात आदिल (30) की कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत के बाद हुई। पुलिस ने आदिल को अवैध सट्टेबाजी के आरोप में हिरासत में लिया था।

### कश्मीर महिला तस्कर पर नार्को एक्ट के तहत केस
**श्रीनगर @पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल एक कुख्यात महिला तस्कर के खिलाफ नार्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि महिला तस्कर की पहचान दीवानबाग बारामूला निवासी मुस्कान बेगम के रूप में की गई है। वह बारामूला और नजदीकी इलाकों में युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करने में सक्रिय थी।

### तेलंगाना ऑस्ट्रेलिया में मृत मिला आइटी पेशेवर
**हैदराबाद@पत्रिका.** तेलंगाना के शादनगर शहर निवासी 30 वर्षीय आइटी पेशेवर अरविंद (30) का शव आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में समुद्र से बरामद किया गया है। न्यू साउथ वेल्स में रह रहा अरविंद कार को गैराज ले जाने के लिए निकला था और फिर लापता हो गया। पीड़ित के परिजनों ने यह जानकारी दी। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है।

### मध्यप्रदेश नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत
**आगरमालवा @पत्रिका.** मध्यप्रदेश के चाल्दा गांव की लखुंदर नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के बाद लोग लखुंदर नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान बच्चे डूब गए। एसडीईआरएफ की टीम ने मोनू (7) और पंकज (7) के शव रात को नदी से निकाले जबकि एक बालिका मुस्कान (8) का शव शनिवार सुबह नदी से निकाला गया।

## वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

### बोलीविया नदी की धारा में फंसी पिंक डॉल्फिन, बचाया



**विला ट्यूनारी.** बोलीविया के विला ट्यूनारी के बाहरी इलाके में रेस्क्यू की गई एक पिंक डॉल्फिन को इसिबोरो नदी में छोड़ते हुए जीवविज्ञानी और पर्यावरण कार्यकर्ता। एक मादा डॉल्फिन और उसकी सात महीने के बच्चा नदी के संकरे हिस्से में करीब एक महीने से फंसे हुए थे।

### बांग्लादेश रोहिंग्या बस्ती में आग, सैकड़ों झुग्गियां जलीं
**ढाका @पत्रिका.** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर में भीषण आग लगने से सैकड़ों झुग्गियां जलकर खाक हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए। लगभग 230 झुग्गियां और 100 अन्य सुविधाएं खाक हो गईं। करीब 10 लोगों के घायल होने की खबर है। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। म्यांमार से विस्थापित 10 लाख से अधिक रोहिंग्या यहां रहते हैं।

### पाकिस्तान ईसाइयों पर हमला, बुजुर्ग की हत्या
**सरगोधा @पत्रिका.** पाकिस्तान के पंजाब में सरगोधा की मुजाहिद कॉलोनी में भीड़ ने कथित कुरान के अपमान के आरोप में ईसाइयों पर हमला कर दिया। यह घटना लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में हुई। बताया जा रहा है कि एक मौलवी के उकसावे पर ईसाई समुदाय के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान एक 70 साल के बुजुर्ग ईसाई की पीट-पीटकर हत्या करने की बात भी सामने आई है। घटना में कई ईसाई घायल भी हुए हैं।

### लिथुआनिया बनाएंगे सीमाओं पर 'ड्रोन दीवार'
**विनियस @पत्रिका.** लिथुआनिया ने कहा है कि बाल्टिक राज्य और रूस के पड़ोसी पांच अन्य नाटो सदस्य अपनी सीमाओं को 'उकसावे' से बचाने के लिए 'ड्रोन दीवार' बनाने पर सहमत हुए हैं। यूक्रेन में रूस के युद्ध के बीच सुरक्षा चिंताओं के कारण मानव रहित हवाई वाहनों के उपयोग की योजना पर सहमति बनी। लिथुआनिया के गृहमंत्री एग्ने बिलोटाइट ने साथी बाल्टिक राज्यों एस्टोनिया और लातविया के साथ-साथ फिनलैंड, नॉर्वे व पोलैंड के नेताओं से वार्ता के बाद यह घोषणा की।

### रूस तूफान से गिरी स्कूल की छत, 12 बच्चे घायल
**मॉस्को @पत्रिका.** रूस के क्रास्नोडार शहर में शनिवार को तेज तूफान के कारण स्कूल की छत गिरने से लगभग 12 बच्चे घायल हो गए। क्रास्नोडार मेजर एवगेनी नॉमोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह उलित्सा रायलेयेवा में स्थित एक स्कूल में प्रार्थना शुरू होने से पहले ही यहां स्कूल की छत का एक हिस्सा तेज तूफान के कारण टूटकर गिर गया। घटना में 12 बच्चे घायल हो गए।

### फ्रांस हड़ताल, पेरिस एयरपोर्ट पर 70 फीसदी उड़ानें रद्द
**पेरिस @पत्रिका.** फ्रांसीसी नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की हड़ताल के कारण शनिवार और रविवार को पेरिस ओरली हवाई अड्डे पर 70% उड़ानें रद्द करने का आदेश दिया है। कर्मचारी बढ़ाने की मांग को लेकर यह हड़ताल तब हुई है जब फ्रांस का दूसरा सबसे व्यस्त हवाई अड्डा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बड़े पैमाने पर लोगों की आमद की तैयारी कर रहा है।

## बर्फबारी: रोहतांग दर्रे में उमड़े सैलानी, लगा जाम



**मनाली.** हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रे पर वाहन ट्रैफिक जाम में फंस गए। शनिवार को बड़ी संख्या में सैलानी बर्फ के दीदार के लिए रोहतांग दर्रे पहुंचे, जिनमें से कई जाम में फंस गए।

## तैयारी : जगन्नाथ रथयात्रा के रथ हो रहे तैयार



**पुरी.** ओडिशा में भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा उत्सव के लिए देवताओं के रथ बनाना शुरू हो चुका है। रथ के पहियों को ले जाते हुए कार्यकर्ता। रथ यात्रा उत्सव के लिए इस बार 25 लाख भक्तों के आने का अनुमान है।

### डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट: गैरसेहतमंद आदतों से बढ़ रहा मोटापा और खतरनाक रोग

# सब्जी-फल खाने में किशोरों की रुचि नहीं, मीठे का शौक बढ़ा रहा चिंता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जिनेवा.** किशोरों में खाने और आचरण की आदतें चिंताजनक रूप से बिगड़ रहीहैं। 44 यूरोपीय और मध्यएशियाई देशों पर किए अध्ययन में डब्ल्यूएचओ ने पाया कि 15 वर्ष के आधे से ज्यादा किशोर फल और सब्जियां रोज नहीं खा रहे। 'स्कूली उम्र के बच्चों में सेहतमंद आदतें' अध्ययन के अनुसार बच्चों में एक तरफ हरी सब्जियां खाने का चलन कम हुआ है दूसरी तरफ उनमें शुगरी फूड (मीठे पेय और खाद्य पदार्थ) खाने का चाव बढ़ा है। साथ ही किशोरों में रोजाना शारीरिक सक्रियता वाली गतिविधियां (एमवीपीए) भी काफी कम हुई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ 25% लड़के और 15 फीसदी लड़कियां ही 60 मिनट तक शारीरिक सक्रियता वाली गतिविधियों में रोजाना शामिल हुए। सिर्फ 60% किशोर ही डब्ल्यूएचओ मानकों के अनुसार सप्ताह में कम से कम तीन बार कठिन शारीरिक गतिविधियों (वीपीए) में शामिल हुए। हर चौथा किशोर बेहद कम शारीरिक रूप से सक्रिय पाया गया, जिसने सप्ताह में या तो कोई सामान्य शारीरिक गतिविधि नहीं की या अधिकतम दो दिन ही ऐसी गतिविधियों में शामिल हुआ। ऐसा कोविड के बाद विशेष रूप से बढ़ा है।




**भारत:34% बच्चों में 'बैड कैलोस्ट्रोल' का उच्च स्तर**

**हाल** में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने कहा था कि भारत में 5-9 साल की उम्र के 34% बच्चे हाई ट्राइग्लिसराइड्स (खराब कैलोस्ट्रोल की अधिकता) से पीड़ित हैं। इससे नसों की जकड़न बढ़ती है। संस्थान के अनुसार, एक संतुलित आहार में अनाज और बाजरा से 45 फीसदी कैलोरी ऊर्जा मिलनी चाहिए। दालों, बीन्स और मांस से 15 फीसदी ज्यादा कैलोरी नहीं मिलनी चाहिए। शेष कैलोरी नट्स, सब्जियों, फलों और दूध से आनी चाहिए।

### रोज खा रहे मिठाई
किशोरों में भले हरी सब्जियां खाने का चलन कम हुआ हो पर 25 प्रतिशत किशोर प्रतिदिन मिठाई या चॉकलेट खा रहे। यह दर लड़कों (23%) की तुलना में लड़कियों (28%) में अधिक है। इसमें 2018 की तुलना में बढ़ोतरी है। 11 साल की लड़कियों के लिए मिठाई सेवन 23% से बढ़कर 27% और 15 साल की लड़कियों के लिए 26% से बढ़कर 28 हो गया है। इसका इसर मोटापे में बढ़ोतरी के रूप में देखा जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार विचाराधीन देशों में मोटे बच्चों और किशोरों की संख्या 1990 में 3.1 करोड़ से बढ़कर 2022 में 16 करोड़ हो गई।

### हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर का बढ़ता जोखिम
**रिपोर्ट** में कहा गया है मोटापा और कम शारीरिक सक्रियता किशोरों में अनेक प्रकार के गैर-संचारी रोगों का जोखिम पैदा करती है, जिनमें हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर जैसे जानलेवा रोग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्वास्थ्य संबंधी यह समस्याएं गरीब परिवारों के किशोरों को ज्यादा चपेट में ले रही हैं, क्योंकि ये तमाम किस्म के अभावों के दुष्चक्र का शिकार हो रहे हैं।

### संशोधन से भारतीयों को फायदा
# कनाडा: अब पहली पीढ़ी के नागरिकों के बच्चों को मिलेगी वंशानुगत नागरिकता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**ओटावा.** कनाडा सरकार नागरिकता से जुड़े कानून में अहम बदलाव करने जा रही है। इमिग्रेशन मिनिस्टर मार्क मिलर ने गुरुवार को पेश इस कानून के बारे में जानकारी दी है। बिल सी-71, सिटिजनशिप एक्ट 2024 नाम से चर्चित इस बिल में उन लोगों को कनाडा की नागरिकता दी जाएगी जो पहली पीढ़ी में कनाडाई नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के यहां कनाडा से बाहर पैदा हुए थे। दावा किया जा रहा है कि इस बिल के जरिए कनाडा अपने खो चुके कनाडाई लोगों को नागरिकता देगा। अभी तक कनाडा में पहली पीढ़ी के कनाडाई लोगों की विदेश में पैदा हुई संतानों को यह अधिकार नहीं था।

***प्रवासियों ने किया स्वागत :*** इस कानून का भारत समेत कई देशों के प्रवासियों ने स्वागत किया है। इसके पूर्व नागरिकता अधिनियम में 2009 में संशोधन किया गया था ताकि वंश के आधार पर नागरिकता में 'पहली पीढ़ी की सीमा' जोड़ी जा सके। इसका मतलब है कि कनाडाई माता-पिता के कनाडा के बाहर पैदा हुए बच्चे को नागरिकता तभी मिलती है, जब उसके माता-पिता कनाडा में पैदा हुए हों।

### ऐसे समझें कानून में बदलाव
**इमिग्रेशन** अटॉर्नी पवन ढिल्लो ने कानून को समझाते हुए कहा है कि अगर ए का जन्म भारत में हुआ। बाद में वह कनाडा गया और वहां की नागरिकता हासिल कर ली। ए ने भारत लौटने पर एक बच्चे बी को जन्म दिया। बी की मां भी कनाडा की नागरिक है लेकिन कनाडाई सरकार पहली पीढ़ी की सीमा नियम के तहत इस बच्चे को नागरिकता नहीं दे सकती थी। यानी पहली पीढ़ी जो विदेश में पैदा हुई थी, उसे विदेश में पैदा हुई दूसरी पीढ़ी को वंश के आधार पर नागरिकता देने का अधिकार नहीं था।

### विज्ञान: अमरीकी राजदूत ने किया इसरो का दौरा
# अमरीका ने दिया क्वाड उपग्रह का प्रस्ताव, भारत से की चर्चा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** भारत में अमरीका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने भारत, अमरीका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को मजबूत करते हुए एक क्वाड उपग्रह का प्रस्ताव रखा है। गार्सेटी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया और अध्यक्ष एस. सोमनाथ के साथ कई मुद्दों पर बात की।

इस दौरान भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण में नासा की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। गार्सेटी ने कहा कि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह (निसार) उपग्रह की लांचिंग से लेकर मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) और वाणिज्यिक अंतरिक्ष मिशनों को बढ़ावा देने तक भारत-अमरीका की अंतरिक्ष प्रतिबद्धता मजबूत है।



**एरिक गार्सेटी,** अमरीका के राजदूत

### भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को देंगे ट्रेनिंग
**उधर,** गार्सेटी ने बेंगलूर के एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि नासा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देगा। उन्होंने कहा कि हम जल्द सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एनआइएसएआर उपग्रह लॉन्च करेंगे। गार्सेटी ने यह बात 'अमरीका व भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत' विषय वाले एक कार्यक्रम में कही।

### महाराष्ट्र
## जज की डीपी लगा दूसरे जज से ठगे 50000 रुपए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. साइबर अपराध के एक मामले में अपराधियों ने वाट्सऐप पर बॉम्बे हाईकोर्ट के एक जज की फोटो की डीपी लगा कर सोलापुर के जिला जज से 50000 रुपए ठग लिए। मुंबई पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार जिला जज से एक वाट्सऐप संदेश से 50000 रुपए मांगे गए। डीपी पर हाईकोर्ट जज की फोटो लगी होने से जिला जज ने बिना सत्यापन किए रुपए भेज दिए। बाद में और रुपए मांगने पर जिला जज को शक हुआ। उन्होंने हाईकोर्ट रजिस्ट्री को जानकारी दी, पता चला कि जज ने कोई मांग नहीं की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हांगकांग : पार्क में दिखे कई छोटे-बड़े डोरेमोन



**हांगकांग** के एक पार्क में एक एग्जीबिशन के दौरान एक लोकप्रिय जापानी कार्टून चरित्र के मॉडल की तस्वीरें लेते हुए लोग। डोरेमोन नामक बिल्ली का कार्टून कैरेक्टर कई दशकों से एशिया में पॉप कल्चर का हिस्सा रहा है।

**TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज**



### ट्रंप की बयानबाजी से जान को खतरा
सीक्रेट दस्तावेज वाइट हाउस से बाहर जाने के मामले में जांचकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बयानबाजी पर रोक की मांग करते हुए उनसे कानून प्रवर्तन एजेंटों को खतरा बताया है। ट्रंप ने कहा था कि तलाशी के दौरान एफबीआइ एजेंट गोली मारने के लिए अधिकृत थे।



### जून में चीन जाएंगे पाक पीएम शरीफ
**पाक** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले माह चीन दौरे पर जाएंगे, जहां वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के दूसरे चरण का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। दूसरे चरण में पाक रेलवे की मेन लाइन-1 और काराकोरम राजमार्ग केंद्र में होंगे।



### इमरान ने फैलाई घृणा: मरियम
**पाक के सूबे** पंजाब में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेताओं के खिलाफ राज्य के खिलाफ घृणा फैलाने के लिए कानूनी कार्रवाई को मंजूरी दे दी गई है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

# उड़ान भरने को तैयार दुनिया का पहला पंखों वाला स्पेस प्लेन 'ड्रीम चेसर'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो जल्द ही अमरीका के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के वल्कन रॉकेट पर सवार होकर दुनिया का पहला पंखों वाला कमर्शियल अंतरिक्ष विमान अंतरिक्ष के लिए अपनी पहली उड़ान भरेगा। सिएरा स्पेस कंपनी के इस विमान को 'टेनासिटी' ड्रीम चेसर नाम दिया गया है। अपने नाम को चरितार्थ करते हुए यह विमान अंतरिक्ष में उड़ान भर सकता है और पारंपरिक हवाई जहाज की तरह रनवे पर लैंडिंग कर सकता है। अभी इसका इस्तेमाल कार्गो ले जाने के लिए होगा।



### सही मायने में कमर्शियल स्पेस प्लेन
**यह** सही मायने में एक वाणिज्यिक विमान है, यानी ऐसा विमान जिसका उपयोग अंतरिक्ष पर्यटन और महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों के लिए किया जा सकता है। फिलहाल, यह पर्यटकों को अंतरिक्ष में नहीं ले जाएगा। सिएरा स्पेस, नासा के साथ संयुक्त अभियान में इस विमान का उपयोग इंटरनेशनल स्पेस सेंटर (आइएसएस) तक सामान पहुंचाने में करेगी। यह 7,800 पाउंड भोजन, पानी और आपूर्ति पहुंचाएगा। वहीं, विमान करीब 45 दिनों तक आइएसएस पर रहेगा।

***सात बार भर सकेगा उड़ान:*** यह विमान अभी अपने शुरुआती दौर में है और ऐसे में इसे अपनी उपयोगिता साबित करने की जरूरत है। चूंकि यह एक पुन: प्रयोज्य विमान है, इसलिए अंतरिक्ष एजेंसी आइएसएस की कम से कम सात यात्राओं के लिए इसका उपयोग करेगी। उपयोग से पहले नासा ने इसका परीक्षण किया है, जिसमें गर्म और ठंडे तापमान, हवा के दबाव और कंपन परीक्षण आदि से इसकी जांच की गई।

### दो साल में हुआ तैयार, कुछ सिमुलेशन बाकी
**सिएरा** स्पेस ने पहली बार 2022 में इस अंतरिक्ष विमान का खाका पेश किया था। अब कंपनी नासा के साथ अपने अनुबंध को पूरा करने के लिए तैयार है। विमान फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में तैयार बैठा है। कुछ और टेस्ट व सिमुलेशन के बाद यह उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाएगा।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''